RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 347
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 26 अक्टूबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




उम्मीद है आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में इजराइल जीतेगा

राष्ट्रीय-11

# गाजा में गहराता जा रहा संकट, इजराइली हमले बढ़े

## इजराइल ने हमास को तबाह करने का संकल्प दोहराया, गाजा में संघर्ष-विराम के आह्वान को खारिज किया, जान-माल का भारी नुकसान

**एजेंसी।** रफह

**फलस्तीनी** शरणार्थियों से संबंधित संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी ने बुधवार को चेतावनी दी कि गाजा पट्टी में ईंधन की तत्काल आपूर्ति नहीं होने से उसे गाजा पट्टी में राहत अभियानों में तेजी से कटौती करनी होगी। दो हफ्ते पहले हमास चरमपंथियों द्वारा इजराइल पर हवाई हमले के बाद से इजराइल ने गाजा पट्टी की नाकाबंदी कर रखी है और उस पर हवाई हमले कर रहा है।

वहीं इजराइल ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र की एक उच्च स्तरीय बैठक में हमास को तबाह करने का संकल्प दोहराया और संयुक्त राष्ट्र प्रमुख, फलस्तीनियों तथा कई देशों के संघर्ष-विराम के आह्वान को नकार दिया। उसने कहा कि गाजा में युद्ध न सिर्फ उसका, बल्कि स्वतंत्र दुनिया का युद्ध है। इजराइल के विदेश मंत्री एली कोहेन ने सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के अप्रत्याशित हमले के बाद देश से जवाबी कार्रवाई में संयम बरतने की अपील को खारिज कर दिया। इस बीच, भारत में इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन ने बुधवार को कहा कि भारत के लिए समय आ गया है कि वह अन्य कई देशों की तरह हमास को आतंकवादी

### ● गाजा पट्टी में ईंधन की कमी के चलते प्रभावित हो रहे राहत कार्य, संयुक्त राष्ट्र ने जताई चिंता

संगठन घोषित करे। इजराइली राजदूत ने पत्रकारों से बात करते हुए हमास के खिलाफ आतंकवाद-रोधी अभियानों में इजराइल का 100 प्रतिशत समर्थन करने के लिए भारत के प्रति आभार भी प्रकट किया। गिलोन ने कहा कि इजराइल ने सात अक्टूबर को हुए बर्बर हमले के बाद संबंधित भारतीय प्राधिकारियों से हमास को आतंकवादी संगठन घोषित करने का आग्रह किया है। इसके साथ ही, उन्होंने संकेत दिया कि इस मामले को पहले भी उठाया जा चुका है। गिलोन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन शुरुआती वैश्विक नेताओं में से एक हैं, जिन्होंने आतंकवादी हमले की निंदा की। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी की यह चेतावनी तब सामने आई है जबकि गाजा के अस्पताल संसाधनों की कमी के चलते, घायलों के इलाज के लिए संघर्ष कर रहे हैं और हमास शासित इस क्षेत्र में स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि इजराइल ने बीती रात भी



इजराइली युद्धक विमानों की लगातार बमबारी से मलबे में तब्दील हुए गाजा पट्टी में सैकड़ों मकान

हवाई हमले किए, जिनसे मरने वालों की संख्या बढ़ रही है। इजराइली सेना ने कहा कि उसके हमलों में उग्रवादी मारे गए और सुरंगों, कमांड सेंटरों, हथियार भंडारगृहों और अन्य सैन्य ठिकानों को नष्ट किया गया है। उसने हमास पर गाजा की नागरिक आबादी के बीच छिपने का आरोप लगाया है। युद्ध की शुरुआत से गाजा में रह रहे उग्रवादी इजराइल पर लगातार राकेट हमले कर रहे हैं।

हमास द्वारा संचालित गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि हवाई हमलों में सोमवार और मंगलवार को कम से कम 704 लोगों की मौत हुई जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं। एपी स्वतंत्र तौर पर हमास द्वारा बताए गए मौत के आंकड़ों की पुष्टि नहीं करता। फलस्तीनी शरणार्थियों से संबंधित संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी गाजा में मानवीय मदद मुहैया करा रही है। एजेंसी ने कहा है कि बुधवार रात तक ईंधन खत्म हो जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि वे बहुत कम ईंधन में काम चला रहे हैं और अगर ऐसा ही रहा तो उन्हें कामकाज में कटौती करनी पड़ सकती है। एजेंसी की प्रवक्ता लिली एस्पोटियो ने कहा, ईंधन के बिना हमारे ट्रक वितरण के लिए गाजा पट्टी में अन्य स्थानों पर नहीं जा सकते। हमें निर्णय लेना होगा कि हम कम ईंधन पर अपनी गतिविधियां जारी रखें या नहीं। इस बीच, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि गाजा की आधे से अधिक प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं और लगभग एक तिहाई अस्पतालों में काम बंद हो गया है। घायलों के इलाज में जुटे अस्पताल कर्मी मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि बुनियादी चिकित्सा संसाधन नहीं होने के कारण कई घायलों को जमीन पर लिटाकर इलाज किया जा रहा है। इसके अलावा गंभीर मामलों की भरमार के चलते मरीजों को सर्जरी के लिए कई दिन इंतजार करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि इजराइल के हमलों में 5,700 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें लगभग 2,300 नाबालिग हैं।

इजराइली सरकार के अनुसार हमास के हमले में इजराइल में 1,400 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। वहीं गाजा से मिली खबरों के मुताबिक इजराइल ने गाजा पट्टी पर मंगलवार को हवाई हमले तेज कर दिए, जिसके कारण ढही आवासीय इमारतों के मलबे में कई परिवार दब गए। इससे पहले, स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि बीते दिन बड़ी संख्या में फलस्तीनी मारे गए और बमबारी के कारण हुए नुकसान और बिजली आपूर्ति बाधित हो जाने के कारण चिकित्सकीय सेवाएं ठप रहीं। हमास संचालित गृह मंत्रालय ने बताया कि गाजा में इजराइली हवाई हमले रात भर जारी रहे। दशकों से जारी इजराइली-फलस्तीनी संघर्ष में बमबारी से मरने वालों की बढ़ती संख्या अप्रत्याशित है और जब इजराइली बल हमास उग्रवादियों का खात्मा करने के लिए टैंक और तोपों के साथ संभावित जमीनी हमले करेंगे, तो गाजा में जान-माल का और भारी नुकसान होने की आशंका है। हमास द्वारा दक्षिणी इजराइल के शहरों में सात अक्टूबर को विनाशकारी हमला किए जाने के बाद से इजराइल ने गाजा की घेराबंदी कर दी है, जिसके कारण 23 लाख लोग भोजन, पानी और दवाइयों की कमी से जूझ रहे हैं। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इजराइली हवाई हमलों के कारण मंगलवार को कम से कम 704 लोगों की मौत हो गई, जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं। द एसोसिएटेड प्रेस (एपी) हमास द्वारा बताई इस संख्या की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं कर सका। हमास का कहना है कि वह अस्पतालों के निदेशकों की ओर से मिली हताहतों की संख्या का मिलान करता है। वाशिंगटन में, अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने संवाददाताओं से कहा कि अमेरिका भी एक दिन में हुई मौत की इस संख्या की पुष्टि नहीं कर सका। इजराइल ने (शेष पेज 9)

# संरा में पाक ने किया कश्मीर का उल्लेख, भारत नहीं देगा तवज्जो

### ● पश्चिम एशिया की स्थिति पर सुरक्षा परिषद की बैठक में संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के दूत मुनीर अकरम ने किया था कश्मीर का उल्लेख

**एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र

**भारत** ने कहा है कि वह इजराइल-गाजा स्थिति पर सुरक्षा परिषद में संपन्न बैठक के दौरान पाकिस्तान द्वारा कश्मीर का जिक्र किए जाने को कोई महत्व नहीं देगा और न ही इसका कोई जवाब देगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप स्थाई प्रतिनिधि आर रवींद्र ने मंगलवार को यह बयान दिया।

पश्चिम एशिया की स्थिति पर सुरक्षा परिषद की बैठक में संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के दूत मुनीर अकरम ने कश्मीर का जिक्र किया




संरा भारत के उप स्थाई प्रतिनिधि आर रवींद्र

था। रवींद्र ने कहा, एक प्रतिनिधि ने आदतन उन केंद्रशासित प्रदेशों का जिक्र किया जो हमारे देश का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा हैं।

उन्होंने कहा कि मैं इन टिप्पणियों को उतनी ही तवज्जो दूंगा, जितनी उन्हें दी जानी चाहिए और समय को ध्यान में रखते हुए इसका जवाब नहीं दूंगा। इससे पहले, अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा कि सभी तरह के आतंकवादी कृत्य गैर-कानूनी और अनुचित हैं, चाहे उन्हें लश्कर-ए-तैयबा ने मुंबई में लोगों को निशाना बनाकर अंजाम दिया हो या हमास ने किबुत्ज बेरी में लोगों को निशाना बनाया हो। ब्लिंकन ने कहा कि हमें अपनी रक्षा करने और ऐसी भयावहता की पुनरावृत्ति रोकने के किसी भी राष्ट्र के अधिकार की पुष्टि करनी चाहिए। इस परिषद का कोई भी सदस्य, इस संपूर्ण निकाय का कोई भी राष्ट्र अपने लोगों की हत्या बर्दाश्त नहीं कर सकता और न ही करेगा। उन्होंने कहा कि जैसा कि इस परिषद और संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बार-बार कहा है कि आतंकवाद के सभी कृत्य गैरकानूनी और अनुचित हैं। ए गैरकानूनी और अनुचित हैं, फिर चाहे नैरोबी में लोगों को निशाना बनाया गया हो या बाली में... ये हमले इस्तांबुल में हुए हों या मुंबई में, न्यूयॉर्क में हुए हों या किबुत्ज बेरी में। उन्होंने कहा, ये गैरकानूनी और अनुचित हैं, चाहे उन्हें आईएसआईएस ने अंजाम दिया हो या बोको हराम, अल शबाब, लश्कर-ए-तैयबा या हमास ने अंजाम दिया हो। ऐसा प्रतीत होता है कि ब्लिंकन ने अपनी टिप्पणी में पाकिस्तान से आतंकवादी गतिविधियों को (शेष पेज 9)

# राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को

### ● समारोह में शामिल होंगे प्रधानमंत्री मोदी

### ● बोले, इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनना मेरा सौभाग्य

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**श्री** राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए निमंत्रित किया। समारोह 22 जनवरी को होगा। मोदी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा कि वह खुद को धन्य महसूस कर रहे हैं और यह उनका सौभाग्य है कि वह अपने जीवनकाल में, इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बनेंगे। प्रधानमंत्री ने उन्हें मिले निमंत्रण के बारे में पोस्ट में लिखा, जय सियाराम, आज का दिन बहुत भावनाओं से भरा हुआ है। उन्होंने न्यास के पदाधिकारियों की एक तस्वीर भी पोस्ट की जिसमें वह (पदाधिकारी) उन्हें निमंत्रण पत्र देते नजर आ रहा हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निमंत्रण देते श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के पदाधिकारी।

न्यास की देखरेख में उस स्थान पर मंदिर का निर्माण हो रहा है जहां भक्तों का मानना है कि भगवान राम का जन्म हुआ था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को कहा था कि 22 जनवरी को अयोध्या मंदिर में भगवान राम की मूर्ति स्थापित की जाएगी, और लोगों से इस अवसर का जश्न मनाने के लिए देश भर के मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित करने को कहा। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट के चंपक राय ने बताया कि जनवरी में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा में पीएम नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। पीएम के अलावा देशभर से प्रमुख साधु-संत और जानी-मानी हस्तियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। विभिन्न राजनीतिक दलों के अतिथियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। ट्रस्ट ने समारोह के लिए 136 सनातन परंपराओं के 25,000 से अधिक हिंदू धार्मिक नेताओं को आमंत्रित करने की योजना बनाई है। राय ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम गैर राजनीतिक रखने की कोशिश रहेगी कार्यक्रम में कोई मंच नहीं होगा, न ही कोई सार्वजनिक मीटिंग होगी।

रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने का महोत्सव पूरे देश में मनाया जाएगा। इसके लिए ट्रस्ट राम भक्तों से अपील कर देश के हर मठ मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन के लिए कहेगा। रामलला के मंदिर में छत का काम भी लगभग 90 फीसदी से ज्यादा पूरा हो चुका है। इसके बाद अब भूतल के खंभों पर देव विग्रहों के उकेरने सहित फर्श का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माणाधीन मंदिर में फाइनल टच दिया जा रहा है। जल्द दरवाजे और खिड़की लगने शुरू हो जाएंगे। बता दें कि पीएम मोदी ने 5 अगस्त 2020 को राम मंदिर का भूमि पूजन किया था। वहीं चंपतराय ने एक्स पर लिखा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के परम पूजनीय सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी प्राण प्रतिष्ठा पर प्रधानमंत्री जी के साथ उपस्थित रहेंगे।



### विश्व कप क्रिकेट

- **परिणाम:** ऑस्ट्रेलिया ने नीदरलैंड को 309 रन से हराया
- **आज:** इग्लैंड और श्रीलंका में मुकाबला

## क्विक न्यूज

### भारत आज कनाडा में कुछ श्रेणी की वीजा सेवाएं फिर शुरू करेगा

**टोरंटो।** भारत ने बुधवार को कहा कि वह बृहस्पतिवार से कनाडा मे कुछ श्रेणी की वीजा सेवाएं फिर शुरू करेगा। यह कदम एक सिख अलगाववादी की हत्या पर राजनयिक विवाद के बीच वीजा सेवाएं निलंबित किए जाने के एक महीने से अधिक समय बाद उठाया जा रहा है। ओटावा में भारतीय उच्चायोग ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट की गई एक प्रेस विज्ञप्ति मे कहा, इस संबंध मे कनाडा के कुछ हालिया उपायों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के बाद, 26 अक्टूबर से प्रवेश वीजा, बिजनेस वीजा, मेडिकल वीजा, और कॉन्फ्रेंस वीजा श्रेणियों के लिए वीजा सेवाओं को फिर शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

# एनसीईआरटी की किताबों में इंडिया को भारत लिखने की सिफारिश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**एनसीईआरटी** पाठ्य पुस्तकों के एक उच्च स्तरीय पैनल की रिपोर्टों पर दिन भर विवाद छिड़ा रहा, जिसमें सुझाव दिया गया था कि सभी कक्षाओं के लिए संपूर्ण स्कूली पाठ्यपुस्तकों में 'इंडिया' को 'भारत' से बदल दिया जाना चाहिए। जहां सामाजिक विज्ञान समिति के अध्यक्ष सी आई आइजाक ने कहा कि पैनल ने पाठ्यपुस्तकों में 'इंडिया' नाम को 'भारत' से बदलने का सुझाव दिया है, वहीं एनसीईआरटी के अध्यक्ष दिनेश सकलानी ने स्पष्ट किया कि पैनल की सिफारिशों पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

समिति ने पाठ्यपुस्तकों में विभिन्न लड़ाइयों में 'हिंदू जीत' को उजागर करने की भी सिफारिश की है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के स्वायत्त निकाय एनसीईआरटी ने एक बयान में कहा कि एनसीईआरटी का कहना है कि चूंकि नए पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों का विकास प्रक्रिया में

### ● समिति ने विभिन्न लड़ाइयों में हिंदुओं की जीत को भी उजागर करने का सुझाव दिया

### ● हालांकि एनसीईआरटी के अध्यक्ष ने कहा, पैनल की सिफारिशों पर अभी तक कोई निर्णय नहीं

है और उस उद्देश्य के लिए डोमेन विशेषज्ञों के विभिन्न पाठ्यचर्या क्षेत्र समूहों को एनसीईआरटी द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है। इसलिए, टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। स्कूल पाठ्यक्रम को संशोधित करने के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा इस पैनल का गठन किया गया था। पैनल की सिफ़ारिश ने विपक्षी दलों विशेष रूप से इंडिया गठबंधन की आलोचना को




एनसीईआईटी मुख्यालय की फाइल फोटो

आमंत्रित किया, जिसने कहा कि सिफ़ारिशें राजनीतिक डर से की जा रही हैं और सवाल किया कि क्या आरबीआई, आईएएस, आईएफएस जैसी सेवाओं को भारत से बदल दिया जाएगा। आइजाक ने दिन की शुरुआत में अपनी ओर से सूचित किया कि एक सर्वसम्मत सिफारिश प्रस्तुत की गई है कि सभी कक्षाओं के छात्रों के लिए पाठ्यपुस्तकों में 'भारत' नाम का उपयोग किया जाना चाहिए। पैनल ने अन्य बातों के अलावा पाठ्यक्रम में 'प्राचीन इतिहास' के बजाय 'शास्त्रीय इतिहास' को शामिल करने और सभी विषयों के पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) को शामिल करने का सुझाव दिया है। 'भारत' नाम पहली बार आधिकारिक तौर पर तब सामने आया जब सरकार ने 'प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया' के बजाय 'प्रेसीडेंट ऑफ भारत' के नाम पर जी20 निमंत्रण भेजा। बाद में नई दिल्ली में शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेमप्लेट पर भी इंडिया के बजाय 'भारत' लिखा गया। आइजाक ने कहा कि भारत एक सदियों पुराना नाम है।

भारत नाम का इस्तेमाल विष्णु पुराण जैसे प्राचीन ग्रंथों में किया गया है, जो 7,000 साल पुराना है।' आइजाक, जो भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद (आईसीएचआर) के सदस्य भी हैं, ने कहा कि वर्तमान में पाठ्यपुस्तकों में हमारी विफलताओं का उल्लेख है। लेकिन मुगलों और सुल्तानों पर हमारी जीत का उल्लेख नहीं है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने भारतीय इतिहास को तीन चरणों में विभाजित किया था - प्राचीन, मध्यकालीन और आधुनिक- भारत को अंधकार में दिखाते हुए, वैज्ञानिक ज्ञान और प्रगति से अनभिज्ञ। इसलिए (शेष पेज 9)

# ईसी के नेशनल आइकन बनेंगे राजकुमार राव



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**हिन्दी** फिल्म न्यूटन में नक्सल प्रभावित छत्तीसगढ़ में चुनाव कराने की जिम्मेदारी संभालने वाले एक अधिकारी की भूमिका के जरिए प्रशंसा बटोरने वाले अभिनेता राजकुमार राव को निर्वाचन आयोग (ईसी) नेशनल आइकन नियुक्त करेगा।

आयोग मतदाताओं को चुनाव में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करने के वास्ते प्रमुख भारतीयों को नेशनल आइकन के रूप में नियुक्त करता है।

### ● हाल में न्यूटन फिल्म में नक्सल प्रभावित छत्तीसगढ़ में एक अधिकारी भूमिका निभा प्रशंसा बटोर चुके हैं अभिनेता राव

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार बृहस्पतिवार को राव को नेशनल आइकन के रूप में औपचारिक रूप से नियुक्त करेंगे।

राव ने इस फिल्म में एक ऐसे कर्तव्यनिष्ठ सरकारी कर्मी का किरदार निभाया है जो एक सुरक्षा अधिकारी के संशय और उदासीनता के बाद भी छत्तीसढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए कटिबद्ध है। इस फिल्म में उनके अभिनय की काफी तारीफ की गई है। इस फिल्म (शेष पेज 9)

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 26 अक्टूबर, 2023



# एक्सप्रेसवे पर पांच किमी विपरीत दिशा में दौड़ी कार



**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस.वे पर एक कार करीब पांच किलोमीटर तक रॉन्ग साइड दौड़ी। ताज्जुब की बात ये रही कि ट्रैफिक पुलिस की नजर इस पर नहीं गई। शुक्र ये रहा कि कोई हादसा नहीं हुआ। फिलहाल सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस हरकत में आई और इस कार का 7 हजार रुपए का ऑनलाइन चालान काटकर घर भेज दिया है। एडवोकेट तरुण भारद्वाज ने पोस्ट करते हुए लिखा, आज दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर इंदिरापुरम के पास एक कार विपरीत दिशा में लगभग पांच किलोमीटर से भी अधिक दौड़ रही है। इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई कर गाड़ी को सीज करनी चाहिए। इस पोस्ट के बाद गाजियाबाद पुलिस ने विपरीत दिशा में वाहन चलाने और रूल्स का उल्लंघन करने में 7 हजार रुपए का चालान काटा है। एडवोकेट तरुण भारद्वाज ने बताया, वो मेरठ से दिल्ली की तरफ जा रहे थे। ये कार दिल्ली से मेरठ आने वाली लेन में विपरीत दौड़ रही थी। शुक्र की बात ये रही कि कोई हादसा नहीं हुआ। बता दें कि दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर 12 जुलाई को भीषण हादसा हुआ था। एक बस रॉन्ग साइड दौड़ रही थी। वो कार की चपेट में आ गई और कार सवार 6 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने रॉन्ग साइड दौड़ने वाले वाहनों के खिलाफ कई दफा अभियान चलाए। पुलिस लगातार चालान काटती रहती है, लेकिन वे फिर भी नहीं मानते।

## सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शोभा गोयल, सुनील गोयल, केसन्स इंडिया, ए-14, पीतमपुरा, सरस्वती विहार, निकट दीपाली चौक, दिल्ली-110034 खाता : एलबीएफडीबी00003541829 | भूमि नंबर 5, ब्लॉक ए, प्रथम तल, ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, ग्राम यूसुफ सराय जाट, दिल्ली-110034 | 30-09-2023 रू. 1,20,51,912/- | 03-08-2023 |
| 2. | उषा, दीपक सिंह भाटी, 131, ग्राम बढपुरा, ग्रेटर नोएडा, दादरी-203207 खाता : एलबीएनओडी00004699590, एलबीएनओडी00004749132 | यूनिट नंबर 937/गौड़ अतुल्यम, तल 9 टावर ई, गौड़ अतुल्यम, प्लॉट नंबर जीएच-01ए, सेक्टर ओमीक्रोन-1, गौतमबुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा-201307 | 26-09-2023 रू. 26,13,647/- रू. 1,86,868/- | 03-06-2023 |
| 3. | भाविश कुमार राणा, मोनिका राजपूत, सी-11-601, सेंटप विहार एडब्ल्यूएचओ व्हाइट फील्ड होसकोट रोड, कन्ना मंगला, बेंगलुरू-560067/ खाता :- LBNOD00004900538 | अपार्टमेंट नंबर 1403, 14वां तल, टावर ए, सेठी वेनिस, स्थित एससी-01/ए-4, सेक्टर-150, नोएडा-201301 | 26-09-2023 रू. 62,11,483.12/- | 04-07-2023 |
| 4. | अर्चना मिश्रा, अविनाश मिश्रा, मकान नंबर 852, सेक्टर-23, फरीदाबाद-121005 खाता - एलबीएनओडी00005198782 | फ्लैट नंबर 1011, 10वां तल, टावर एफ, पीयूष हाइट्स, सैक्टर-89, फरीदाबाद -121005 (आम सुखसुविधाओं और एक पार्किंग स्पेस के उपयोग के अधिकार सहित) | 26-09-2023 रू. 1,57,910.35/- | 31-12-2020 |
| 5. | धनंजय कुमार सिन्हा, निवेदिता सिन्हा, 506, बी 2 शिवालिक अपार्टमेंट्स, सेक्टर-1, मानेसर, गुरूग्राम-122052, खाता :- LBDEL00004033759 | फ्लैट नंबर 518, ब्लॉक-बी 5, 5वां तल, सिडको शिवालिक अपार्टमेंट्स, जीएच-2, आईएमटी मानेसर, सेक्टर-1, गुरूग्राम -122052 | 26-09-2023 रू. 34,15,931.11/- | 03-06-2023 |
| 6. | सचिन नारायण, नूतन दुबे, प्लॉट नंबर ए-192, फ्लैट नंबर 201 द्वितीय तल, चंदर विहार मंडावली, फजलपुर मंडावली, दिल्ली-110092, खाता :- LBDEL00002418546 | फ्लैट नंबर क्यू-2207, 22वां तल, टावर क्यू, अजनारा ली गार्डन, प्लॉट नंबर जीएच-02 सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा वेस्ट-201307 | 26-09-2023 रू. 26,61,066/- | 30-07-2023 |
| 7. | कार्तिक राधाकृष्णन वेंकटसुब्रमनियन, राशि जैन, एच 303, यमुना अपार्टमेंट्स, अलकनंदा, दिल्ली-110019 खाता :- LBDEL00002331637 | फ्लैट नंबर ए2-1502, 15वां तल, कासा ग्रैंड-2, प्लॉट नंबर 06, सेक्टर-चाई-5, ग्रेटर नोएडा नोएडा-201301 | 26-09-2023 रू. 17,17,146/- | 04-07-2023 |
| 8. | अमृत कुमार, कृष्ण पाल, भुवनेश्वर सिंह, रमेश कुमार, मकान नंबर 626, गली नंबर 6, चंदर लोक मंडोली रोड, दिल्ली, एनए, दिल्ली-110093 खाता :- LBDEL00005140420 | फ्लैट नंबर 105, प्रथम तल, टावर ए, एयरो हाइट्स, कोयल एन्क्लेव, गाजियाबाद-201001 | 26-09-2023 रू. 16,88,095.99/- | 03-06-2023 |
| 9. | जावेद आलम, नगमा परवीन, मकान नंबर जी-81, संतोष मेडिकल, सेक्टर-11, प्रताप विहार, गाजियाबाद-201009 खाता :- LBGHZ00004069531 | फ्लैट नंबर आई-301, तृतीय तल, एसपीएलएस आवासीय योजना, जल निगम रोड, गोविंदपुरम एक्सटेंशन, एनएच-24, गाजियाबाद-201017 | 26-09-2023 रू. 10,78,507/- | 04-07-2023 |
| 10. | किरण उपाध्याय, चंदन कुमार, ई-1035, 12 वां एवेन्यू, गौड़ सिटी-2, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, नोएडा-201301 खाता :- LBDEL00004944301 | दुकान नंबर 1492, 13वां तल, वर्क स्पेसेज, गौड़ सिटी, गौड़ सिटी मॉल, स्थित प्लॉट नंबर जीएच-01, सेक्टर-4, ग्रेटर नोएडा-201307 | 26-09-2023 रू. 7,35,636/- | 09-07-2023 |
| 11. | शशि जैन, रिशांत जैन, 1829, गली मातावाली मालतीवाड़ा प्रथम तल, चांदनी चौक, मुंबई-400001 खाता :- LBGHZ00001039389 | फ्लैट नंबर 102, प्रथम तल, टाइप ब्लॉक ए-4, कृष्णा अप्रा गार्डन्स, ग्रुप हाउसिंग प्लॉट नंबर 7, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद-201010 | 26-09-2023 रू. 5,68,810.45/- | 02-05-2023 |
| 12. | विशाल कपूर, जे-504, प्रिन्सेस पार्क, सेक्टर-86, फरीदाबाद-121001 खाता : एलबीएफडीबी00002853072, एलबीएफडीबी00002853075 | यूनिट नंबर जे-504, 5वां तल, टावर जे, बहुमंजिली आवासीय हाउसिंग कॉम्प्लेक्स प्रिन्सेस पार्क, सेक्टर-86, ग्राम बुडेना, फरीदाबाद-121001 (पार्किंग स्पेस नंबर जे-504-22-पी2 सहित) | 07-10-2023 रू. 50,89,820.98/- रू. 1,81,874.98/- | 03-08-2023 |
| 13. | लक्ष्मी देवी, सुरेश कुमार, आरजीएस लॉजिस्टिक्स आई प्रा. लि., डी-50, द्वितीय तल, फ्लैट नंबर 8, गली नंबर 8, मंडावली ऊंचेपर, दिल्ली-110092 खाता : एलबीडीईएल00002428416, एलबीएनओडी00004938303 | फ्लैट नंबर पी9 1203, 12वां तल, प्रतीक ग्रैंड सिटी, स्थित 4/बीएस-01 एवं 4/बीएस-05, सिद्धार्थ विहार, गाजियाबाद-201001 | 07-10-2023 रू. 24,49,651/- रू. 88,304/- | 04-07-2023 |
| 14. | सचिन शर्मा, फ्लैट नंबर 2042, ब्लॉक ई, 20वां तल, प्लॉट नंबर जीसी 3 डी, लैक्सी नॉर्थ एवेन्यू 2, गौतमबुद्ध नगर, सेक्टर-16सी, नोएडा खाता :- LBGHZ00006052088, LBGHZ00006118477 | फ्लैट नंबर टी 9 037, भू तल, टावर 9, वेव सिटी ड्रीम होम्स ग्रुप हाउस, सेक्टर-5, वेवसिटी एनएच-24, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 | 04-10-2023 रू. 19,76,280.41/- रू. 1,05,100/- | 06-10-2022 |
| 15. | सुरिन्दर कुमार रस्तोगी, संतोष रस्तोगी, राहुल रस्तोगी, एसपी 42, मौर्य एन्क्लेव, पीतम पुरा, दिल्ली, दिल्ली-110088 खाता - एलबीएनओडी00002375713 | फ्लैट नंबर एसएटी 4-912, 9वां तल, ब्लॉक 4, ब्लॉसम जेस्ट, स्थित जीएच-02, सेक्टर-143, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301 | 04-10-2023 रू. 16,82,784/- | 30-08-2023 |
| 16. | किशोर कुमार, संजय कुमार, फ्लैट नंबर 26, प्रथम तल, सेक्टर जी 8, पाकेट 3, ब्लॉक एफ 16, दिल्ली-110090 खाता :- LBDEL00002375470 | फ्लैट नंबर 26, प्रथम तल, सेक्टर-जी 8, पाकेट 3, ब्लॉक एफ 16, नरेला, दिल्ली-110090 | 04-10-2023 रू. 24,18,692/- | 31-12-2017 |
| 17. | राजीव सरकार/प्रिया सरकार, 4/68 ए-1, ग्वालियर रोड, बालूगंज आगरा, उत्तर प्रदेश, आगरा-282003 खाता :- LBNOD00000639572 | प्लॉट नंबर- डी-166/16, सेक्टर-50 न्यू ओखला इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एरिया, नोएडा जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201301 | 04-10-2023 रू. 3,62,006.99/- | 30-06-2023 |
| 18. | अमित शर्मा, लक्ष्मी शर्मा, नंबर 106, ब्लॉक नंबर 1, एमएएमसी कैम्पस मीरदर्द लेन, दिल्ली-110002 खाता :- LBGUR00003503031 | फ्लैट नंबर 704, छठा तल, टावर एस, सुपरटेक ईको सिटी, जीएच-03, सेक्टर-137, नोएडा, नोएडा | 05-10-2023 रू. 38,62,153.8/- | 03-08-2023 |
| 19. | नवीन कुमार त्यागी, अनुपमा, फ्लैट नंबर 201, द्वितीय तल, नंद किशोर अपार्टमेंट, गुलाब नगर, निकट रिलायंस पेट्रोल पम्प, जामनगर-361004 खाता :- LBDEL00002361230 | फ्लैट नंबर 1706, 17वां तल, टावर ए, गायत्री औरा, प्लॉट नंबर जीएच-11, सेक्टर-1, नोएडा एक्सटेंशन, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 05-10-2023 रू. 32,92,412/- | 30-07-2023 |
| 20. | मोहन सिंह, नीतू, 3944, भू तल, कसेरू वालान, पहाड़गंज, दिल्ली-110055 खाता :- LBDEL00003153859 | दुकान नंबर जीएफ 161, भू तल, गौड़ सिटी सेंटर, प्लॉट नंबर सी-1ए, जीएच-01, गौड़ सिटी-2, सेक्टर-4, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 05-10-2023 रू. 20,96,847/- | 03-08-2023 |
| 21. | विकास कुमार, अलका रानी, डब्ल्यूजैड-1071, द्वितीय तल, नांगल राया, दिल्ली, दिल्ली-110046 खाता - एलबीएनओडी00002064143 | फ्लैट नंबर 111, प्रथम तल, टावर ए, मनहर गार्डन, हरीश नगर, सिकंदरा बोडला रोड, सिकंदरा, आगरा | 05-10-2023 रू. 19,12,308/- | 08-06-2023 |
| 22. | मीनाक्षी सिंह, रमेश सिंह, मकान नंबर सी 1101, न्यू अशोक नगर, ईस्ट दिल्ली-110096 खाता - एलबीएनओडी00002368088 | दुकान नंबर एफ-16, प्रथम तल, कॉमर्शियल टावर, सेठी ग्रुप, सेठी आर्केड, प्लॉट नंबर जीएच-2बी, सेक्टर-76, नोएडा | 05-10-2023 रू. 16,22,346/- | 30-08-2023 |
| 23. | श्वेता कालरा, नीतेश कुमार, सी-4/एफ, 196, जनकपुरी, दिल्ली-110058 खाता :- LBDEL00005295255 | डीडीए जनता फ्लैट नंबर 140, कैटेगिरी-बी, भू तल, पाकेट-6, सनराइज अपार्टमेंट, नासिरपुर, फेज-1, द्वारका, दिल्ली | 05-10-2023 रू. 16,00,964/- | 22-07-2023 |
| 24. | राजेश कुमार, दीपा उपाध्याय, फ्लैट नंबर 351, द्वितीय तल, पाकेट-6, सनराइज अपार्टमेंट, नासिरपुर, फेज-1, द्वारका, पालम ग्राम, दिल्ली-110045 खाता :- LBDEL00005118029 | डीडीए जनता फ्लैट नंबर 351, द्वितीय तल, पाकेट-6,, फेज-1, सेक्टर-1ए, सनराइज अपार्टमेंट, नासिरपुर, द्वारका, दिल्ली | 05-10-2023 रू. 10,29,153/- | 08-08-2023 |
| 25. | नितिन कुमार सिंघल, निखिल कुमार सिंघल, नंबर 5/399 ए, फ्लैट नंबर जी 1, प्लॉट नंबर 399 ए, सेक्टर-5, वैशाली, गाजियाबाद-201010 खाता :- LBGHZ00003889514, LBGHZ00003889524 | फ्लैट नंबर जी 1, भू तल (छत के अधिकार नहीं) प्लॉट नंबर 399 ए, सेक्टर-5, वैशाली, तहसील एवं जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 05-10-2023 रू. 20,32,632.2/- रू. 13,42,395/- | 04-07-2023 |
| 26. | हर्षवर्धन, 370, घनोरी गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-203201 खाता - टीबीएनओडी00006520258, एलबीएनओडी00006523888 | यूनिट नंबर 1902, 19वां तल, टावर एम, दि एक्सप्रेस पार्क व्यू-2, प्लॉट नंबर जीएच-03, सेक्टर-चाई-5, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 05-10-2023 रू. 30,24,773/- रू. 85,549/- | 04-07-2023 |
| 27. | सुधीर कुमार सिंह, रिंकू सिंह, फ्लैट नंबर 807, वीवीआईपी एड्रेसेज, राज नगर एक्सटेंशन, उत्तर प्रदेश-201017, गाजियाबाद खाता :- LBGHZ00005532935 | फ्लैट नंबर 3 जे-0307, तृतीय तल (छत के अधिकार नहीं), निलय ग्रीन्स, खसरा नंबर 1015, 1023/1, 1023/2 तथा 1023 एमआई, ग्राम मोरटा, राज नगर एक्सटेंशन, एनएच-58, परगना जलालाबाद, तहसील गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 06-10-2023 रू. 24,76,694/- | 03-07-2023 |
| 28. | सौमी मुखर्जी, सैकत मुखर्जी, सुचंदा चक्रवर्ती, 2/2, लॉरेंस स्ट्रीट, उत्तरपारा कोटरंग, हुगली, पश्चिम बंगाल-712258 खाता :- LBGUR00005060363 | प्लॉट नंबर ए-27, अमाया ग्रीन्स, ग्राम फरूखनगर, सेक्टर-3, गुरूग्राम, हरियाणा | 06-10-2023 रू. 22,54,442/- | 03-08-2023 |
| 29. | विनीत गुप्ता, आरती गुप्ता, जी-234, विकासपुरी, दिल्ली-110018 खाता - एलबीएनओडी00002031001, एलबीएनओडी00002036232 | फ्लैट नंबर 1405, 14वां तल, टावर सी-4, गोल्फ विलेज, गोल्फ कंट्री, टीएस-5, सेक्टर-22 डी, यमुना एक्सप्रेसवे, जीबी नगर, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 06-10-2023 रू. 13,72,082/- रू. 76,838/- | 09-01-2023 |
| 30. | हीना गोहिल, हेमंत पाठक, फ्लैट नंबर 638, भू तल, सेक्टर-37, अरूण विहार, उत्तर प्रदेश, नोएडा-201301 खाता :- LBDEL00001461840, LBDEL00001979490 | फ्लैट नंबर 638, भू तल, अरूण विहार, सेक्टर-37, जिला गौतमबुद्ध नगर, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301 | 04-10-2023 रू. 11,39,186/- रू. 38,576/- | 08-08-2023 |
| 31. | आलोक कुमार, प्रतिमा कुमारी, सीएल-62, बसंती कालोनी, सुंदरगढ़, राउरकेला-769012 खाता :- LBDEL00000691603 | फ्लैट नंबर 1004, 10वां तल, शिप्रा अपार्टमेंट्स, कौशाम्बी, खसरा नंबर 222एम एवं 223एम, ग्राम हसनपुर, भोवापुर, गाजियाबाद-201010 | 26-09-2023 रू. 3,91,305/- | 09-07-2023 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 26 अक्टूबर, 2023 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर — आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# गाजियाबाद पुलिस ने अनूप को 8 बार दिए गनर

## केंद्र-प्रदेश सरकार का फर्जी लेटर हेड लगाता था, डीएम, एसएसपी को ईमेल भेजकर पाता था सुरक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



अयोध्या से एक दिन पहले एसटीएफ की ओर से गिरफ्तार किया गया अनूप चौधरी फिल्म राजा बाबू में गोविंदा के किरदार से कम नहीं निकला। अनूप ने बीते चार साल में गाजियाबाद पुलिस से 8 बार गनर पाए, वो भी हर बार आयोग का सदस्य बताकर। कभी उसने भारत सरकार का फर्जी लेटर हेड बनाया तो कभी यूपी सरकार के विभिन्न आयोग का मेंबर बताया।

हर बार वो गाजियाबाद के डीएम एसएसपी को ई-मेल भेजता और गनर पा लेता। पिछले चार साल से गाजियाबाद पुलिस इस फर्जीवाड़े का शिकार होती रही। किसी ने उन लेटर की सच्चाई जानने की भी कोशिश नहीं की।

अब जब एसटीएफ ने पूरे फर्जीवाड़े का खुलासा किया तो गाजियाबाद पुलिस हरकत में आई और बुधवार को अनूप चौधरी पर एफआईआर दर्ज की। गाजियाबाद पुलिस के सेल प्रभारी इंस्पेक्टर मयंक अरोरा ने अनूप चौधरी के खिलाफ थाना कविनगर में सेक्शन-419, 468 और 471 में एफआईआर दर्ज कराई है। इस व्यक्ति ने 18 अक्टूबर 2020 को गाजियाबाद के तत्कालीन डीएम-एसएसपी को एक ई-मेल भेजा। इसमें अनूप ने खुद को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का महाराष्ट्र प्रदेश प्रभारी, सेंसर बोर्ड का पूर्व केंद्रीय सलाहकार सदस्य और फिल्म विकास परिषद उप्र का पूर्व सदस्य होना बताया था। इस आधार पर गाजियाबाद पुलिस ने अनूप को गनर दे दिया। इसके बाद अनूप चौधरी ने 6 दिसंबर 2020, 18 दिसंबर 2020, 20 अगस्त 2022, 30 अगस्त 2022, 27 फरवरी 2023, 10 जुलाई 2023 और 14 सितंबर 2023 को भी गनर प्राप्त किया। इसमें अनूप ने खुद को उत्तर रेलवे का प्रदेश सदस्य, फिल्म विकास परिषद उप्र का पूर्व सदस्य, भारतीय खाद्य निगम की सलाहकार समिति का सदस्य का फर्जी लेटर हेड लगाकर गनर प्राप्त किया। हर बार अनूप चौधरी ई.मेल भेजता था और गाजियाबाद पुलिस भी उसे गनर दे देती थी। अनूप चौधरी को गनर देने के मामले ने गाजियाबाद पुलिस का बड़ा कारनामा उजागर कर दिया है। पूरे कमिश्नरेट सिस्टम की कार्यशैली सवालों के घेरे में आ गई है। अनूप यहां का रहने वाला नहीं था। वो जब भी गाजियाबाद आता था, उससे पहले ही डीएम-एसएसपी को फर्जी लेटर हेड लगाकर एक ईमेल भेजता था।

### क्या है पूरा मामला

*यूपी एसटीएफ ने मंगलवार को खुद को रेल मंत्रालय का सदस्य बताकर करोड़ों की ठगी करने वाले अनूप चौधरी को अयोध्या से गिरफ्तार किया। अनूप पर उत्तराखंड से 15 हजार रुपए का इनाम घोषित है। एसटीएफ के मुताबिक, सोमवार रात अयोध्या के गेस्ट हाउस में दबिश दी गई। अनूप के साथ स्कार्पियो गाड़ी में 4 अन्य लोग गनर पवन कुमार, श्रीनिवास नाराला, एक व्यापारी सत्य प्रकाश और ड्राइवर फिरोज था। गनर पवन कुमार ने खुद को प्रोटोकॉल ड्यूटी पर बताया। पवन ने कहा कि वह गाजियाबाद पुलिस में तैनात है। पीछे की सीट पर अनूप और व्यापारी सत्य प्रकाश बैठा था। पूछताछ में अनूप ने बताया, वह क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति उत्तर रेलवे एवं भारतीय खाद्य निगम लखनऊ का सदस्य है। विभाग के मंत्री को मिले प्रोटोकॉल सुविधा को देखकर निजी तौर पर गैर सरकारी श्रीनिवास नाराला को अपना ओएसडी बनाया है। पूछताछ के बाद एसटीएफ ने ड्राइवर और अनूप चौधरी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि गनर और व्यापारी को छोड़ दिया। व्यापारी सत्यप्रकाश ने बताया, अनूप उसको प्रदेश सरकार की हेलीपोर्ट योजना में टेंडर दिलाने का झांसा दे रहा था।*

### शहजादी की हत्या का आरोपी समर्पण की फिराक में

**गाजियाबाद।** कई दिन पूर्व वेब सिटी थाना क्षेत्र अंतर्गत अनंत होटल में पिपलैड़ा थाना धौलाना हापुड़ निवासी शहजादी नामक युवती की हत्या कर दी गई थी। उस समय मृतका के भाई दानिश ने कल्लूगढ़ी निवासी अजहरूदीन को नामजद करवाते हुए अपनी बहन की हत्या की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी।

पुलिस जांच के दौरान जहां कई और नाम भी प्रकाश में आये थे वहीं पुलिस ने संदिग्ध को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ भी शुरू कर दी थी। लेकिन शहजादी की हत्या के कई दिन बाद भी नामजद अभियुक्त अजहरूदीन पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ पाया। सूत्रों का कहना है अजहरूदीन कोर्ट में सरेंडर करने की फिराक में है।

# दिवाली से 4 दिन पहले मुसाफिरों को मिलेगी अतिरिक्त बसें

● नोएडा डिपो 24 घंटे सेवा उपलब्ध कराएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



दिवाली पर घर जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने योजना तैयार कर ली है। इस बार दिवाली से चार दिन पहले से अतिरिक्त बसों की सुविधा शुरू होगी। दूरी के आधार पर बसें दो से चार अतिरिक्त फेरे लगाएंगी।

नोएडा डिपो से 24 घंटे बस की सुविधा मिलेगी। मोरना स्थित नोएडा डिपो में 180 बसें हैं। सभी साधारण और सीएनजी से चलने वाली बसें हैं। डिपो से तमाम शहरों के लिए बसों की सुविधा है। इसमें आगरा, अलीगढ़, हाथरस, एटा, कासगंज, बंदायू, नजीबाबाद, लखनऊ, आजमगढ़, अयोध्या, मेरठ, हरिद्वार, कोट द्वार, देहरादून समेत तमाम शहरों के लिए बसें चलती हैं।

डिपो से त्योहारों पर बसों की विशेष व्यवस्था की जाती है। इसमें स्पेशल बस चलाने के साथ ही बसों के अतिरिक्त फेरे भी शुरू किए जाते हैं। डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक नरेश पाल सिंह ने कहा कि समीप के शहरों के लिए बसें चार अतिरिक्त फेरे लगाएंगी। वहीं, दूर स्थित शहरों के लिए दो अतिरिक्त होंगे। उन्होंने कहा कि डिपो से 24 घंटे बसें चलेंगी। दीवाली से करीब एक सप्ताह बाद तक यात्रियों को अतिरिक्त और स्पेशल बसों की सुविधा मिलेगी।

उन्होंने कहा कि बीते साल की तुलना में इस बार डिपो में बसों की संख्या अधिक है। नोएडा डिपो में ऐसी बसें नहीं हैंए अन्य डिपो की ऐसी बस नोएडा डिपो से होकर गुजरती हैं। इसमें लखनऊ, गोरखपुर समेत अन्य शहरों की बस सेवा शामिल है। डिपो अधिकारियों के अनुसार ऐसी बस भले ही साहिबाबाद और कौशांबी डिपो से चलती हैं लेकिन यात्री उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की वेबसाइट पर नोएडा से भी टिकट बुक कर सकते हैं। डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक नरेश पाल सिंह ने कहा कि आम दिनों में छह से सात ऐसी बसें नोएडा डिपो होकर निकलती हैं। त्योहारों पर यह संख्या दोगुनी तक हो जाती है।

सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक नरेश पाल सिंह ने कहा कि प्रत्येक रूट की दो से तीन बसों में ऑनलाइन टिकट बुक करने की सुविधा है। यात्री उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की वेबसाइट पर टिकट बुक करा सकते हैं। इससे उन्हें बसों में सीट मिलने की समस्या नहीं होगी। उन्होंने कहा कि त्योहारों पर यात्रियों की अधिक संख्या के चलते सीट को लेकर मारामारी रहती है।

# ईओडब्ल्यू करेगी 200 करोड़ एफडी की जांच, प्राधिकरण ने रिपोर्ट में सभी को दी थी क्लीन चिट

● फाइलों को एक बार फिर खंगाला जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा प्राधिकरण के 200 करोड़ रुपए के एफडी मामले की जांच अब इकोनॉमिक ऑफेंस विंग (ईओडब्ल्यू) को ट्रांसफर कर दी गई है। दरअसल, इस मामले में करीब दो महीने की जांच के बाद भी प्राधिकरण के एक भी अधिकारी मिली भगत सामने नहीं आई। सभी को प्राधिकरण के आला अधिकारियों की ओर से क्लीन चिट दे दी गई।

ईओडब्ल्यू को जांच ट्रांसफर होते ही मामले में लिप्त अधिकारियों को हड़कंप मच गया है। एक करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी या हेराफेरी के मामले की जांच इकोनॉमिक ऑफेंस विंग करती है। यह किसी भी बड़े आर्थिक अपराध में अपने आप केस दर्ज कर सकती है। जिस आर्थिक अपराध में विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम का उल्लंघन होता है। उसकी जांच प्रवर्तन निदेशालय करता है। फिलहाल, इस मामले की जांच से संबंधित ईओडब्ल्यू कभी भी नोएडा प्राधिकरण आ सकती है।

साथ ही फाइलों के दस्तावेज खंगाल सकती है। बता दे नोएडा प्राधिकरण ने 200 करोड़ रुपए की एफडी कराने के लिए जून-2023 को सेक्टर-62 स्थित बैंक ऑफ इंडिया में खाता खुलवाया था। इस मामले में जालसाज ने प्राधिकरण बैंक अधिकारी-कर्मचारियों से मिलीभगत कर जून महीने के अंत में 3 करोड़ रुपए निकाल विभिन्न खातों में ट्रांसफर करा दिए थे। इसके बाद 9 करोड़ रुपए और ट्रांसफर करने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी थी, लेकिन गड़बड़ी का अंदेशा होने पर यह पैसा ठगे जाने से बच गया। इस मामले में जुलाई 2023 के पहले सप्ताह में नोएडा प्राधिकरण के मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने कोतवाली सेक्टर-58 में मामला दर्ज करा दिया था।

### 2.33 करोड़ की धोखाधड़ी में एक गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना फेस-1 पुलिस ने धोखाधड़ी कर प्रॉपर्टी बेचने के नाम पर 2 करोड़ 33 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी की पहचान श्रवण चौधरी पुत्र मदन चौधरी निवासी ए 51 रामाकृष्णा अपार्टमेंट दिल्ली हुई है। पुलिस ने बताया कि 31 जुलाई 2023 को पीड़ित ने थाना फेज-1 में शिकायत दी कि श्रवण चौधरी ने प्रॉपर्टी खरीदने के नाम पर उनसे इकरारनामा के आधार पर 2 करोड़ 33 लाख रुपए।

आरोपी के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया जा चुका था। प्रॉपर्टी नहीं मिलने पर जब पीड़ित ने उससे पैसे मांगे तो आरोपी ने नहीं दिए। यही नहीं जान से मारने की धमकी भी दी। आरोपी धोखाधड़ी करने के बाद लंदन भाग गया था। पुलिस उसकी टोह ले रही थी।

कुछ दिन पहले ही वो लंदन से लौट कर आया। ऐसे में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे नई दिल्ली एयरपोर्ट के गेट नंबर पांच टर्मिनल-3 से गिरफ्तार किया।

बताया गया कि वो वापस दिल्ली भागने की फिराक में था। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - संरक्षित संपत्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

**[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]**

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/अधिभारित है। उनका **भौतिक अधिग्रहण** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ सह-कर्ज़दारों/ गारंटरों के नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | लता (कर्ज़दार), दीपक चौधरी (सह-कर्ज़दार) ऋण खाता नं. LBGUR00004931127 | प्रॉप. नंबर 1/6426 प्लॉट नंबर 18 पहली और दूसरी मंजिल, गली नंबर 5, पूर्वी रोहतास नगर शाहदरा, दिल्ली-110032 क्षेत्र: भूमि क्षेत्र 693 वर्ग फीट और निर्मित क्षेत्र: 1247 वर्ग फीट | रु. 89,41,648/- (अक्टूबर 17, 2023 तक) | रु. 55,90,000/- / रु. 5,59,000/- | नवंबर 13, 2023 को सु. 10:00 बजे से दो. 12:00 बजे तक | नवंबर 22, 2023 को सु. 11:00 बजे से दो. 12:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट (**URL Link- https://disposalhub.com**) पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **नवंबर 21, 2023** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/इन संरक्षित संपत्ति/यों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली- 110005** में **नवंबर 21, 2023** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज **नवंबर 21, 2023** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **नवंबर 21, 2023** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **दिल्ली** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9372730494/ 8584874809** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, 3. हेक्टा प्रॉपटेक प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट_.ळलळलळलरपज्ञ.लो/प4फ्री पर संपर्क करें।

**तिथि : अक्टूबर 26, 2023** — प्राधिकृत अधिकारी
**स्थान : दिल्ली** — आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## संक्षिप्त समाचार

### डिस्कस थ्रो में साक्षी कसाना ने जीता कांस्य पदक



**गाजियाबाद।** एम-3-एम फाउंडेशन के स्कॉलर प्रणव सूरमा के गोल्ड लाने के बाद एक और स्कॉलर साक्षी कसाना ने डिस्कस थ्रो एफ-54/एफ55 इवेंट में कांस्य पदक हासिल किया है। साक्षी कसाना गाजियाबाद की रहने वाली है और एफ 55 कैटिगरी की पैरा एथलीट है। साक्षी बताती है कि वर्ष 2017 में एक सड़क हादसे ने उनके जीवन को बदलकर रख दिया। इस हादसे में उन्हें स्पाइन इंजरी हुई जिसके बाद से वह चलने-फिरने में असमर्थ हो गई और व्हील चेयर पर आ गई। बीडीएस की पढ़ाई बीच में छूट जाने के बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग से स्नातक किया। परास्नातक में दाखिला लेने के साथ- साथ साक्षी पैरा गेम्स में शामिल हो गई। साक्षी ने 2021 में नेशनल लेवल पर पैरा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। साक्षी ने डिस्कस थ्रो में सिल्वर, शॉट पुट में सिल्वर तथा इटली ग्रैंड प्रिक्स प्रतियोगिता में डिस्कस थ्रो में गोल्ड मेडल हासिल किया है।

### छठ पूजा पर अवकाश की मांग

**गाजियाबाद।** पूर्वांचल कालीदास नवयुवक विकास समिति ने डीएम के माध्यम से प्रदेश शासन के नाम ज्ञापन देकर छठ पूजा पर सरकारी अवकाश की मांग की है। समिति ने कहा कि छठ पूजा का व्रत कठिन पर्व है जिसमें परिवार के सभी सदस्यों का साथ रहना आवश्यक होता है साथ व्रती को भी 72 घंटे का व्रत करना होता है। ऐसे में कामकाजी लोगों के सामने पर्व में शामिल रहने को कठिनाई रहती है। ऐसे में छठ पर्व पर सरकारी अवकाश घोषित कर दिया जाए ताकि लोग बिना किसी परेशानी के पर्व मना सकें। समिति अध्यक्ष अशोक साह ने प्रदेश सरकार से अवकाश की मांग की है।

### शाहपुर-गोवर्धनपुर में भाकियू मंच का खुला कार्यालय

**नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन मंच के कार्यालय का उद्घाटन गांव शाहपुर गोवर्धनपुर के शिव मंदिर के प्रांगण में स्थित दुकानों में बाबा मेसी यादव ने किया। भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान ने बताया कि कार्यालय पर किसानों की सभी समस्या सुनी जायेगी और किसानों को न्याय और हक की लड़ाई लड़ी जाएगी। इस अवसर पर दादरी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अशोक चौहान, चरण सिंह प्रधान, सूरज प्रधान, रोहतास चौहान, देवेंद्र मास्टर, वीर सिंह चौहान, तरुण भाटी, सोनू चपराना, प्रिंस भाटी, सतीश अवाना प्रमुख, सुरेश त्यागी, मुनेश प्रधान, सुरेंद्र प्रधान, रिंकू यादव, महेंद्र अवाना, आशीष चौहान, विक्रम यादव, रामे प्रधान, फूल चौहान, देवेंद्र यादव, नरेश चौहान, प्रमोद त्यागी, गौतम लोहिया, हरिकिशन शर्मा, गजेंद्र बसोया, लाल सिंह चौहान, रोहित शर्मा, लाला चौहान, रोहित सहित भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### पैकेजिंग कंपनी में लगी भीषण आग

**गाजियाबाद।** ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र अंतर्गत प्लॉट संख्या एफ-56 सैक्टर ए-1 पर स्थित अग्रवाल बायोटैक कंपनी में सुबह अज्ञात कारणों के आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस व फायर ब्रिगेड की कई गाडियां आग बुझाने व रेस्क्यू करने मे जुट गई। इस कंपनी में रखा लाखों का सामान भी खाक हो गया। इस अग्निकांड़ के संदर्भ में सीएफओ राहुल पाल का कहना है कि फायर ब्रिगेड की तत्परता के चलते जहां कोई जनहानि नहीं हुई वहीं आग को अन्य कंपनियों तक भी नहीं पहुंचने दिया गया।

### मौज-मस्ती के लिए करते थे बाइक चोरी, धरे गए

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की दादरी थाना पुलिस ने दो शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लुटेरों के कब्जे से अवैध हथियार, चोरी की मोटरसाइकिल और 5000 की नकदी बरामद की है। यह लोग चोरी की मोटरसाइकिल से लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया करते थे। इन पर करीब एक दर्जन लूट और चोरी के मुकदमे दर्ज हैं। दादरी थाना क्षेत्र के ओमिकरोंन सेक्टर में करीब एक माह पहले एक महिला के साथ बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने चेन लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस लगातार इन बदमाशों की तलाश में जुटी हुई थी। इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस व मैनुअल इंटेलिजेंस की सहायता से पुलिस ने इस घटना के दो लुटेरों को घोड़ी बछेड़ा गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस ने बुलंदशहर निवासी नितिन व शिवम को गिरफ्तार किया।

# प्रदूषण के मुद्दे पर पर्यावरण मंत्री और अफसर में ठनी

## डीपीसीसी चेयरमैन ने कैबिनेट का निर्णय पलटा, प्रदूषण के वास्तविक स्त्रोत का डाटा मिलना बंद: मंत्री

● जीएनसीटीडी अमेंडमेंट बिल आने के बाद से अफसर लगातार जनहित के काम रोक रहे : आतिशी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


प्रेस वार्ता में पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी और पर्यावरण मंत्री गोपाल राय।

दिल्ली की पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी और पर्यावरण मंत्री गोपाल राय नेबुधवार को दिल्ली में प्रेस कांफ्रेंस कर डीपीसीसी के चेयरमैन पर गंभीर आरोप लगाया। इनका आरोप है कि सचिव अश्विनी कुमार ने 18 अक्टूबर से इस रीयल टाइम स्टडी को रुकवा दिया। दिल्ली में जब प्रदूषण बढ़ रहा है, इस समय ऐसा करना दिल्ली की दो करोड़ जनता के हितों के साथ खिलवाड़ करना है।

वहीं, मंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि दिल्ली सेवा अधिनियम का यह साइड इफेक्ट है कि दिल्ली की अधिकारी कैबिनेट का फैसला नहीं मान रहे और मनमानी कर रहे हैं। इस स्टडी के अनुसार, किस स्थान पर किस कारण प्रदूषण हो रहा है इसका पता लगाया जाता था और उस पर रोक लगाई जाती थी।

मंत्री आतिशी और गोपाल राय ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर रुकी हुई पेमेंट आईआईटी कानपुर को करने और दोबारा स्टडी शुरू करानेकी मांग की है। उपराज्यपाल को भी पत्र लिखा जाएगा, साथ ही पत्र में डीपीसीसी के चेयरमैन को सस्पेंड करनेकी भी मांग की है।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा दिल्ली आईआईटी कानपुर ने अनुबंध के बाद नवंबर 2022 से दिल्ली में रीयल टाइम प्रदूषण के कारणों का अध्ययन करनेका काम शुरू किया था। 10.72 करोड़ रुपए से सेंट्रल दिल्ली में ऑफिस बनाया गया और अत्याधुनिक उपकरण खरीदे गए। प्रदूषण के 13 हॉटस्पॉट के लिए मोबाइल वैन भी लाई गई, जिनके जरिए प्रदूषण के कारणों का पता लगाया जाता है। दिल्ली में प्रदूषण की गंभीर समस्या को देखते हुए कैबिनेट की बैठक में आईआईटी कानपुर सेप्रदूषण के कारणों की रियल टाइम स्टडी करानेका निर्णय लिया गया था। पर्यावरण मंत्री ने बताया कि 10.72 करोड़ रुपए का भुगतान आईआईटी कानपुर को हो चुका है। सिर्फ दो करोड़ रुपए का भुगतान होना बाकी है। कितना पैसा खर्च होने के बाद अब डीपीसी के अध्यक्ष अश्वनी कुमार ने आईआईटी कानपुर को यह पत्र लिखकर काम रुकवा दिया कि वह आगे का भुगतान नहीं करेंगे। यह काम बहुत महंगा है। मंत्री आतिशी ने कहा कि प्रदूषण के रीयल टाइम स्टडी से यह पता चलता था कि दिल्ली के विभिन्न इलाकों में प्रदूषण बढ़ने का क्या कारण है। इसके बाद उन कारणों पर काम कर प्रदूषण को काम किया जाता है। पहले यहां डाटा नहीं होता था, जिससे काम करने में समस्या आती थी। इस स्टडी के बाद पता चला कि सर्दियों में बड़ी संख्या में सुरक्षा गार्ड खुद को गर्म करनेके लिए अलाव जलाते हैं। इसकी वजह सेभी बड़ी मात्रा में प्रदूषण होता है, लेकिन आज जब प्रदूषण बढ़ना शुरू हो रहा हैतो दिल्ली सरकार के एक एक अधिकारी नेबिना मंत्री या कैबिनेट का परमिशन लिए इस स्टडी पर रोक लगा दिया।

### मंत्री बताएं गर्मियों में हवा कैसे साफ थी : वीरेंद्र सचदेवा



**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि प्रदूषण के कारणों की पहचान करने या प्रदूषण को नियंत्रित करने में विफल होने के बाद केजरीवाल सरकार प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई को रोकने के लिए अधिकारियों पर आरोप लगाने के अपने पुराने खेल पर वापस आ गई है। यहा चौकाने वाला है कि पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने डीपीसीसी के अध्यक्ष अश्विनी कुमार पर फरवरी 2023 से रियल टाइम सोर्स अपॉर्शनमेंट स्टडी को रोकने का आरोप लगाया है, जबकि इस पूरे साल राय दिल्ली को स्वच्छ हवा देने का श्रेय लेते रहे हैं।

अब जब सर्दी का मौसम आ गया है और प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है तो गोपाल राय अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए अधिकारियों पर आरोप मढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। राय को बताना चाहिए कि अगर सर्दियों में प्रदूषण बढ़ने के लिए फरवरी में रियल टाइम सोर्स अपॉर्शनमेंट स्टडी का रुकना जिम्मेदार है तो गर्मियों में हवा साफ कैसे रही।

## प्रदूषण के खिलाफ जंग : रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ अभियान आज से

● पर्यावरण मंत्री ने कहा इस वर्ष अभियान में आम जनता को शामिल किया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी में बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने और लोगों को जागरूक करने के लिए केजरीवाल सरकार ने कवायद तेज करते हुए बृहस्पतिवार (आज) से 'रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ अभियान' शुरू करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को कहा कि दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी में वाहन प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए 26 अक्टूबर से रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ अभियान फिर से शुरू करेगी। ज्ञात रहे कि पिछले साल उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने अभियान की प्रभावशीलता पर सवाल उठाते हुए इस पर रोक लगा दी थी। गोपाल राय ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हालिया डेटा विश्लेषण से पता चलता है कि पीएम 10 प्रदूषण में कमी हुई है और जैव ईंधन जलने तथा वाहनों के उत्सर्जन के कारण पीएम 2.5 में वृद्धि हुई है। इस पर विचार करते हुए, हमने 26 अक्टूबर से वाहन प्रदूषण को कम करने के लिए रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ अभियान को फिर से शुरू करने का फैसला किया है। राय ने कहा कि पिछले वर्षों में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को अभियान में शामिल किया गया था और इस वर्ष अभियान में आम जनता को शामिल किया जाएगा। 16 अक्टूबर, 2020 को पहली बार शुरू किए गए रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ अभियान का उद्देश्य चालकों को ट्रैफिक लाइट पर इंतजार करते समय अपने वाहनों को बंद करने के लिए प्रोत्साहित करके दिल्ली में वाहन प्रदूषण को कम करना है।

केंद्रीय सड? अनुसंधान संस्थान द्वारा किए गए 2019 के एक अध्ययन से पता चला है कि ट्रैफिक सिग्नल पर इंजन चालू रहने से प्रदूषण के स्तर में 9 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हो सकती है। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ द्वारा भीकाजी कामा प्लेस ट्रैफिक चौराहे पर किए गए एक अन्य अध्ययन से पता चला कि इस तरह के अभियान के बाद 62 प्रतिशत से अधिक लोगों ने अपने वाहन के इंजन बंद करने शुरू कर दिए। पर्यावरण विभाग में सूत्रों ने कहा कि इस साल रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान के लिए उपराज्यपाल की अनुमति आवश्यक नहीं होगी क्योंकि पिछली बार की तरह इस बार प्रतिभागियों को कोई मानदेय नहीं मिलेगा। ग्रैप नामक प्रदूषण नियंत्रण योजना को सक्रिय रूप से लागू करने के लिए जिम्मेदार वैधानिक निकाय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने एनसीआर में अधिकारियों को निजी परिवहन को हतोत्साहित करने के लिए पार्किंग शुल्क बढ़ाने तथा प्रदूषण के स्तर में संभावित वृद्धि के बीच सीएनजी या इलेक्ट्रिक बसों और मेट्रो ट्रेनों की सेवाएं बढ़ाने का निर्देश दिया था।

## राजधानी में वायु गुणवत्ता खराब, राहत की उम्मीद नहीं



● लगातार तीसरे दिन भी एक्यूआई खराब श्रेणी में दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक बुधवार को लगातार तीसरे दिन खराब श्रेणी में दर्ज किया गया और अगले कुछ दिनों में किसी बड़ी राहत की उम्मीद नहीं है। निगरानी एजेंसियों ने यह जानकारी दी।

दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह 10 बजे 238 था जो मंगलवार शाम करीब चार बजे के एक्यूआई 220 से अधिक है। औसत एक्यूआई पड़ोसी गाजियाबाद में 196, फरीदाबाद में 258, गुरुग्राम में 176, नोएडा में 200 और ग्रेटर नोएडा में 248 था।

दिल्ली के लिए केंद्र की वायु गुणवत्ता प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी की वायु गुणवत्ता अगले चार से पांच दिन खराब और बेहद खराब की श्रेणी में रहने की आशंका है। वायु गुणवत्ता मई के बाद से पहली बार रविवार को बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई जो मुख्यत~ तापमान में गिरावट और हवा की धीमी गति के कारण हुई। हवा की तेज गति के कारण प्रदूषक तत्व छंट जाते हैं। दशहरे के अवसर पर मंगलवार को दिल्ली के कई हिस्सों में पटाखे जलाए जाने की सूचना मिली। पिछले तीन साल की तरह इस बार भी पिछले महीने राष्ट्रीय राजधानी के भीतर पटाखों के निर्माण, बिक्री, भंडारण और इस्तेमाल पर व्यापक प्रतिबंध की घोषणा की गई थी। पटाखे जलाने के चलन को हतोत्साहित करने के लिए जल्द पटाखे नहीं दिए जलाओ नामक जन जागरुकता कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों और पटाखों एवं पराली जलाने की घटनाओं के साथ प्रदूषण के स्थानीय स्रोतों के कारण दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की वायु गुणवत्ता हर साल दिवाली के आस पास खतरनाक स्तर पर पहुंच जाती है। दिल्ली सरकार ने सोमवार को सभी जिलाधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र में सभी प्रदूषण रोकथाम उपायों को कड़ाई से लागू करने का निर्देश दिया था। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण के ज्यादा स्तर वाले वर्तमान 13 प्रदूषण हॉटस्पॉट के अलावा आठ और ऐसे हॉटस्पॉट की पहचान की है तथा प्रदूषण के स्रोतों पर लगाम के लिए विशेष टीम को नियुक्त किया जाएगा। डस्ट स्प्रेसेंट में रासायनिक एजेंट जैसे कि कैल्शियम क्लोराइड, मैग्नेशियम क्लोराइड, लिग्नोसल्फोनेट्स और विभिन्न पॉलीमर हो सकते हैं। ये रसायन महीन धूलकणों को आपस में बांधते हैं और इन्हें वायु में प्रदूषण कण के रूप में घुलने से रोकते हैं।

## सौम्या विश्वनाथन हत्याकांड : अदालत आज पांचों आरोपियों को सुना सकती है सजा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



अदालत वर्ष 2008 में टेलीविजन पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या के पांच आरोपियों को बृहस्पतिवार को सजा सुना सकती है। एक अग्रणी अंग्रेजी समाचार चैनल में काम करने वालीं विश्वनाथन की 30 सितंबर को तड़के नेल्सन मंडेला मार्ग पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जब वह काम के बाद घर लौट रही थीं। पुलिस ने दावा किया था कि हत्या के पीछे का मकसद लूटपाट था।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एएसजे) रवींद्र कुमार पांडे ने 18 अक्टूबर को रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत मलिक और अजय कुमार को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत हत्या और समान मंशा के अपराध के लिए दोषी ठहराया। उन्हें संगठित अपराध करने के लिए महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के प्रावधानों के तहत भी दोषी ठहराया गया क्योंकि घटना में पीडि़ति की मृत्यु हो गई। इन अपराधों में अधिकतम सजा के रूप में मृत्युदंड का प्रावधान है। अदालत ने पांचवें आरोपी अजय सेठी को धारा 411 (बेईमानी से चोरी की संपत्ति प्राप्त करना) और मकोका प्रावधानों के तहत संगठित अपराध को बढ़ावा देने, सहायता करने और संगठित अपराध की आय प्राप्त करने की साजिश रचने के लिए दोषी ठहराया। अदालत ने कहा था, सजा 26 अक्टूबर को सुनाई जाएगी।

## सीएम ने किया मंत्रिमंडल में फेरबदल अब आतिशी संभालेंगी जल विभाग

● सौरभ भारद्वाज को मिला पर्यटन, कला और संस्कृति विभाग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने मंत्रिमंडल में मामूली फेरबदल करते हुए मंत्री सौरभ भारद्वाज से जल विभाग लेकर आतिशी को सौंपा है। उन्होंने बताया कि पर्यटन, कला और संस्कृति विभागों की जिम्मेदारी सौरभ भारद्वाज संभालेंगे जिन्हें अब तक आतिशी देख रही थीं।

अधिकारियों के अनुसार फेरबदल से संबंधित फाइल उप राज्यपाल वी के सक्सेना की मंजूरी के लिए भेजी गई थी और उन्होंने अपनी स्वीकृति दे दी है। पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के जेल में जाने के बाद उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई थी। सिसोदिया और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन के स्थान पर ही आतिशी और सौरभ भारद्वाज को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया था।

सौरभ भारद्वाज वर्ष 2013 से आम आदमी पाटी से विधायक है। वह डीजेबी के उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। आतिशी पहले मनीष सिसोदिया की शिक्षा विभाग में सलाहकार थीं। इसी साल मार्च में सीएम अरविंद केजरीवाल ने दोनों को मंत्रिमंडल में शामिल करने की जानकारी एलजी विनय सक्सेना को दी थी।

## विवाहेतर संबंध के शक में पत्नी की हत्या

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर इलाके में विवाहेतर संबंध के शक में एक महिला की उसके पति ने गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि शबनम और उसके पति उमैद के बीच मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात बहस हुई। उन्होंने कहा कि उमैद ने गुस्से में आकर अपनी पत्नी का गला दबा दिया और वह बेहोश हो गई। अधिकारियों ने कहा कि पति-पत्नी चार बच्चों के साथ चांद बाग के ई-ब्लॉक में किराए के मकान में रहते थे। उन्होंने कहा कि परिवार के सदस्य शबनम को जग



प्रवेश चंद्र अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, उमैद को शबनम के विवाहेतर संबंध होने का शक था। अधिकारियों ने कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले में आरोपी से पूछताछ जारी है।

### तिमारपुर में किशोर को चाकू घोपा, मौत

**नई दिल्ली।** तिमारपुर में दशहरा कार्यक्रम के दौरान मामूली बात पर युवाओं के एक समूह ने 17 वर्षीय एक लड़के की चाकू घोंपकर कथित तौर पर हत्या कर दी। यह घटना मंगलवार रात करीब साढ़े आठ बजे गोल मार्केट के पास संजय बस्ती की है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, पीड़ित आर्यन का अपने कुछ दोस्तों के साथ एक लड़की से बात करने को लेकर विवाद हो गया था। मंगलवार शाम को विवाद फिर से बढ़ गया, जिसके बाद आरोपियों ने उस पर चाकुओं से हमला कर दिया।

## वेतन देरी पर एलएनजेपी अस्पताल के सुरक्षा कर्मियों की हड़ताल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

एलएनजेपी में तैनात निजी कंपनी के सुरक्षा कर्मियों ने वेतन भुगतान में कथित देरी, तय घंटों से अधिक काम और अन्य समस्याओं को लेकर बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया।

लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल (एलएनजेपी) के अधिकारियों द्वारा इस मामले में दखल देने और समस्याओं के समाधान का आश्वासन देने के बाद उन्होंने कामकाज शुरू कर दिया। अस्पताल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से निजी सुरक्षाकर्मी रखे गए हैं। इनमें से ज्यादातर सुरक्षाकर्मी एक एजेंसी के हैं, जिसकी सेवाएं दिल्ली सरकार ने ले रखी हैं। प्रदर्शन करने वाले ज्यादातर सुरक्षाकर्मियों को उसी छोटी निजी एजेंसी ने नियुक्त किया था। 140 से अधिक सुरक्षाकर्मी इस एजेंसी से जुड़े हैं और विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व मोटे तौर पर उनके सुपरवाइजर ने किया। सभी सुरक्षाकर्मी विरोध प्रदर्शन में शामिल नहीं हुए। उनकी शिकायतें भुगतान में देरी, भविष्य निधि और अन्य मुद्दों से संबंधित हैं। आठ घंटे से ज्यादा काम कराने के उनके आरोप की भी जांच की जा रही है।

### 3000 डीबीसी कार्यकर्ताओं की एमटीएस के तौर पर तैनाती

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अनुबंध के आधार पर मल्टी टास्किंग कर्मचारी (एमटीएस) के तौर पर 3,000 से अधिक डोमेस्टिक ब्रीडिंग चेकिंग (डीबीसी) कार्यकर्ताओं को शामिल करने का प्रस्ताव अगले नगर निगम सदन में लाए जाने की संभावना है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

डीबीसी कार्यकर्ताओं के कार्य में मलेरिया, डेंगू और अन्य मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम एवं नियंत्रित करना शामिल है। सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि वर्तमान में महापौर की अनुमति से और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा तय न्यूनतम वेतनमान के तहत 3,112 डीबीसी कार्यकर्ता यह काम कर रहे हैं।

## स्विटजरलैंड ने स्विस महिला की मौत पुष्टि की

● विदेशी महिला का जंजीर से बंधा शव तिलक नगर इलाके से मिला था

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

स्विट्जरलैंड ने पुष्टि की है कि जिस महिला का जंजीरों से बंधा शव पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर इलाके से मिला था, वह स्विस नागरिक थी।

दिल्ली स्थित स्विस दूतावास के मीडिया उप -प्रमुख वैलेन्टिन क्लिवाज़ ने एक बयान में कहा, एफडीएफए (संघीय विदेश विभाग) भारत में एक स्विस नागरिक की मौत की पुष्टि करता है। उन्होंने कहा कि स्विस दूतावास यहां स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है। क्लिवाज ने कहा कि डेटा सुरक्षा और व्यक्तिगत गोपनीयता के कारणों से कोई और विवरण नहीं दिया जा सकता। करीब 30 साल की नीना बर्जर का क्षत-विक्षत शव शुक्रवार को तिलक नगर में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) स्कूल की दीवार के पास एक स्थान से मिला था। उसके हाथ-पैर जंजीरों से बंधे हुए थे और जंजीरों पर ताला लगा हुआ था।

दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को कहा था कि वह मृतक के परिवार के सदस्यों के आगे आने और शव की पहचान करने का इंतजार कर रही है, ताकि पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया शुरू की जा सके। पुलिस ने बताया कि शव को पश्चिमी दिल्ली के एक अस्पताल के शवगृह में रखा गया है। दिल्ली पुलिस ने घटना के सिलसिले में गुरपीत सिंह (33) को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने कहा कि पूछताछ के दौरान, सिंह ने कबूल किया है कि उसने बर्जर की हत्या कर दी क्योंकि वह उससे शादी करना चाहता था लेकिन उसने उसके अनुरोध को ठुकरा दिया। सिंह के अनुरोध पर बर्जर 11 अक्टूबर को दिल्ली आई थी।

पुलिस को सिंह के पास से बर्जर का पासपोर्ट और वीजा जैसे दस्तावेज मिले हैं। दस्तावेजों के मुताबिक, वह ज्यूरिख की रहने वाली थी।

## संक्षिप्त समाचार


कांग्रेस में शामिल हुए नेताओं का स्वागत करते प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर लवली।

### भाजपा और आप नेताओं ने थामा कांग्रेस का हाथ

**नई दिल्ली।** भाजपा, आम आदमी पार्टी और बीएसपी के कई नेताओं ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने इन लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई और पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। लवली ने त्रिलोकपुरी विधानसभा चुनाव लड़े उम्मीदवार व सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व चैयरमैन व आम आदमी पार्टी के नेता हरनाम सिंह, कैंट विधानसभा से चुनाव लड़े संदीप तंवर, करावल नगर विधानसभा से आंगनबाड़ी विभाग की देखरेख करने वाली आप की रुपाली शर्मा, बीएसपी के शिव कुमार चौहान और करावल नगर से चुनाव लड़े वीर पाल सूर्यवंशी, आम आदमी पार्टी के नेता दया राम गुप्ता, करोल बाग से भाजपा की अर्चना राय, आम आदमी पार्टी के राजौरी गार्डन विधानसभा से सुमन मिश्रा, मादीपुर विधानसभा से सुभाष बिड़लान और अशोक चौधरी, लक्ष्मी नगर विधानसभा के रंजीत सिंह लुहेरा, अभिषेक सांगवान, डा0 समसुद्दीन, रणवीर सिंह, कृष्णा नगर विधानसभा से जगतपति सहगल, गगनदीप, हितेष मेहता, रवि तलवार, विजय गंगाहेरी, पवन किशोर समेत अन्य नेताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

### 'शिक्षित पत्नी को नौकरी के लिए नहीं कर सकते मजबूर'

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि सिर्फ इसलिए कि पत्नी स्नातक तक की पढ़ाई कर चुकी है, उसे नौकरी के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता और यह नहीं माना जा सकता कि वह अलग रह रहे पति से गुजारा भत्ता पाने के लिए जानबूझकर काम नहीं कर रही। अदालत एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें एक व्यक्ति ने इस आधार पर पत्नी को दिए जाने वाले अंतरिम गुजारा भत्ते की राशि 25 हजार रुपए से घटाकर 15 हजार रुपए करने का अनुरोध किया था कि वह (पत्नी) विज्ञान में स्नातक तक पढ़ी हुई है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि पत्नी स्नातक तक पढ़ी हुई है, हालांकि उसे कभी लाभप्रद रोजगार नहीं मिला। पीठ ने कहा कि कुटुंब अदालत द्वारा निर्धारित अंतरिम गुजारा भत्ते में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं है।

## मेरी माटी मेरा देश अभियान

# स्थानीय मिट्टी का अमृत वाटिका में होगा समर्पण

## उपराज्यपाल ने जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए सभी 11 जिलों से लाई गई मिट्टी से वाटिका के निर्माण की घोषणा की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मिट्टी से भरे 11 कलशों को हरी झंडी भी दिखाई।

मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत स्थानीय मिट्टी का अमृत वाटिका में समर्पण होगा। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने राजधानी में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के निकट एकता की प्रतीक अमृत वाटिका के निर्माण का ऐलान किया।

यहां देश के कोने-कोने से लाई गई मिट्टी जिसमें दिल्ली के सभी 11 जिलों से लाई गई मिट्टी भी शामिल है, से विकसित किया जाने वाला यह खूबसूरत उद्यान सिर्फ एक हरा-भरा स्थान नहीं होगा बल्कि यह हमारी साझा विरासत का एक जीवंत प्रमाण होगा, जो हमारे विशाल राष्ट्र के हर कोने की मिट्टी और पौधों द्वारा पोषित होगा। उपराज्यपाल ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक तक पहुंचने के लिए मिट्टी से भरे 11 कलशों को हरी झंडी भी दिखाई। देश के कोने-कोने से युवाओं, स्वयंसेवकों और अन्य लोगों ने पंचायतों, गांवों से मिट्टी एकत्रित की और इसे ब्लॉक स्तर पर लाया गया। इसी प्रकार, मिट्टी को छोटे शहरी निकायों से एकत्र कर बड़ी नगर पालिकाओं, शहरी स्थानीय निकायों तक ले जाया गया।

इसके बाद, इन कलश में पंचायतों, गांवों, शहरी क्षेत्रों की मिट्टी को राष्ट्रीय राजधानी में लाया गया। अमृत कलश यात्रा जिसमें गांवों की खुशबू बसती है, उस ताकत का प्रतीक है जो एकता और साझा जड़ों से प्राप्त होती है। सक्सेना ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परिकल्पित यह अभियान हमारे नायकों के अदम्य साहस को दर्शाता है जो हमारे देश की विविधता के बीच एकजुटता को कायम रखता है।

मेरी माटी मेरा देश केवल गतिविधियों का एक समूह नहीं है, बल्कि यह हमारे गांवों और शहरों की धरती पर रची गई कृतज्ञता की एक सामूहिक अभिव्यक्ति है, जो हमारे राष्ट्र को परिभाषित करने वाली वीरता को श्रद्धांजलि देती है। एलजी ने शहीद नायकों का सम्मान करते हुए, भारत की अटूट भावना का जश्न मनाया। उन्होंने कहा एक ऐसा राष्ट्र जो चुनौतियों से ऊपर उठता है, एक ऐसी भूमि जो अपनी विविधता को अपनाती है, और जो लोग प्रतिकूल परिस्थितियों में मजबूती के साथ खड़े रहते हैं। यह अभियान हमें उन वीरों और वीरांगनाओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने और अपना आभार व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है जो हमारी स्वतंत्रता को सुरक्षित रखने और हमारी पोषित विरासत की रक्षा के लिए शहीद हो गए। यह हमें स्वतंत्रता सेनानियों, रक्षा कर्मियों और पुलिस अधिकारियों को सम्मानित करने का अवसर देता है जिन्होंने कर्तव्य के पथ पर सर्वोच्च बलिदान दिया। उनके नाम शिलापट्ट पर अंकित किए जाएंगे, जो देश भर के गांवों और शहरी क्षेत्रों में एक श्रद्धांजलि के रूप में स्थापित होंगे।

### 294 करोड़ के मादक पदार्थ और सिगरेट का निपटान

**नई दिल्ली।** दिल्ली सीमा शुल्क विभाग ने जब्त किए गए करीब 294 करोड़ मूल्य के 328 किलोग्राम मादक पदार्थों और विदेशी मूल की सिगरेट का बुधवार को निपटान किया। एक विशेष अभियान 3.0 के तहत दिल्ली सीमा शुल्क निवारक क्षेत्र ने 80 लाख सिगरेट, 286 किलोग्राम खट पत्तियां, 29 किलोग्राम हेरोइन, छह किमी कोकीन और सात किलोग्राम एम्फेटामाइन का निपटान किया।

चेयरमैन संजय अग्रवाल ने बताया कि 328 किलोग्राम मादक पदार्थ नष्ट किया जा रहा है। इसकी कीमत 284 करोड़ रुपए है। विदेशी 80 लाख सिगरेट जो आज नष्ट की जा रही हैं, उनकी कीमत 9.85 करोड़ रुपए है। मादक पदार्थों का निपटान जहांगीरपुरी में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अधिकृत जैविक अपशिष्ट प्रबंधन सुविधा में किया जा रहा है।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 26 अक्टूबर, 2023



# लघु भारत बन चुके गुरुग्राम में फिल्म सिटी निर्माण के होंगे प्रयास: नवीन गोयल

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

### गुरुग्राम में फिल्म सिटी बनने पर बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

### फिल्म सिटी के निर्माण के लिए सरकार को भेजेंगे मांग पत्र

**मिलेनियम** सिटी गुरुग्राम हरियाणा का चेहरा है। यहां पर हर राज्य के लोग रहते हैं। इनमें कारपोरेट जगत में नौकरी करने वालों के साथ कलाकार भी शामिल हैं। इसलिए यहां पर फिल्म सिटी बनाई जानी चाहिए। फिल्म सिटी बनने से गुरुग्राम ही नहीं हरियाणा व आसपास के युवाओं को कला के क्षेत्र में भविष्य बनाने का अवसर मिलेगा। फिल्म सिटी हुनर दिखाने के साथ रोजगार का भी माध्यम बनेगी। यह बात पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने कहीं। नवीन गोयल ने मंगलवार की रात को ओल्ड दिल्ली रोड स्थित राज चौहान नाईट में यह बात कहीं।



गुरुग्राम में आयोजित राज चौहान नाइट कार्यक्रम में सम्मानित करते नवीन गोयल।

यहां उन्होंने कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।

नवीन गोयल ने कहा कि हरियाणा सरकार ने जिस तरह से फिल्म पॉलिसी बनाकर कलाकारों, फिल्म अभिनेताओं को सुविधा मुहैया कराई है, वह काबिले तारीफ है। आने वाले भविष्य में गुरुग्राम में फिल्म सिटी का भी निर्माण हो, इसके भी प्रयास किए जाएंगे। प्रदेश के कलाकारों को वर्तमान प्रदेश सरकार ने बेहतर मान-सम्मान दिया है। हरियाणवी कला को बढ़ावा देने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ कला को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।

उन्होंने कहा कि कलाकार हर व्यक्ति होता है। कला का कोई पैमाना नहीं होता। चुप रहना भी एक कला है तो बेहतर बोलना भी एक कला है। खड़े रहना भी एक कला है तो एक्टिंग करना भी एक कला है।

हमारी संस्कृति में कला को बहुत सम्मान दिया जाता है। यहां प्रतिभाओं को तराशा जाता है। हर क्षेत्र की प्रतिभा यहां पर हमें नजर आती है। नवीन गोयल ने कहा कि उन्हें गुरुग्राम में लगभग हर प्रदेश के लोगों के कार्यक्रमों में शिरकत करने का अवसर मिला है। हर जगह पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बेटियों, बहनों, युवाओं, बच्चों में जो प्रतिभा नजर आती है, वही विशेषता है।

# मूलभूत सुविधाओं पर जनता का हक ना बरती जाए लापरवाही: सुधीर सिंगला

### अग्रवाल सभा की ओर से जनसमस्या निवारण कार्यक्रम में पहुंचे विधायक

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



जनसमस्या निवारण कार्यक्रम में पहुंचे विधायक सुधीर सिंगला का स्वागत करते लोग।

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने सोहना में अग्रवाल सभा की ओर से आयोजित जनसमस्या निवारण कार्यक्रम में शिरकत की। वार्ड-1 से लेकर पांच तक के लोगों के लिए आयोजित किए गए इस बैठक में लोगों ने अपनी समस्याओं को लिखित रूप में विधायक को सौंपा। विधायक ने काफी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया।

उन्होंने इस बाबत अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मूलभूत सुविधाओं पर सबका हक है। इसमें कोई लापरवाही ना हो। इस अवसर पर विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि जनता को बिजली, पानी, सीवरेज, सड़कों जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के तौर पर दिया जा रहा है। हर व्यक्ति से जुड़ी ये सुविधाएं हैं। इन पर अधिक फोकस है। इन विषयों पर प्रदेश सरकार ने प्रमुखता से काम किया है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जिला में विकास बड़े पैमाने पर हुआ है। जिस मेवात क्षेत्र को पिछड़ा समझा जाता रहा है, अब वहां पर भी रेल की सीटी बजने वाली है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे भी गुरुग्राम, सोहना से होते हुए वाया मेवात भी बनाया गया है। केंद्र और राज्य सरकार इस क्षेत्र के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। पिछली सरकारों ने मेवात को हमेशा राजनीति का केंद्र माना, लेकिन यहां के विकास पर कुछ नहीं किया। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में मेवात विकासशील क्षेत्रों की सूची में आ गया है। जो विकास यहां हुआ है और हो रहा है, इससे यहां रोजगार के साधन भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि सोहना, नूंह में भाईचारा खराब करने वाले, हिंसा फैलाने वाले बेनकाब हो चुके हैं। उन्हें यहां के विकास की बजाय भाईचारा खराब करके माहौल बिगाड़ना आता है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने क्षेत्र में अमन चैन कायम करके उसी मंदिर में जलाभिषेक किया, जहां से हिंसा फैलाई गई थी। उनकी कार्यप्रणाली सबसे अलग है। वे विकास में विश्वास रखते हैं और प्रदेश का समुचित विकास उन्होंने किया है। सोहना क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनकर विधायक सुधीर सिंगला ने अधिकारियों को मौके पर ही निराकरण करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में विधायक सुधीर सिंगला के साथ किशन मुखी, प्रभारी हरवीर आधाना, नगर परिषद के चेयरमैन लेखराज, मंडल अध्यक्ष गौरव चुघ, रामकिशन राघव, अग्रवाल सभा के प्रधान सुरेश गर्ग, मुकेश, योगेश, राधे श्याम सक्सेना के अलावा विभिन्न अधिकारी व अन्य लोग मौजूद रहे।

# सेक्टर-40 में चल रहा था अवैध नशा मुक्ति केंद्र, सीएम फ्लाइंग ने मारा छापा

**गुरुग्राम।** सेक्टर-40 में अवैध रूप से चलाए जा रहे नशा मुक्ति केंद्र का भंडाफोड़ हुआ है। गुप्त सूचना के आधार पर मुख्यमंत्री उड़नदस्ता, स्वास्थ्य विभाग, एसडीएम बादशाहपुर व समाज कल्याण विभाग गुरुग्राम की संयुक्त टीम ने छापेमारी करके वहां से केंद्र संचालक को गिरफ्तार किया।



गुरुग्राम में अवैध रूप से नशा मुक्ति केंद्र चलाने पर गिरफ्तार किया गया संचालक।

जानकारी के अनुसार सीएम फ्लाइंग को गुप्त सुचना मिली थी कि सेक्टर-40 के मकान नंबर-1094 में एवेकनिंग रिहाब फाउंडेशन के नाम से अवैध नशा मुक्ति केन्द्र चलाया जा रहा था। वहां पर शराब, गांजा, स्मैक आदि के मरीजों का उपचार किया जा रहा था। इस सूचना पर मुख्यमंत्री उड़नदस्ता, स्वास्थ्य विभाग, एसडीएम बादशाहपुर व समाज कल्याण विभाग की टीम ने छापेमारी की। टीम को मौके पर नशा मुक्ति केन्द्र संचालक 12वीं पास बलराम निवासी गुरुग्राम मिला। उसने पूछताछ में बताया कि यह सेंटर वर्ष 2021 में शुरू किया गया था। संचालक से नशा मुक्ति केन्द्र चलाने के बारे में वैध दस्तावेज पेश करने व सेंटर में दाखिल लोगों की व उनके लीगल संरक्षकों की सहमति मांगी गई। वह कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। अवेकनिंग रिहाब फाउडेशन नशा मुक्ति केन्द्र में 12 मरीज दाखिल मिले। जिनका ईलाज किया जा रहा था। नशा मुक्ति केन्द्र पर नशे के आदी लोगों से इलाज के लिये 40/45 हजार रुपये नार्मल बेड व 60/70 हजार रुपये स्पेशल बेड के लिये प्रतिमाह चार्ज लिया जाता था। नशा मुक्ति केन्द्र में डबल डेकर बेड लगाकर वैध नशा मुक्ति केन्द्र के नियमों की अवेहलना भी की जा रही थी। दाखिल मरीजों ने टीम को यह भी बताया कि उनके साथ यहां पर मारपीट भी की जाती है।

# फ्लिपकार्ट के बिग बिलियन डेज में वॉलमार्ट वृद्धि सेलर्स की बिक्री में शानदार बढ़ोतरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

### डिजिटल ग्रोथ के लिए भारत के एमएसएमई को बनाया जा रहा सशक्त

**भारत** और बेंटनविले, आर्क, 25 अक्टूबर, 2023। भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम आकार के उद्यमों (एमएसएमई) को सशक्त बनाने वाले वॉलमार्ट वृद्धि सप्लायर डेवलपमेंट प्रोग्राम (वॉलमार्ट वृद्धि) में फ्लिपकार्ट की बिग बिलियन डेज सेल से बिक्री में साल दर साल 70 से अधिक की वृद्धि देखने को मिली है। 2019 में अपनी स्थापना के बाद से वॉलमार्ट वृद्धि ने देश भर में 40,255 एमएसएमई को सशक्त बनाया है, उन्हें डिजिटल युग में आगे बढ़ने के लिए जरुरी उपकरण और ज्ञान उपलब्ध कराया है। अपने लोकल प्रोग्राम पार्टनर स्वस्ति के साथ वॉलमार्ट वृद्धि की यह उपलब्धि, जमीनी स्तर पर आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के प्रति इसके समर्पण को दिखाती है।

यह वृद्धि इसके एमएसएमई पार्टनर्स के लचीलेपन और अनुकूलन क्षमता को भी दिखाती है क्योंकि वे वर्तमान बाजार की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। फ्लिपकार्ट के प्लेटफॉर्म पर वॉलमार्ट वृद्धि विक्रेताओं द्वारा बेचे जाने वाले अलग अलग कैटेगरी के विभिन्न उत्पादों की लम्बी श्रृंखला मौजूद है। सबसे अधिक बिकने वाली वस्तुओं में कपड़े, होम डेकोर और असेसरिज़ शामिल हैं। वॉलमार्ट सोर्सिंग के सीनियर वाईस प्रेसिडेंट, सप्लायर डेवलपमेंट, जेसन फ्ररेमस्टैड ने इस उपलब्धि पर कहा, एमएसएमई को सशक्त बनाना समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए वॉलमार्ट की प्रतिबद्धता को दिखाता है। वॉलमार्ट वृद्धि से हमने भारत में अपने पार्टनर्स से बेहतरीन लचीलापन और दृढ़ संकल्प देखा है। यह मील का पत्थर इन व्यवसायों में इनोवेशन को बढ़ावा देने और स्थायी प्रभाव पैदा करने की क्षमता में हमारे विश्वास को मजबूत करता है। हमें गर्व है कि विकास की दिशा में उनकी यात्रा में हम समर्थन कर रहे हैं। वॉलमार्ट वृद्धि के मार्गदर्शन में, एब्बी फैशन ने 2022 में फ्लिपकार्ट पर अपनी डिजिटल यात्रा की शुरुआत की। पहले राजस्थान और दिल्ली में लोकल ऑडियंस को ध्यान में रखते हुए, ब्रांड की नई ऑनलाइन रीच ने भारत के सभी कोनों से ग्राहकों को आकर्षित किया है, जिसके परिणामस्वरूप उनकी कुल बिक्री में 25 की शानदार वृद्धि हुई है। एक अन्य व्यवसाय, नेचुरली पहाड़ी, जो हिमालय में मौजूद सस्टेनेबल और पौष्टिक उत्पादों को बनाता है, वॉलमार्ट वृद्धि कार्यक्रम के माध्यम से फ्लिपकार्ट के बाज़ार में शामिल हुआ।

इस रणनीतिक कदम के परिणामस्वरूप उसकी बिक्री में एतिहासिक 300 की वृद्धि हुई, जिससे उनकी हिमालयन ऑफरिंग्स की लोकप्रियता बढ़ गई व्यापक भारतीय बाजार और बढ़ते राष्ट्रीय राजस्व में, फ्लिपकार्ट के साथ वॉलमार्ट वृद्धि का सहयोग एमएसएमई को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह कार्यक्रम विक्रेताओं को ई-कॉमर्स की क्षमता का उपयोग करने, व्यापक कस्टमर बेस तक पहुंचने और बिक्री बढ़ाने में सक्षम बनाता है।

यह विक्रेताओं को फ्लिपकार्ट के प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण, ऑनबोर्डिंग, कस्टमर इनसाईट देने और ब्रांड अप्रूवल जैसे कार्यों में भी सहायता करता है मार्केटप्लेस, फ्लिपकार्ट के वाईस प्रेसिडेंट और हेड राकेश कृष्णन ने कहा, फ्लिपकार्ट का मिशन विक्रेताओं के लिए डिजिटल युग में आगे बढ़ने के नए अवसर पैदा करना है। हमें यह देखकर खुशी हो रही है कि वॉलमार्ट वृद्धि विक्रेताओं ने हमारे प्लेटफॉर्म के माध्यम से यह महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं।

# आरजीसीआई ने होप 2023 के साथ मनाया वर्ल्ड हॉस्पिस एंड पैलिएटिव केयर डे

### पेन एंड पैलिएटिव केयर डिपार्टमेंट की प्रमुख डॉ. किंशुकी जैन ने कैंसर के इलाज के दौरान मानसिक पीड़ा पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिए जाने पर चिंता जताई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**वर्ल्ड** हॉस्पिस एंड पैलिएटिव केयर डे के मौके पर रोहिणी, नई दिल्ली स्थित राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट (आरजीसीआई) के पेन एंड पैलिएटिव केयर डिपार्टमेंट ने होप 2023 का आयोजन किया। इसका लक्ष्य कैंसर के मरीजों की मानसिक पीड़ा के बारे में विमर्श करते हुए लोगों के बीच पेन एंड पैलिएटिव केयर के बारे में जागरूकता लाना था।

कंपैशनेट कम्युनिटीज' यानी सहृदयी समाज की थीम को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम के दौरान समाज के सक्रिय सदस्यों, आभा कर्मियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, वॉलंटियर्स समेत अलग-अलग वर्ग के लोगों को आमंत्रित किया गया। इस दौरान मरीज, उनके परिजन, डॉक्टर एवं नर्स भी उपस्थित रहे। पेन एंड पैलिएटिव केयर डिपार्टमेंट की प्रमुख डॉ. किंशुकी जैन ने कैंसर के इलाज के दौरान मानसिक पीड़ा पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिए जाने पर चिंता जताई। साथ ही इस दिशा में ध्यान दिए जाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान कई ज्ञानवर्धक संबोधन हुए।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे इस्कॉन के प्रशांत मुकुंद दास ने मानसिक पीड़ा को दूर करने के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं का उल्लेख किया। डॉ. वैशाली जामरे ने स्तन कैंसर और डॉ. हिमांशु रोहेला ने ऑर्थोपेडिक कैंसर के इलाज के दौरान पेन, पैलिएशन और रीहैबिलिटेशन की जरूरत का उल्लेख किया। इस दौरान विभिन्न एनजीओ और निजी एजेंसियों के माध्यम से दी जाने वाली होम केयर सर्विसेज के बारे में भी बात की गई।

इस कार्यक्रम के दौरान करीब 150 मरीजों और उनके परिजनों को अपना निजी अनुभव साझा करने का मौका मिला। इससे लोगों के बीच संवेदना एवं एकजुटता की भावना का संचार हुआ। उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम के दौरान संवाद सत्रों और पेशेंट केयर के व्यापक पहलुओं को लेकर समग्र समझ की सराहना की। डॉ. किंशुकी जैन ने कहा, 'होप 2023 की सफलता से स्पष्ट है कि पेशेंट केयर के मामले में संवेदना एवं इंटीग्रेटेड एप्रोच को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के प्रयास कितने आवश्यक हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पार्षद पद के उपचुनाव में दो नामांकन भरे, आज आखिरी दिन



**सोहना।** नगर परिषद के वार्ड-15 में होने वाला पार्षद पद के उपचुनाव में बुधवार को दो नामांकन भरे गए। नामांकन भरने वालों में मृतक पार्षद राजकुमार की पत्नी भी शामिल है। नगर परिषद के वार्ड-5 में होने वाला पार्षद पद का उपचुनाव में बुधवार को नामांकन भरने का खाता खुल गया। नामांकन भरने के पांच दिन बाद दो नामांकन भरे गए। जिनमें मृतक पार्षद राजकुमार गोयल की पत्नी कुसुम गोयल और अनिल गोयल ने अपना-अपना नामांकन भरे गए। नामांकन भरने की प्रक्रिया एसडीएम कार्यालय में चल रही है। नामांकन भरने का गुरुवार आखिरी दिन होगा। उम्मीद की जा रही है कि आखिरी दिन दो से तीन नामांकन और भरे जा सकते है। जिनकी कागजातों को तैयार करने के बाद नामांकन भरने की सभी कमियों को पूरा कर लिया है। नामांकन भरने की प्रक्रिया 20 अक्तूबर से शुरु हो गई थी। लेकिन पहले दो दिन और सोमवार को एक भी नामांकन नहीं भरा गया। मंगलवार को दशहरा का सरकारी अवकाश होने के कारण आज बुधवार को दो नामांकन भरे गए।

### मोनू मानेसर को फिर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा



**गुरुग्राम।** नूंह दंगों में भड़काऊ पोस्ट वायरल करने के आरोपी मोनू मानेसर की बुधवार को पटोदी कोर्ट में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी हुई। अदालत ने सुनवाई के बाद मोनू मानेसर की न्यायिक हिरासत 14 दिन और बढ़ा दी। मोनू मानेसर अभी 14 दिन तक भोंडसी जेल में ही रहेगा। अगली पेशी 8 नवम्बर को होगी। मोनू मानेसर को गुरुग्राम पुलिस राजस्थान से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई थी। अदालत में पेशी के दौरान उसे 4 दिन के रिमांड पर पटोदी पुलिस को सौंपा गया। 11 अक्टूबर को फिर से पेशी हुई और उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भोंडसी जेल भेज दिया गया। अब बुधवार को फिर से उसकी पेशी हुई। इस बार वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी हुई। सुरक्षा कारणों के चलते ऐसा किया गया। पेशी के समय मोनू मानेसर के वकील कोर्ट में मौजूद रहे। अदालत ने सुनवाई पूरी होने के बाद मोनू मानेसर को फिर से 14 दिन की न्यायिक हिरासत के आदेश दिए। 14 दिन की न्यायिक हिरासत में मोनू मानेसर को भोंडसी जेल में ही रहना होगा। उसकी अगली पेशी 8 नवम्बर को होगी।

### सदर बाजार सहित आसपास के क्षेत्र में रात में हुई सफाई



गुरुग्राम के सदर बाजार में रात को सफाई करते सफाईकर्मी।

**गुरुग्राम।** शहर के सबसे महत्वपूर्ण बाजार सदर बाजार तथा आसपास के क्षेत्रों में नगर निगम गुरुग्राम की टीम ने रात्रि के समय सफाई की। सदर बाजार के व्यापारियों ने नगर निगम का धन्यवाद किया तथा सफाई कार्य में अपना पूर्ण सहयोग दिया। नगर निगम गुरुग्राम में नियमित तथा निगम रोल पर नियुक्त कर्मचारी पिछले काफी लंबे समय से हड़ताल पर चल रहे हैं, जिसके कारण शहर की सफाई व्यवस्था अव्यवस्थित हुई है। नगर निगम की स्वच्छता शाखा के वरिष्ठ सफाई निरीक्षक सुधीर कुमार ने सदर बाजार के व्यापारियों के सहयोग से मंगलवार-बुधवार की रात्रि को बाजार के मुख्य रास्ते सहित आसपास की गलियों में पर्याप्त सफाई की। इससे एक ओर जहां बाजार के दुकानदारों ने निगम का धन्यवाद किया, वहीं बाजार में आने वाले ग्राहक भी संतुष्ट नजर आए। सदर बाजार के व्यापारी रामअवतार गर्ग उर्फ बिट्ठू, रवि आहुजा, रोशनलाल उर्फ पिंटु, आशीष गुप्ता, दिनेश मंगला, सतीश शर्मा, प्रवीण सिंगला, पवन गर्ग, प्रदीप गुप्ता, सौरभ गर्ग, ज्योति गनोत्रा व रिंपल सहित अन्य व्यापारियों ने नगर निगम का धन्यवाद किया। अन्य क्षेत्रों में भी एजेंसी के कर्मचारी सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने में जुटे हुए हैं। नगर निगम के आयुक्त पीसी मीणा द्वारा सोमवार को सफाई एजेंसियों के प्रतिनिधियों को स्पष्ट व कड़े निर्देश दिए थे कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करें, ताकि शहरवासियों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। निगमायुक्त के निर्देशों की पालना में सभी एजेंसियां अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने में जुटी हुई हैं। हालांकि कुछ स्थानों पर हड़ताली कर्मचारियों ने सफाई कार्य को रोकने की कोशिश की गई, लेकिन पुलिस के सहयोग से सफाई कार्य लगातार जारी है।

### बाइक चालक से बदमाशों ने की मारपीट व लूटपाट, मामला दर्ज

**पुन्हाना।** बाइक से अपने घर पिनगवां आ रहे एक युवक के साथ मारपीट कर लूटपाट करने का मामला प्रकाश में आया है। पीडित की शिकायत पर बिछोर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पीडित व्यक्ति तरुण निवासी पिनगवां ने बताया कि 22 अक्टूबर को वो होडल से बाइक पर पिनगवां आ रहा तो उसकी बाइक का पेट्रोल नीमका गांव के पास रास्ते में खत्म हो गया जिससे वो बाइक को पैदल लेकर आ रहा था। थोडी दूर चलने पर पीछे से बाइक पर सवार दो युवक आए और उन्होंने मदद के बहाने उसकी बाइक में पैर लगाकर नीमका पेट्रोल पंप तक पंहुचा दिया। पेट्रोल पंप पर पेट्रोल नहीं होने के कारण जब वो अगले पेट्रोल पंप पर जाने लगा तो उक्त युवको ने उसे पैर से धक्का देकर नीचे गिरा दिया और उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि उक्त बदमाशो ने उसका मोबाइल फोन जेब मे रखे पैतालीस सौ रुपये , बाइक की आरसी, उसके भाई का लाइसेंस सहित अन्य कागजात छीन लिए और भाग गए।

# ऐतिहासिक रहा अमृत कलश यात्रा का राज्य स्तरीय समारोह: सरपंच सुंदर लाल यादव

### दो महीने तक प्रदेश में मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया गया

**प्रवीन शर्मा।** गुरुग्राम



मानेसर से रोहतक के लिए अमृत कलश यात्रा के लिए रवाना होते सरपंच सुंदर लाल व एनएसजी कमांडो।

**मेरी** माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत बुधवार को अमृत कलश यात्रा को रोहतक के लिए नगर निगम मानेसर के संयुक्त आयुक्त दिनेश कुमार ने आईएमटी मानेसर चौक से झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सुन्दर लाल सरपंच सिकन्दरपुर-बढ़ा, अजीत यादव मानेसर अजीत (ढाणा) देशराज सरपंच फाजिलवास सहित मानेसर नगर निगम के अधिकारी भी साथ रहे। एनएसजी ब्लैक केट्स के ग्रुप कमांडर, एनएसजी की टीम के साथ नगर निगम मानेसर की टीम अमर जवान की मिट्टी लेकर रोहतक पहुंची। रोहतक में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने संबोधित किया।

सरपंच सुंदर लाल ने बताया कि जिला के हर खंड और नगर निगम, नगर परिषद क्षेत्र में पिछले दो माह से मेरी माटी देश अभियान के कार्यक्रम किए गए। प्रत्येक गांव व नगर निगम क्षेत्र के वीर शहीदों को इस माध्यम से यादव किया। उस क्षेत्र की पावन माटी को अमृत कलश में एकत्रित किया गया। सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश का राष्ट्रीय समारोह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इससे पहले रोहतक में प्रदेश स्तरीय समारोह आयोजित किया गया। दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम को लेकर गुरुग्राम-दिल्ली सीमा पर धनचिरी कैंप में तैयारियां की गई हैं। यहां विभिन्न प्रदेशों से आने वाले यात्रियों को ठहराया जाएगा। सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि गुरुग्राम जिला के हर ब्लॉक, नगर निगम, नगर परिषद और ग्राम पंचायत से एक जनप्रतिनिधि रोहतक पहुंचा। पंचायत व नगर पार्षद अधिकारियों के साथ पहुंचे। जनप्रतिनिधियों को उत्साहपूर्वक इस समारोह में भाग लिया। स्थानीय निकाय और पंचायत विभाग के अधिकारी अन्य विभागों के साथ मिलकर इस आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

# कुत्तों को खाना खिलाने को लेकर दो पक्षों में भिड़ंत

**गुरुग्राम।** कुत्तों को खाना खिलाने को लेकर शहर के पॉश एरिया सुशांत लोक फेज-1 में मंगलवार की देर रात को जमकर हंगामा हुआ। दो पक्ष एक दूसरे से भिड़ गए। एक पक्ष ने दूसरे को चप्पल से पीटा, जबकि दूसरे पक्ष ने पहले पर गंभीर आरोप लगाए। घटना की सूचना सेक्टर-53 थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

सुशांत लोक फेज-1 के ई-ब्लॉक में रहने वाली पूजा ने बताया कि वह चार साल से यहां रह रही है। स्ट्रे डॉग्स को खाना खिला रही है। पूजा के मुताबिक स्ट्रे डॉग्स को खाना खिलाने को लेकर पड़ोसियों को एतराज है। इसको लेकर कई बार वह पहले भी विवाद कर चुके हैं। पूजा ने बताया कि मंगलवार की रात जब वह डॉग्स को खाना खिला रही थी तो पड़ोसियों ने उन पर हमला कर दिया।

# दुनिया के बेहतरीन इनग्रेडिएंट्स के साथ बालों की देखभाल को एक नई ऊंचाई देते हुए सेंट बोटैनिका ने ब्रांड एंबेसडर व अभिनेत्री करीना कपूर खान के साथ डीवीसी लॉन्च किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**सेंट** बोटानिका, जोकि एक प्रमुख डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर (डी2सी) ब्यूटी ब्रांड और दक्षिण एशिया के सबसे बड़े ब्यूटी एंड पर्सनल केयर समूह गुड ग्लैम ग्रुप का हिस्सा है, ने अभिनेत्री व ब्रांड एंबेसडर करीना कपूर खान के साथ अपनी नई हेयर केयर रेंज मोरक्कन आर्गेन हेयर केयर के लिये एक नया डीवीसी लॉन्च किया है, जिसमें असरदार सैल्फ-केयर प्रोडक्ट्स तैयार करने में दुनियाभर के बेहतरीन इनग्रेडिएंट्स के इस्तेमाल को हाईलाईट किया गया है।

इस कैम्पेन में उपभोक्ताओं को उनके सेल्फ -केयर प्रोडक्ट्स में दुनिया के बेहतरीन इनग्रेडिएंट्स इस्तेमाल करने की सेंट बोटानिका की कमिटमेंट को हाईलाइट किया गया है। मोरक्को से मंगाये गये आर्गन ऑयल युक्त शानदार, शक्तिशाली मिश्रणों की रेंज के इस कैम्पेन में सेंट बोटानिका के मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डाला गया है। दुनिया भर की असरदार सामग्रियों का इस्तेमाल करना, मजबूत व असरदार फॉर्मूलेशन तैयार करना, यह सुनिश्चित करना कि उत्पाद नुकसानदेह कैमिकल्स से मुक्त हों और गारंटीशुदा नतीजों के लिए कठोर वैज्ञानिक परीक्षण करना।

करीना कपूर ख़ान की व्यापक अपील का फायदा उठाते हुए, डिजिटल वीडियो कैम्पेन सैल्फ केयर के लिये ज़रूरी प्रोडक्ट्स में हाई क्वालिटी के इनग्रेडिएंट्स के इस्तेमाल का भरोसा दिला कर उपभोक्ताओं की नई पीढ़ी को आकर्षित करता है।

गुड ग्लैम ग्रुप की गुड ब्रांड्स सीईओ, सुखलीन अनेजा ने कहा, सेंट बोटेनिका में हमारा मेन फ़ोकस और कमिटमेंट अपने प्रोडक्ट्स में दुनिया की बेहतरीन सामग्रियों का उपयोग करने पर है। हम यह सुनिश्चित करते हैं कि हमारे उपभोक्ता अपने हेयर-केयर के मामले में बेमिसाल क्वालिटी और लक्ज़री का अनुभव करें।

करीना कपूर खान के साथ हमारे लेटेस्ट डीवीसी और साझेदारी से सेंट बोटेनिका की फिलासफ़ी और बेहतरीन सैल्फ-केयर प्रदान करने के हमारे समर्पण को मज़बूती मिलती है। अपना उत्साह व्यक्त करते हुए अभिनेत्री और ब्रांड एंबेसडर करीना कपूर ख़ान ने कहा, सेंट बोटैनिका के साथ मेरे जुड़ाव को अब एक साल से ज़्यादा हो चला है और इस दौरान मैंने पूरे दिल से ब्रांड की कोर फिलासफ़ी को अपनाया है।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 26 अक्टूबर, 2023



# विजयदशमी रावण रूपी बुराई को समाप्त कर अच्छाई को अपनाने का पर्व : दीपक मंगला

पायनियर समाचार सेवा। पलवल





**दशहरा** का पावन पर्व बुराई को खत्म करके अच्छाई को लाने का प्रतीक है। प्रति वर्ष रावण का दहन कर हम अपने अंदर की बुराई को दूर कर अच्छाई को अपनाने का संकल्प लेते हैं। विजयदशमी तिथि को भगवान श्रीरामचंद्र ने रावण जैसे अहंकारी एवं शक्तिशाली राजा को उसकी बुराई को समाप्त करके अच्छाई और राम राज्य की स्थापना करने का शुभारंभ किया।

विधायक दीपक मंगला मंगलवार को आगरा चौक के नजदीक स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में विजयदशमी पर्व के शुभावसर पर लोगों को अपना शुभ संदेश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसे त्योहारों के आयोजनों से हम सब संस्कारवान बनते हैं और इनसे हम यह सीख लेते हैं कि हम समाज से बुराई को दूर करके अच्छाई को अपनाएंगे। विधायक दीपक मंगला ने सभी को विजयदशमी के पावन पर्व दशहरा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि अबकी बार जनवरी का महीना देश के लिए ऐतिहासिक माह होगा, क्योंकि अयोध्या में बनाए जा रहे राम मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होने पर राम लला के दर्शन करने हेतु मंदिर के पट खुल जाएंगे।

विधायक दीपक मंगला ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का अभिवादन करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार देश व प्रदेश में बुराई को समाप्त करके अच्छाई को लाने का काम कर रही है। मंगला ने पलवल में बनाई जा रही जेठानंद धर्मशाला के निर्माण के लिए केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर द्वारा 11 लाख रुपए देने की घोषणा का संदेश भी दिया। उन्होंने जिला प्रशासन व दशहरा कमेटी द्वारा विजय दशमी के अवसर पर किए गए भव्य आयोजन के लिए उनका धन्यवाद किया।

इस मौके पर दशहरा कमेटी की ओर से शानदार झांकियां निकाली गईं। इस अवसर पर पंचवटी मंदिर के महंत ऋषि कुमार, पलवल नगर परिषद के वाइस चेयरमैन मनोज बंधू, गौरव गौतम, धीरेंद्र शर्मा, प्रवीण ग्रोवर, वरिष्ठ नेता राजीव कत्याल, मेघश्याम, ज्ञान, रणवीर मनोज, मुकेश सिंगला, दशहरा कमेटी के प्रधान सुशील कथूरिया, शिव कुमार, गजेंद्र शर्मा सहित पलवल के आसपास के क्षेत्र के किसान, बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं मौजूद रहे।

# अवैध रूप से ले जाई जा रही 600 पेटी शराब पकड़ी

### एवीटी स्टाफ हथीन टीम ने चालक को किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**जिला** पुलिस अधीक्षक डॉ. अंशु सिंगला के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा चलाई गई अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश मुहिम के अंतर्गत एवीटी स्टाफ हथीन टीम प्रभारी इंस्पेक्टर विश्व गौरव टीम ने अवैध तरीके से ले जा रही है करीब आठ लाख की 600 पेटी शराब सहित एक आरोपी पर शिकंजा कसा है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

एवीटी स्टाफ हथीन टीम प्रभारी इंस्पेक्टर विश्व गौरव के अनुसार टीम में तैनात एएसआई हकमुद्दीन अपनी टीम के साथ दशहरा कानून व्यवस्था ड्यूटी रेस्ट हाउस चौक हथीन मिंडकोला रोड पर मौजूद था कि मुखबर ने सुचना दी कि आइशर केंटर जिसका चालक मिंडकोला रोड पर केंटर में बिना परमिट, बिल, बिलटी के अवैध तरीके से शराब भर कर होडल जाएगा। टीम ने तुरंत रेस्ट हाउस चौक हथीन पर नाकाबंदी की। पांच मिनट बाद केंटर आया, जिसे रुकवाकर चालक को काबू किया तथा केंटर को चैक किया तो शराब भरी हुई थी।

चालक से शराब के बिल, बिल्टी, परमट मांगा तो चालक केंटर कागजात पेश करने में असमर्थ रहा। शराब के बारे में आबकारी निरीक्षक महेश कुमार को मौका पर बुलाया गया, जिन्होंने शराब के बारे में निरीक्षण किया।चैक करने पर कुल 50 पेटी बोतल, 50 पेटी अध्धा व 500 पेटी पव्वा मार्का देशी शराब मस्ताना मिली। आबकारी निरीक्षक महेश कुमार ने इस संबंध में एक लिखित दरखास्त पेश की। बरामद शराब व गाडी केंटर को कब्जा में लिया गया।

मालिक वा गाड़ी मालिक की शह से अवैध तरीके से शराब ले जाने पर आबकारी निरीक्षक महेश कुमार की शिकायत के आधार पर आबकारी अधिनियम, मोटर व्हीकल अधिनियम एवं आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को अदालत में पेशर कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। आरोपी से पूछताछ जारी है। मामले से जुड़े अन्य आरोपी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# तीन घंटे पहले मेघनाद का पुतला जलाकर भागा शराबी

### लोगों में मचा हड़कंप, पुलिस और रामलीला कमेटी के सदस्यों की मौजूदगी में हुई घटना

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**दशहरा** पर्व पर नेताजी सुभाषचंद बोस स्टेडियम में तैयार किए गए रावण, कुंभकर्ण व मेघनाद के पुतलों को जलाने के लिए अभी तैयारी शुरू भी नहीं हुई थी कि एक शराबी ने आकर मेघनाद के पुतले में आग लगा दी। घटना के समय दशहरा कमेटी के सदस्यों के अलावा भारी पुलिस बल मौजूद था। पुतले में आग लगने के बाद शराबी को पुलिस पकड़ कर अपने साथ थाने ले गई।

दशहरा पर्व प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी नेताजी सुभाषचंद बोस स्टेडियम में धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने अपने घरों में पूजा की और एक दूसरे को विजयदशमी की शुभकामनाएं दी। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी नेताजी सुभाष चंद बोस स्टेडियम में दशहरा पर्व पर रावण, कुंभकर्ण व मेघनाद के पुतलों का दहन किया जाना था। जिसके लिए स्टेडियम से दो किलोमीटर दूर शोभा यात्रा को निकालने की तैयारियां चल रही थी। यात्रा के स्टेडियम में पहुंचने के बाद ही 65 फुट के रावण, 60 फुट के कुंभकर्ण व 55 फुट के मेघनाद के साथ सोने की लंका का दहण करना था। लेकिन उससे पहले वहां लोगों की भारी भीड़ लगी हुई थी, कमेटी के सदस्य व अन्य लोग पुतलों के पास जाकर अपने फोटो खींच रहे थे। इसी दौरान एक व्यक्ति शराब के नशे में पुतलों के पास पहुंचा और 55 फुट के मेघनाद के पुतले को आग के हवाले कर दिया। पुतले में आग लगते ही पुलिस प्रशासन में भगदड़ मच गई और आनन-फानन में शराबी को पकड़ कर पुलिस थाने ले गई। स्टेडियम के मैदान में मौजूद लोगों में भी अचानक पुतले में आग लगने से भगदड़ मच गई। पुतले में आग लगते ही मैदान में मौजूद लोगों ने जय श्रीराम के नारे लगाने शुरू कर दिए। यह खबर जब वहां पहुंची जहां सवारियां तैयार हो रही थीं तो लोगों के मन उदास हो गए, क्योंकि लाखों रुपये की लागत से पुतलों को तैयार किया जाता है।

# सत्य के समान कोई धर्म नहीं : वासुदेव जी व्यास

### भागवत कथा की समाप्ति पर भंडारे का आयोजन हुआ



**फरीदाबाद।** श्रीमद् भागवत कथा महायज्ञ का आयोजन मनवीर यादव राव ट्रेडर्स सीकरी बल्लभगढ़ फरीदाबाद में किया गया वासुदेव जी व्यास द्वारा किया गया। कथा की समाप्ति पर भंडारे के साथ माता की चौकी का भी आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि कथा विश्राम दिवस व उसके बाद में विशाल भंडारा संतों और ब्राह्मणों को प्रसाद ग्रहण कराना सबसे बड़ा पुण्य होता है, यज्ञ होता है।

गरीब लोगों को प्रसाद ग्रहण करने से मां अन्नपूर्णा का सम्मान होता है। कथा में आए भक्त बसंत मुरारी दास बाबा, खड़े श्री बाबा रूप दास, मोहनदास बाबा, नाथी डागर, प्रेम पहलवान, नरेश सरपंच, सुभाष देशवाल, आकाश शास्त्री, श्याम शास्त्री, राहुल शास्त्री, प्रवीन शास्त्री, टिप्पर चंद शर्मा, मूलचंद शर्मा, गौरव गौतम, रघुवीर सिंह तेवतिया पूर्व विधायक, रामनिवास तंवर अध्यक्ष, सुरेंद्र वशिष्ठ, धर्मवीर तंवर आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कथावाचक वासुदेव व्यास जी ने सनातन धर्म को सबसे प्राचीन धर्म बताया। सनातन धर्म से ही सभी धर्म का उदय हुआ है। धर्म न दूसर सत्य समाना, आगम निगम पुराण बखाना। सत्य से बढ़कर दूसरा कोई धर्म नहीं है।

# आशा वर्कर्स कार्यों को सुचारू रूप से करें पूर्ण : डॉ. ज्योति सिंघल



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**प्राथमिक** स्वास्थ्य केंद्र अमरपुर में सिविल सर्जन डॉ. नरेश कुमार गर्ग के दिशा निर्देशन व पीएचसी की इंचार्ज डॉ. ज्योति सिंघल के नेतृत्व में आशा वर्करों को बैठक कर काम करने के लिए दिशा निर्देश दिए गए। डॉ. ज्योति सिंघल ने बताया कि आशा वर्करों की आठ अगस्त से 19 अक्टूबर 2023 तक यानि 73 दिनों तक चली हड़ताल के बाद अब वह अपने काम पर लौटी आईं हैं। इसलिए लगभग ढाई महीने के उपरांत उन्हें उनके काम की जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

डॉ. ज्योति सिंघल द्वारा सभी आशा वर्करों को निरोगी हरियाणा, आयुष्मान भारत, सेहत प्रोग्राम, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, प्रसव पूर्व व प्रसव उपरांत देखरेख तथा परिवार नियोजन के बारे में जानकारी देते हुए दिशा निर्देश दिए गए। डॉ. ज्योति द्वारा आशा वर्करों को उनके अपने-अपने एरिया में कार्यों को सुचारू रूप से पूर्ण करने के लिए बैठक की गई। लैब टेक्नीशियन प्रकाश ने टीबी (ट्यूबरक्लोसिस) तपेदिक रोग के कारण, लक्षण, बचाव, रोकथाम व चिकित्सा के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर मेडिकल ऑफिसर डॉ. ज्योति सिंघल, लैब टेक्नीशियन प्रकाश, एएनएम सरोज, बाला और सुषमा तथा सुदेश, महेंद्रवती, ओमवती, मीना, रेखा, बाला, प्रभा, सीमा, सुशीला, मिथलेश, गायत्री और मधु आशा वर्कर्स मुख्य रूप से मौजूद रहीं।

# 27 अक्टूबर को दूसरे स्तर की परीक्षा में बैठेंगे चार हजार बच्चे



**पलवल।** आगामी 27 अक्टूबर को दूसरे स्तर की परीक्षा में चार हजार बच्चे बैठेंगे। पुलिस अधीक्षक पलवल डॉ. अंशु सिंगला के मार्गदर्शन में इससे पूर्व जिला पलवल में दिनांक 13 अक्टूबर को प्रथम चरण में यह प्रतियोगिता कराई जा चुकी है। उन्होंने बताया कि जिला पलवल में इस प्रतियोगिता परीक्षा के दूसरे स्तर की परिक्षा के आयोजन कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। पहले स्तर की परीक्षा तीन लेवल पर हुई थी। पहले लेवल में कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थी, लेवल दो में कक्षा दो से आठ, लेवल तीन में कक्षा नौवीं से 12वीं व कॉलेज के बच्चों ने भाग लिया था। पहले स्तर की परीक्षा में सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों के करीब दो लाख 14 हजार बच्चों ने भाग लिया था।

# एसपीएस इंटरनेशनल की ओर से होगा हाफ मैराथन का भव्य आयोजन

### युवा वर्ग को नशे से दूर रहने के लिए दिया जाएगा संदेश

पायनियर समाचार सेवा। पलवल




**पांच** नवंबर रविवार को एसपीएस इंटरनेशनल अखंड भारत एवं नशा मुक्त भारत के बैनरतले एक 10 किलोमीटर की हाफ मैराथन का भव्य आयोजन करने जा रहा है। इस मैराथन के माध्यम से विद्यालय के संस्थापक सुरेश भारद्वाज आज के भ्रमित युवा वर्ग को नशे से दूर रहने का संदेश देना चाहते हैं तथा हमारा समाज जो आज विभिन्न भागों में बंटकर रह गया है, उसको एकत्रित होकर अखंड भारत बनाने का संदेश देना चाहते हैं।

उन्होंने बताया कि नशा हमारे समाज के लिए एक अभिशाप है, जो हमारे युवा पीढ़ी को खोखला कर रहा है तथा भारत के भविष्य को खतरे में डाल रहा है। यह मैराथन उन सभी युवा साथियों के लिए एक संदेश साबित होगी। साथ ही उन्होंने बताया कि इस तरह की मैराथन का आयोजन करने वाला एसपीएस इंटरनेशनल पलवल जिले का पहला विद्यालय है और इस मैराथन में 5000 से ज्यादा लोग भाग लेंगे।

विद्यालय की अकादमिक डायरेक्टर संतुष्टि थापर ने बताया कि इस मैराथन के लिए सभी जरूरी इंतजाम कर लिए गए हैं तथा प्रशासन से भी अनुमति ले ली गई है। प्रशासन ने पांच नवंबर रविवार को सुबह 7.30 से 10.30 बजे तक का समय निश्चित किया है। उन्होंने बताया कि इस मैराथन में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को शर्ट तथा सर्टिफिकेट दिए जाएंगे, जिसके लिए रजिस्ट्रेशन का काम शुरू हो चुका है। रजिस्ट्रेशन ऑफलाइन तथा ऑनलाइन दोनों ही माध्यम से किए जा सकते हैं तथा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का लिंक स्कूल की वेबसाइट पर उपलब्ध है। विद्यालय के मैनेजर चेतन भारद्वाज ने बताया कि विजेताओं को एक लाख तक के नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह मैराथन एसपीएस इंटरनेशनल के गेट नंबर-2 से शुरू होकर एटलस अस्पातल, सोहना रोड, हथीन गेट, अंबेडकर कॉलेज, महाराणा प्रताप भवन, सिविल अस्पताल, आगरा चौक, रसूलपुर चौक, किठवाड़ी चौक, बस स्टैंड, अलावलपुर चौक, हुड्डा चौक, विधायक निवास, बैंक ऑफ बड़ोदा, स्वर्ण जयंती सोसाइटी होते हुए एसपीएस इंटरनेशनल के गेट नंबर एक पर पूर्ण होगा।

# एथलेटिक्स चैंपियनशिप 14 से 16 नवंबर तक हो



**फरीदाबाद।** शारीरिक शिक्षक एसोसिएशन के प्रधान सतवीर सिंह देशवाल ने बताया कि हरियाणा स्कूल स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन दो से चार नवंबर तक ताऊ देवीलाल स्टेडियम पंचकूला में आयोजित किया जाना सुनिश्चत किया है। लेकिन सीबीएसई नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप और एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप के आयोजन को देखते हुए और खिलाड़ी बच्चों के खेल भविष्य को देखते हुए स्कूल स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप की तारीख में बदलाव किया जाए, जिससे एथलीट खिलाड़ी का शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से किसी भी प्रकार का नुकसान न हो। इस आयेजन 14 से 16 नवंबर तक किया जाना चाहिए।

# केसीएम ओम इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया दशहरा पर्व



**पलवल।** रसूलपुर रोड पर स्थित केसीएम ओम इंटरनेशनल स्कूल में असत्य पर सत्य की जीत का पर्व दशहरा बड़ी धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय में बच्चों ने विजयदशमी पर्व से संबंधित मनमोहक लघु नाटिका प्रस्तुत की। इसमें दर्शाया गया कि किस प्रकार श्रीराम चंद्र जी ने रावण का वध करके दुष्टों का संहार किया। इस अवसर पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान, सुग्रीव आदि परिवेश में नन्हे मुन्ने सभी के मन को मोह रहे थे। बच्चों ने रघुपति राघव राजा राम, राम जी की निकली सवारी, कभी राम बनके, जय सीया राम आदि गीतों पर नृत्य प्रस्तुत करके अपनी प्रतिभा, सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। शिव तांडव की प्रस्तुति द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया व इसके माध्यम से भगवान शिव के रौद्र रूप का भी प्रदर्शन किया। कक्षा आठवीं की छात्रा ने अपनी प्रस्तुति देते हुए रावण से जुड़े हुए तथ्यों का महत्व बताया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. नम्रता कुंडू ने बच्चों को बुराई पर अच्छाई की जीत और असत्य पर सत्य की विजय के बारे में बताते हुए विद्यार्थियों को सदा सच की राह पर चलने के लिए प्रेरित किया

## संक्षिप्त समाचार

### महाविद्यालय में छात्राओं ने किया नुक्कड़ नाटक



**पलवल।** सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल में भारतीय भाषा दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी विभाग द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस नाटक का विषय भारतीय भाषाएं रहा। नाटक का आरंभ राष्ट्रीय गीत के स्वरों से हुआ। नाटक का आयोजन हिंदी विभागाध्यक्ष अनिता देवी, सहायक प्राध्यापिका डॉ. अमरवती व देविका शर्मा ने महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. वंदना त्यागी के निर्देशन में किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. वंदना त्यागी मुख्य अतिथि रहीं व उनका स्वागत स्मृति चिन्ह देकर किया गया। इस नाटक में 22 छात्राओं ने भाग लिया और 22 भाषाओं को व्यक्त किया। नाटक की प्रदर्शनी सफलतापूर्वक की गई। नाटक का समापन विजेता छात्राओं को डॉ. वंदना त्यागी द्वारा प्रमाण पत्र देकर किया गया। प्राचार्या ने प्रतिभागी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की। इस अवसर पर प्रथम स्थान पर विनीता एमए राजनीति विज्ञान, द्वितीय स्थान रेखा, तृतीय स्थान बरखा व सांत्वना पुरस्कार निकिता और सिद्धि ने प्राप्त किया।

### गोवा जा रही टीम को किट वितरित की




**फरीदाबाद।** एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि 37वें नेशनल गेम्स का आयोजन गोवा में किया जाएगा। नेशनल गेम्स में एथलेटिक्स हरियाणा के 22 पुरुष और 33 महिला एथलीट सहित कुल 55 एथलीट खिलाड़ी 29 अक्टूबर से तीन नवंबर तक भाग लेने वाले एथलीट खिलाडियों को एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान द्वारा स्पोर्ट्स किट प्रदान की गई। मिटान ने बताया कि नेशनल गेम्स गोवा में भाग ले रहे एथलीट को हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा खेल किट का वितरण किया गया। खेल किट लेने वाले एथलीट खिलाडियों में खिलाड़ी शामिल रहे।

### राम कुमार बघेल को गौरव अवॉर्ड-2023 से किया सम्मानित



**पलवल।** मिशन प्रकृति बचाओ पर्यावरण सचेतक समिति संयोजक ग्रीन एंबेसडर डॉ. आचार्य राम कुमार बघेल एवं उनकी टीम को जल बचाओ, पेड़-पौधे, पक्षियों व प्रकृति पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पण संस्था जयपुर द्वारा सुंदर लाल बहुगुणा समर्पण समाज गौरव अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। राजस्थान की राजधानी जयपुर के सियाराम ऑडिटोरियम राज्य कृषि प्रबंध संस्थान में समर्पण संस्था द्वारा आयोजित राष्ट्र स्तरीय सम्मान समारोह में राजस्थान के पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम रवि प्रकाश मेहरड़ा, समर्पण संस्था अध्यक्ष डॉ. दौलत राम माल्या, डॉ. सुनीता दामिनी आदि अतिथियों द्वारा पगड़ी, शॉल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पर्यावरणविद डॉ. आचार्य राम कुमार बघेल के साथ संस्था पदाधिकारी मास्टर मानिकचंद तथा मास्टर थानसिंह ने सम्मान को ग्रहण किया। संस्था पदाधिकारियों द्वारा आयोजकों को हरियाणा से ले जाया गया राज्य वृक्ष पीपल का पौधा व पक्षियों के लिए जलपात्र भेंट कर प्रकृति पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। देशभर से लगभग 57 विभूतियों को विभिन्न क्षेत्रों में कार्यों के लिए सम्मानित किया गया था। देश में अपने जिले पलवल व हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन करने पर संस्था सदस्यों अमरपाल, गजेंद्र, देव, मास्टर बिजेंद्र, श्रीचंद, मास्टर मानिकचंद, मास्टर थानसिंह, मास्टर सुभाष पालीवाल, धर्मचंद वैद्य, महेश, गिरवर प्रजापति आदि ने सभी को शुभकामनाएं तथा धन्यवाद किया।

### वैभव ने प्रतियोगिता में जीता मेडल



**फरीदाबाद।** 25वीं जनपदीय माध्यमिक विद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन बीएन इंटर कॉलेज अकबरपुर अंबेडकर नगर में आयोजित किया गया। जिसमें वैभव पांडेय ने जैबलिन थ्रो व डिस्कस थ्रो में मेडल जीता है। परिजनों व ग्रामीणों ने उसे बधाई दी व उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### संघ का स्थापना दिवस व विजयदशमी उत्सव मनाया



**पलवल।** विजयदशमी के मौके पर सरस्वती कॉलेज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विजयदशमी का उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। संघ के छह वार्षिक उत्सवों में से एक उत्सव विजयदशमी का महत्व इसलिए और बढ़ जाता है कि वर्ष 1925 में इसी दिन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना की गई थी। आधा दर्जन स्वयं सेवकों द्वारा शुरू किए गए संघ वृक्ष ने आज एक बहुत विशाल वट वृक्ष का रूप ले लिया है। जिसके कारण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दुनिया का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन है। विजयदशमी उत्सव में स्वयंसेवकों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया, जिसमें दंड कला और नेस्टीका सभी के आकर्षण का केंद्र रही। स्वयंसेवक ने इस अवसर पर सूर्य नमस्कार तथा व्यायाम योग आदि का भी प्रदर्शन किया।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 26 अक्टूबर, 2023



# एक देश एक चुनाव

## तैयारी में लगेगा समय

**एक देश** एक चुनाव हेतु तैयारी करने में निर्वाचन आयोग-ईसी को लगभग एक साल का समय लगेगा। अत: प्रभावी रूप से यह अवधारणा 2024 से लागू नहीं हो सकती है। 'एक देश एक चुनाव' की अवधारणा में पूरे भारत में संसदीय व विधानसभा चुनाव एकसाथ कराने की कल्पना की गई है और इस पर काफी बहस भी हुई है। इसका उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को सहज बना कर खर्च घटाना तथा प्रशासनिक क्षमता बढ़ाना है। लेकिन इसे दो स्तरों पर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। अवधारणात्मक स्तर पर सभी चुनाव एकसाथ कराने की समस्या के साथ कुछ व्यावहारिक दिक्कतें हैं। फिलहाल निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि एलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों-ईवीएम के उत्पादन में लगने वाले सेमीकंडक्टरों व चिपों की कमी के कारण यह काम 2024 से पहले नहीं हो सकता है। सेमीकंडक्टर और चिप ईवीएम समेत सभी एलेक्ट्रानिक उपकरणों की जीवनरेखा हैं। इन महत्वपूर्ण उपकरणों की वैश्विक कमी से ईसी को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। आयोग ने ईवीएम उत्पादन बढ़ाने के लिए कम से कम एक साल का समय मांगा है। इसके साथ ही वोटर वैरीफायेबल पेपर आडिट ट्रेल-वीवीपैट के लिए भी सेमीकंडक्टर चाहिए जो चुनाव प्रक्रिया का अभिन्न अंग हैं। ईसी ने बताया है कि वह सेमीकंडक्टरों की कमी के कारण ईवीएम खरीदने के लिए निर्धारित अपने बजट का 80 प्रतिशत प्रयोग नहीं कर पा रहा है। यह मुद्दा एकसाथ चुनावों की संभावना का आंकलन करने वाली संसदीय स्थाई समिति में भी रखा गया है जिसकी अध्यक्षता पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कर रहे हैं। संसदीय स्थाई समिति तथा




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एकसाथ चुनाव कराने के विचार का समर्थन किया है। 22वां विधि आयोग भी इस अवधारणा की संभावना पर विचार कर रहा है, उम्मीद है कि वह प्रस्तावित चुनावों की समयसीमा निर्धारित करेगा।

सार्वजनिक धन बचाने तथा प्रशासनिक बोझ घटाने के दृष्टिकोण से एकसाथ चुनाव की अवधारणा को समर्थन मिला है, पर इसे संवैधानिक जटिलताओं का सामना भी करना पड़ रहा है। 2018 में इस मुद्दे पर विचार कर चुके 21वें विधि आयोग ने इस विचार का समर्थन किया था, लेकिन उसने यह भी कहा था कि इसके क्रियान्वयन के लिए आवश्यक संविधान संशोधन करने पड़ेंगे। इसने जोर दिया था कि अंतिम सुझाव देने के पहले सभी हितधारकों के साथ और चर्चा होनी चाहिए। इसके अलावा, 2024 व 2029 में एकसाथ चुनाव कराने के लिए अतिरिक्त ईवीएम खरीदने पर 5,200 करोड़ व 8,000 करोड़ रुपये अतिरिक्त खर्च होंगे। इसका अर्थ सरकारी खजाने पर अतिरिक्त बोझ होगा। इन अनुमानों में 2029 तक भारत की जनसंख्या में वृद्धि का अनुमान भी शामिल है। 'एक देश, एक चुनाव' अवधारणा में बहुत संभावनायें हैं क्योंकि इससे चुनाव प्रक्रिया सहज हो जाएगी तथा प्रशासनिक क्षमता बढ़ेगी। हालांकि, भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था को चोट पहुंचाए बिना इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अनेक मुद्दों से निपटना होगा। फिलहाल सेमीकंडक्टरों तथा समुचित बजट की कमी के कारण फैसला स्वाभाविक रूप से अनेक चुनावों के पक्ष में चला गया है। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए सरकार, निर्वाचन आयोग तथा सेमीकंडक्टर निर्माताओं के बीच समन्वय की आवश्यकता होगी। भारतीय लोकतंत्र वर्तमान समय में तेजी से विकास कर रहा है। ऐसे में एकसाथ चुनाव या 'एक देश, एक चुनाव' की अवधारणा भविष्य में भी बहस का विषय बनी रहेगी।

# कार्यस्थलों पर दिव्यांगों का समावेशन

कार्यस्थलों पर दिव्यांगों को समान अधिकार देने के रास्ते में कुछ सकारात्मक तत्व व कुछ चुनौतियां हैं। दिव्यांगों को काम के प्रति गरिमा प्रदान करना जरूरी है।



**अरमान अली**
(लेखक, दिव्यांग कल्याण क्षेत्र से संबद्ध हैं)



समावेशन को लंबे समय से किसी प्रगतिशील समाज का मुख्य तत्व माना गया है। एक राष्ट्र के रूप में हमने समय-समय पर इस पर जोर दिया है। लेकिन भारत के रोजगार परिस्थितिकी तंत्र में समावेशन को एक अलग दृष्टिकोण से देखने की जरूरत है क्योंकि हमारी जनसंख्या का एक काफी बड़ा हिस्सा विभिन्न प्रकार की विकलांगताओं से ग्रस्त दिव्यांग हैं। कार्यस्थल पर दिव्यांगों के लिए समानता अनेक सकारात्मक तत्वों के साथ अनेक चुनौतियों से भी जुड़ी है। भारत के रोजगार परिदृश्य में दिव्यांग लोगों की वर्तमान स्थिति पर गौर करते समय हमें अनेक प्रकार की जटिल चुनौतियों पर गौर करना होता है। इस दुनिया में अनेक क्षमताओं व संभावनाओं का अभी उपयोग नहीं किया गया है। हालांकि, एनसीपीईडीपी-एलटीआई के 'माइंडट्री हेलेन केलर अवार्डस' जैसी पहलों से दिव्यांगों के प्रतिनिधित्व में आशा की किरण पैदा हुई है। इस संबंध में चुनौतियों व अवसरों पर गौर करें तो एक विविधतापूर्ण तस्वीर सामने आती है। अखिल भारतीय स्तर पर कुल दिव्यांग लोगों का 36 प्रतिशत काम करता है। पुरुष दिव्यांगों में 47 प्रतिशत कामगार हैं, जबकि महिला दिव्यांगों में केवल 23 प्रतिशत ही कार्यबल का हिस्सा हैं।

इन आंकड़ों से दिव्यांगों के रोजगार के मामले में 'जेंडर भेदभाव' दिखाई पड़ता है। इससे ज्यादा समावेशी नीतियां फौरन लागू करने की आवश्यकता भी उजागर होती है। हालांकि, ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति थोड़ी बेहतर लगती है जहां 25 प्रतिशत महिला दिव्यांग कार्यबल में शामिल हैं, जबकि शहरों में यह आंकड़ा घट कर केवल 16 प्रतिशत रह जाता है। यह शहरी-ग्रामीण असमानता विशिष्ट क्षेत्रों के लिए रणनीतियां बनाने की आवश्यकता उजागर करती है ताकि दिव्यांगों के लिए रोजगार के अवसरों में सुधार लाया जा सके। रोजगार की तलाश में दिव्यांगों को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है जिससे कार्पोरेट क्षेत्र में उनके प्रवेश में बाधायें आती हैं। इस प्रकार रोजगार योग्य दिव्यांगों तथा वास्तव में रोजगार प्राप्त दिव्यांगों के बीच भारी अंतर है। अत: दिव्यांगों की अपार संभावनायें खोजने के लिए तत्काल कार्रवाई की जरूरत है।

निफ्टी में शामिल 50 कंपनियों का नवीनतम कार्यबल डेटा उनके वास्तविक खुलासों का हिस्सा है जिससे दिव्यांगों के रोजगार की दयनीय स्थिति सामने आती है। इन 50 कंपनियों में कार्यबल में केवल 1 प्रतिशत दिव्यांग हैं, जबकि इनमें से चार सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां हैं। यह तथ्य उल्लेखनीय है कि सार्वजनिक क्षेत्र कंपनियों को सभी रोजगारों का 4 प्रतिशत दिव्यांगों के लिए आरक्षित करना होता है। इसके लिए राइट्स आफ पर्सन्स विध डिसेबिलिटीज़ एक्ट, 2016 लागू होता है, लेकिन विश्लेषण वाली सभी कंपनियां इस लक्ष्य से पीछे हैं। आक्सफैम इंडिया द्वारा एनसीपीईडीपी के सहयोग से 2019 में प्रकाशित शोध पत्र 'मूविंग बियांड कम्प्लायेंस: इन्क्लूज़न आफ पर्सन्स विध डिसेबिलिटीज़ इन बिजनेस' से अनेक बाधायें स्पष्ट होती हैं।

इनमें साक्षरता का नीचा स्तर, कौशल और तकनीक तक पहुंच की कमी, अज्ञान, गलत सूचनायें, पूर्वाग्रह, रोजगार अवसरों के बारे में सूचनाओं तक पहुंच न होने तथा अपरिहार्य प्रथक्करण महत्वपूर्ण चुनौतियों के रूप में सामने आती है। इनका सामना दिव्यांगों को रोजगार प्राप्त करने में करना पड़ता है। इस अध्ययन में दिव्यांगों के सामने रोजगार में आने वाली अनेक बाधाओं को उजागर किया गया है। इन चुनौतियों में निष्प्रभावी समावेशन प्रक्रियायें, कॅरियर की सीमित प्रगति, कौशल संबंधी रोजगारों की कमी, अनुपयुक्त शिकायत निवारण व्यवस्था, रोजगारों की खराब पहचान, अनुपयुक्त कार्य निर्धारण, कार्यस्थल तक पहुंच की समस्या, दिव्यांग संबंधी तकनीक के लिए बजट का कम आबंटन तथा समावेशन प्रयासों को सीएसआर तक सीमित रखना शामिल हैं। लगातार सामने आने वाली बाधाओं में नकारात्मक दृष्टिकोण, सामाजिक समावेशन चुनौतियां, कर्ज में दबे रहने की भावना तथा यातायात संबंधी समस्यायें शामिल हैं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए सरकारी-कार्पोरेट क्षेत्र में दृष्टिकोण तथा व्यवहारों में मूल परिवर्तनों की आवश्यकता है। हमें यह पहचानने की आवश्यकता है कि दिव्यांगों के पास मूल्यवान कौशल, विशिष्ट दृष्टिकोण तथा डेस्क पर काम करने की दृढ़ इच्छाशक्ति होती है। दृष्टिकोण संबंधी बाधायें दूर करने के लिए कार्यस्थल संस्कृति बदलने, संवेदना विकसित करने तथा विविधता व समावेशन पर जोर देने की जरूरत है।

यह परिवर्तन प्राप्त करने के लिए तार्किक समावेशन का व्यवहार जरूरी है। तार्किक समावेशन में कार्यस्थल परिवेश में आवश्यक परिवर्तन तथा कार्मिकों की ड्यूटी में बदलाव जरूरी है ताकि दिव्यांग कर्मचारी अपना काम प्रभावी रूप से कर सकें। इसके लिए अनेक प्रकार के उपायों की आवश्यकता है जिनमें सहायता करने वाली तकनीकों के प्रयोग के साथ ही परिवर्तनशील काम के घंटे शामिल हैं। वर्तमान चुनौतियों का सामना करने के लिए भारत को बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। सार्वजनिक व निजी क्षेत्र संगठनों को जागरूकता अभियान तथा संवेदनशीलता कार्यक्रम चलाने की आवश्यकता है ताकि दिव्यांगों के प्रति पूर्वाग्रहों व गलत धारणाओं का खंडन किया जा सके। हालांकि, दृष्टिकोण में परिवर्तन दिव्यांगों के लिए ज्यादा समावेशी कार्य परिवेश बनाने की दिशा में केवल पहला कदम है। निजी क्षेत्र को सक्रिय रूप से दिव्यांग अधिकार कानून, 2016 के प्राविधानों को प्रभावी रूप से लागू करना चाहिए। उनको दिव्यांग कर्मचारियों के लिए तार्किक समावेशन अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना चाहिए। दिव्यांगों को नौकरी देने तथा उनके समावेशन संबंधी अनिवार्य रिपोर्टिंग से जवाबदेही सुनिश्चित हो सकती है। निजी क्षेत्र कंपनियों को न केवल विधिक आवश्यकतायें पूरी करने पर ध्यान देना चाहिए, बल्कि उनकों दिव्यांगों के समावेशन के लिए खास पहलें करनी चाहिए जिसमें न्यूनतम आवश्यकतायें पूरी करने से आगे जाने की जरूरत है। वर्तमान समय में भारत स्वयं को स्टार्टअप एवं उद्यमिता के फलते-फूलते केन्द्र के रूप में विकसित कर रहा है। ऐसे में जरूरी है कि वह दिव्यांगों के स्व-रोजगार के अवसर भी उजागर करे। इसके लिए समुचित निवेश की आवश्यकता है। विशेष रूप से संचालित प्रशिक्षण योजनायें तथा पहलें ऐसे कौशलों का विकास कर सकती हैं जो दिव्यांगों को रोजगार बाजार में सफलता के आवश्यक उपकरण दे सकें। विशेष प्रयासों, व्यावहारिक प्रशिक्षण तथा कौशल विकास के खास कार्यक्रमों के माध्यम से दिव्यांगों की बड़ी संख्या को रोजगार योग्य बनाया जा सकता है।

दिव्यांगों के सशक्तीकरण के लिए उनको कार्यालय के भीतर तथा कार्यालय के बाहर से किए जाने वाले कामों के बीच चयन का अवसर दिया जाना चाहिए। इससे विविधतापूर्ण क्षमताओं और आवश्यकताओं वाले दिव्यांगों को रोजगार मिलेगा। रिमोट काम को एकमात्र समाधान मानने के बजाय दिव्यांगों को चयन तथा निर्णय लेने का अधिकार देना जरूरी है। इसके लिए संगठनों को ज्यादा पहुंच वाले संप्रेषण उपकरणों के प्रयोग के साथ सभी कर्मचारियों को समग्र प्रशिक्षण देना चाहिए। इस दृष्टिकोण से समावेशन को बढ़ावा मिलेगा तथा दिव्यांगों को सम्मान प्राप्त होगा कार्यस्थल पर दिव्यांगों के समावेशन के ए उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं व प्रतिभाओं को समझना जरूरी है।

भारत के रोजगार परिदृश्य में दिव्यांगों की वर्तमान स्थिति अनेक चुनौतियों व अवसरों से भरी है। हमें पूर्ण समावेशी कार्यबल बनाने की दिशा में अभी काफी आगे जाना है, लेकिन इस रास्ते में अनेक उल्लेखनीय पहलें की गई हैं। इनसे समाज और अर्थव्यवस्था में दिव्यांगों के सार्थक योगदान का रास्ता खुला है। तार्किक समावेशन तथा समावेशी संस्कृति को बढ़ा कर संगठन दिव्यांग लोगों की वह क्षमता खोज सकते हैं जिसका अब तक उपयोग नहीं हुआ है। इससे हम ज्यादा समावेशी भारत बनाने में सफल होंगे।

# मासिक धर्म स्वच्छता नीति के उद्देश्य

> मासिक धर्म स्वच्छता नीति, 2023 के मसौदे का उद्देश्य मासिक धर्म संबंधी स्वास्थ्य और सशक्तीकरण को बढ़ावा देना है।

**स्वप्ना मजूमदार**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



रिया अख्तर को अपने पीरियड्स को जो भी सामान मिल जाता था, उसी से मैनेज करना पड़ता था। भले ही इसका मतलब प्रजनन पथ में संक्रमण हो, सैनिटरी नैपकिन खरीदना कभी भी एक विकल्प नहीं था क्योंकि इससे उसके पिता की अल्प आय पर दबाव पड़ता। अख्तर और उनकी तीन बहनें दक्षिण एशिया की उन हजारों कमजोर किशोरियों और महिलाओं में से हैं, जो मौद्रिक संसाधनों की कमी, मासिक धर्म उत्पादों तक खराब पहुंच और मासिक धर्म से जुड़ी सांस्कृतिक वर्जनाओं के कारण अपने मासिक धर्म का प्रबंधन करने में असमर्थ हैं। हालांकि, बांग्लादेश में ब्लॉकचेन तकनीक का एक अभिनव उपयोग इन बाधाओं को तोड़ने में मदद कर रहा है और अख्तर जैसी लड़कियों को अपने शरीर और मासिक धर्म को बेहतर ढंग से समझने और अपने मासिक धर्म स्वास्थ्य में सुधार के लिए सुरक्षित तरीके चुनने में सहायता कर रहा है।

फरवरी 2022 से, बांग्लादेश के ढाका में दो शहरी मलिन बस्तियों भशानटेक और दुआरीपा में रहने वाली अख्तर, उनकी तीन बहनों और 15-49 वर्ष की उम्र के बीच की 3,300 किशोर लड़कियों का जीवन बदल गया है। ब्लॉकचैन-आधारित बिल्डिंग ब्लॉक्स ऐप के लिए धन्यवाद, जो नकद और वाउचर सहायता कार्यक्रम का लाभ उठाता है, वे जहां वे रहते हैं उसके नजदीक स्थानीय दुकानों से नियमित आधार पर मासिक धर्म स्वच्छता उत्पाद खरीदने में सक्षम हैं। फरवरी 2022 और जनवरी 2023 के बीच मासिक धर्म पैड की खपत में 32त्न से 96त्न की भारी वृद्धि मौजूदा गरीबी की अवधि का संकेत है।

इस नकद और वाउचर सहायता (सीवीए) परियोजना के तहत, महिलाओं और लड़कियों को मासिक धर्म पैड के विभिन्न ब्रांडों के खिलाफ मासिक मूल्य वाउचर भुनाने के लिए एक पिन कोड के साथ घर के लिए एक मुद्रित क्यूआर कोड कार्ड प्राप्त होता है। इसे बांग्लादेश में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए), संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) और एक स्थानीय एनजीओ भागीदार, परिवार विकास के लिए चिंतित महिलाएं (सीडब्ल्यूएफडी) के बीच एक सहयोगी साझेदारी के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है।

सीवीए परियोजना डब्ल्यूएफपी द्वारा डिजाइन किए गए बिल्डिंग ब्लॉक्स (बीबी) सहायता ऐप को पीछे ले जाने में सक्षम थी क्योंकि यह व्यक्तियों को एक साथ कई संगठनों से विभिन्न प्रकार की सहायता प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। चूंकि ये परिवार डब्ल्यूएफपी के मौजूदा लाभार्थी थे, जिनका मूल्यांकन अत्यधिक कमजोर और खाद्य असुरक्षित के रूप में किया गया था, इससे यूएनएफपीए को अपने मासिक धर्म स्वच्छता नकद वाउचर अधिकारों को अपलोड करने में मदद मिली।

बीबी के तहत, एक डेटा और लेनदेन प्रबंधन प्रणाली, महिलाओं और लड़कियों के पास व्यक्तिगत खाते होते हैं जहां यूएनएफपीए से उनके मासिक धर्म स्वच्छता वाउचर अधिकार लोड किए जाते हैं। जब वे खरीदारी करने के लिए किसी भागीदार दुकान पर जाते हैं, तो वे बस दुकानदार के स्मार्टफोन पर बीबी एप्लिकेशन में अपना पिन कोड दर्ज करते हैं। लेनदेन सीधे बीबी सिस्टम में दर्ज किया जाता है। लेन-देन एक इन्वेंट्री सिस्टम से जुड़ा होता है और दुकानदार को पुष्टि प्रदान करता है कि लेन-देन वैध है।

चयनित मासिक धर्म उत्पादों को एक सूचना पोस्टर के साथ बिना पैसे बदले वितरित किया गया। एप्लिकेशन उत्पादों और उनकी मात्रा का चयन करने और फिर जांच करने के लिए कैश रजिस्टर की तरह काम करता है। लेन-देन को ऑडिट के लिए और विभिन्न पार्टियों द्वारा चालान और भुगतान प्रस्तुत करने के लिए सत्यापित किया जा सकता है।

बांग्लादेश में, नकद और वाउचर हस्तांतरण सहायता का एक लोकप्रिय तरीका है। सरकार विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में भी बड़े पैमाने पर नकद हस्तांतरण का उपयोग करती है। यूएनएफपीए बांग्लादेश सीवीए के साथ विभिन्न परियोजनाओं को कार्यान्वित कर रहा है, जिसमें आपातकालीन प्रतिक्रिया भी शामिल है क्योंकि यह राष्ट्रीय देश स्तर पर नकदी कार्य समूह का सदस्य है। इस अभिनव सीवीए-बीबी कॉम्बो दृष्टिकोण ने मासिक धर्म स्वच्छता प्रथाओं में सामाजिक व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देने में मदद की है। मासिक धर्म पैड के रूप में उत्पादों तक पहुंच में भी काफी सुधार हुआ है क्योंकि दुकानदार को परियोजना में भाग लेने के लिए केवल बीबी एप्लिकेशन से जुड़े स्मार्टफोन की आवश्यकता होती है। इसका मतलब यह है कि महिलाओं और लड़कियों के प्राप्तकर्ताओं के घरों के नजदीक स्थित छोटी दुकानें और जिन्हें वे दैनिक आधार पर उपयोग करने की आदी हैं, वन-स्टॉप सेंटर हो सकती हैं। मासिक धर्म उत्पादों की बढ़ती मांग से स्थानीय दुकानदारों की आय बढ़ती है और मलिन बस्तियों में उनकी उपलब्धता सुनिश्चित होती है। तो, क्या इस मॉडल को भारत में दोहराया जा सकता है? भारत में, विभिन्न सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों के लिए सरकार द्वारा नकद हस्तांतरण योजनाओं का भी व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। देश ने ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी का उल्लेखनीय और उद्यमशील उपयोग भी दिखाया है।

इसके अतिरिक्त, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा मासिक धर्म स्वच्छता नीति, 2023 के मसौदे का उद्देश्य मासिक धर्म वाले सभी व्यक्तियों के स्वास्थ्य और सशक्तीकरण को बढ़ावा देना है। इसका उद्देश्य किफायती और सुरक्षित मासिक धर्म स्वच्छता उत्पादों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए तंत्र विकसित करना है, विशेष रूप से कम आय और हाशिए पर रहने वाले समुदायों और दूरदराज, ग्रामीण और दुर्गम स्थानों के लोगों के लिए।

इसका एक मुख्य उद्देश्य अनुसंधान और विशेषज्ञता का लाभ उठाकर पहुंच और सामर्थ्य, समानता और समावेशिता के मुद्दों को संबोधित करने के लिए सामाजिक उद्यमियों और निजी क्षेत्र के साथ नवीन प्रथाओं को बढ़ावा देना है।

## आप की बात

### गुटेरेस का बयान

**संयुक्त राष्ट्र महासचिव** एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि 7 अक्टूबर का हमला अचानक नहीं हुआ है, बल्कि इसे संपूर्णता में देखा जाना चाहिए। फिलिस्तीनी लोगों को 56 वर्षों से दमघोंटू कब्जे का सामना करना पड़ा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि फिलिस्तीनियों की शिकायतें हमास के भयावह हमलों को उचित नहीं ठहरा सकतीं। ये भयावह हमले फिलिस्तीनियों की सामूहिक सज़ा को उचित नहीं ठहरा सकते। विडंबना है कि इस न्यायोचित व तटस्थ बयान के बाद इसराइल बौखला गया है और वह महासचिव गुटेरेस से तुरंत इस्तीफा देने की मांग कर रहा है। गुटेरेस इस बयान के लिए बधाई के पात्र हैं। भला सभी फिलिस्तीनी आतंकवादी कैसे हो सकते हैं? इसराइल को आतंकी हमले का बदला लेने का पूरा अधिकार है। मगर युद्ध के नियमों का पालन करना सबके लिए अनिवार्य है। जेनेवा सम्मेलन ने युद्ध में लड़ाई करने वालों और लड़ाई न करने वालों के बीच अंतर करने को कहा है, लेकिन वर्तमान समय में ये विभाजक रेखायें धुंधली होती जा रही हैं। इसके साथ ही आतंकवाद पर भी वैश्विक सहमति जरूरी है क्योंकि इसकी किसी भी रूप में, कहीं भी और किसी बहाने अनुमति नहीं दी जा सकती है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### विधानसभा चुनाव

**पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव** के सभी प्रत्याशियों की घोषणा के बाद बीजेपी और कांग्रेस असंतुष्टों और विद्रोह के चलते परेशान नजर आ रहे हैं। वैसे तो दोनों दलों के 75 प्रतिशत प्रत्याशियों पर कोई विवाद नहीं है, मगर 25 प्रतिशत सीटों पर असंतोष दिखा है जहां से वर्तमान विधायकों या पूर्व में लडे हुए प्रत्याशियों को हटाकर अन्य को टिकट दिया गया या खासकर दूसरी पार्टी से आए नेता को प्रत्याशी बनाया गया। इसके चलते स्थानीय कार्यकर्ता मुखर विरोध पर उतर आए हैं। हालांकि, प्रत्याशियों के चयन में पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं की राय जान लेनी चाहिए क्योंकि अंतत हार-जीत इन जमीनी कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही प्राप्त होती है! ऐसे अनेक कार्यकर्ता हैं जो 30-40 वर्षों से पार्टी की सेवा कर रहे हैं, मगर उन्हें टिकट के योग्य नहीं मानते हुए दूसरों को टिकट दिए गए। कहीं धन खर्च करने में कमजोर प्रत्याशियों का पत्ता काटा गया तो कुछ ऐसे प्रत्याशियों को भी टिकट दिया गया जो निर्दलीय खड़े होने पर भी जीत सकते हैं। रतलाम के भाजपा विधायक चेतन कश्यप ने बहुत अच्छा काम किया है। ऐसे लोगों को टिकट मिलना ही चाहिए।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### भागवत के विचार

**आरएसएस** के सर संघचालक मोहन भागवत द्वारा विजयदशमी पर अपने संदेश में जिस भारत की परिकल्पना की है वह प्रत्येक भारतीय की अभिलाषा है। मोहन भागवत ने स्पष्ट शब्दों में कट्टरवाद, अविवेक और असंतुलन के खतरे से भारतीयों को सावधान किया है। यह एक सराहनीय क़दम है। यदि भारत का प्रत्येक नागरिक यह मान ले कि वह पहले भारतीय है बाद में हिंदू, मुसलमान, दक्षिण भारतीय, उत्तर भारतीय, उत्तराखंडी, झारखंडी, तमिल भाषी, तेलुगु भाषी आदि है तब निश्चय ही भारत विश्व गुरु बनेगा और 2047 में एक विकसित राष्ट्र के रूप में दुनिया भर में अपनी धाक जमाने में कामयाब होगा। मोहन भागवत ने अपने संबोधन में सामाजिक समरसता, भाईचारे और राष्ट्र में अमन चैन कायम पर जोर देते हुए धार्मिक कट्टरता को विनाशकारी बताया है। यदि प्रत्येक भारतीय इस जिम्मेदारी पर काम करे तो राष्ट्र प्रथम की अवधारणा को मजबूत किया जा सकता है। इसके लिए आवश्यक है कि धर्म के नाम पर शक्ति प्रदर्शन बंद किए जांए तथा चुनावी लाभ प्राप्त करने के लिए धर्म के प्रयोग पर सबकी ओर से रोक लगाई जाए।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### विभाजनकारी राजनीति

**विशाल भारत** का बंटवारा ही मजहब के नाम पर हुआ और उसके बाद चुनाव में वोट बटोरने के लिए राजनीतिक दलों ने जातिगत आरक्षण को बढ़ावा दिया जो कि मूल संविधान में 10 वर्षों के लिए था। लेकिन आज 75 वर्ष बाद भी यह जारी है और न केवल इसके जारी रहने, बल्कि विस्तार का खतरा भी सामने आ रहा है। बिहार में जाति गणना के बाद विपक्षी दल देश भर में जाति गणना तथा जातीय जनगणना का वादा कर रहा है। आम आदमी को तो दोनों समय की रोटी कमाने और परिवार चलाने से ही समय नहीं मिलता और वह यदा कदा ही मंदिर मस्जिद जाता है। मगर जहां जाति के नाम पर हथियार उठाने की बात सामने आती है तो बड़ी तादाद में लोग सड़कों पर निकल आते हैं। और हर जगह हर जाति के नेता तैयार हो जाते हैं। इसके कारण अधिक से अधिक हिंसक वातावरण तैयार होता है। देश में यह विभाजन की राजनीति चंद नेताओं के लिए लाभदायक हो सकती है, लेकिन इससे अधिकांश गरीबों की स्थिति में कोई बदलाव नहीं आता है जिनमें सभी धर्मों व जातियों के लोग शामिल हैं।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# नहीं होने देंगे किसी के साथ अन्याय: योगी

## सीएम ने जनता दर्शन में सुनीं 200 लोगों की समस्याएं, संतुष्टिपरक निराकरण के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर



**लगातार** तीन दिन आनुष्ठानिक कार्यक्रमों में अति व्यस्तता के बाद आराम करने की बजाय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार सुबह जन समस्याओं के निस्तारण को प्राथमिकता दी। गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान उन्होंने लोगों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

जनता दर्शन में सीएम योगी ने अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। योगी ने बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात की। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ अन्याय नहीं होने पाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को मुख्यमंत्री ने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं अपने बच्चों के साथ आई थीं। मुख्यमंत्री ने इन बच्चों को खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया और चॉकलेट गिफ्ट करते हुए प्यार व आशीर्वाद दिया।

# श्रीअन्न रेसिपी विकास व उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम पर सरकार का जोर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार का श्रीअन्न रेसिपी विकास व उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम पर विशेष जोर है। कृषि विभाग की तरफसे श्रीअन्न महोत्सव (27 से 29 अक्टूबर) का आयोजन किया जा रहा है। एक अनूठी पहल के तहत शनिवार को श्रीअन्न पकवान प्रतियोगिता कराकर कृषि विभाग आमजन को मिलेट्स उत्पादों के प्रति जागरूक भी करेगा। अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के अंतर्गत निरंतर मोटे अनाजों को प्रोत्साहित कर इसे जरिया बनाया गया है। महोत्सव में एक ओर होटल व रेस्तरां उद्योगों के जरिए मिलेट्स की

## ● तीन श्रेणियों रेडी टू ईट उत्पाद, लाइव काउंटर्स और बेकरी में होटल-रेस्तरां की होगी प्रतियोगिता

संभावनाओं पर कार्य होगा तो वहीं मिलेट्स के रेडी टू ईट उत्पाद, लाइव काउंटर्स और बेकरी तीन श्रेणियों में भी इनकी तरफ से प्रतिभाग भी किया जाएगा। शनिवार को चटोरी गली में इस पर होटल.रेस्तरां के प्रतिनिधि भाग लेंगे। रविवार को सर्वश्रेष्ठ तीन प्रतिभागियों को तीनों श्रेणियों में पुरस्कृत भी किया जाएगा। कृषि विभाग की देखरेख में होने वाले श्रीअन्न महोत्सव में होटल-रेस्तरां के प्रतिनिधि इस उद्योग में मिलेट्स के उत्पादों की संभावनाओं पर विचार रखेंगे। श्रीअन्न पकवान प्रतियोगिता में आमजन के लिए बाजरा, कुट्ट, रामदाना, ज्वार, कोदो, सावां, ज्वार आदि मिलेट्स व्यंजन भी रहेंगे। कार्यक्रम को तीन श्रेणियों में बांटा गया है। मिलेट्स के रेडी टू ईट उत्पाद, लाइव काउंटर्स और बेकरी तीन श्रेणियों में प्रदर्शन होगा। फिलहाल इसमें 25 स्टाल प्रतिभागियों का पंजीकरण किया गया है। मिलेट्स के प्रोत्साहन के लिए योगी सरकार की तरफ से इस तरह की अनूठी पहल की गई है। कृषि कुंभ 2.0 के पहले चटोरी गली में न सिर्फ यह आयोजन किया जाएगा बल्कि श्रीअन्न पकवान प्रतियोगिता में सर्वेश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले होटल-रेस्तरां को पुरस्कृत भी किया जाएगा। इसका उद्देश्य श्रीअन्न रेसिपी विकास व उपभोक्ता जागरूकता से जुड़ा है। कृषि विभाग के साथ लखनऊ विकास प्राधिकरण की भी इसमें सहभागिता रहेगी।

# ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 229 गॉव चयनित

## ● राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ होम स्टे के चयन के लिए प्रतियोगिता होगी आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा प्रदेश में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग निरन्तर प्रयास कर रहा है, जिसके अंतर्गत विभाग ने प्रदेश में 229 ग्रामों का चयन किया है जिनमें ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही ग्रामीण होम स्टे को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता शीघ्र आयोजित की जायेगी। इसके लिए पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार सर्वश्रेष्ठ होम स्टे चयन करने की तैयारी कर रहा है। होम स्टे के माध्यम से जहां एक ओर ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, वहीं पर्यटकों को देश की गौरवशाली संस्कृति, रहन सहन, खानपान, जीवनशैली, भेष भूषा, स्थानीय परम्पराओं आदि के बारे में करीब से जानने का अवसर प्राप्त होगा। ग्रामीण पर्यटन से ग्रामीण अंचल की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और वैकल्पिक ढांचागत विकास के अवसर खुलेंगे।

मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह प्रतियोगिता ग्रामीण होमस्टे को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान करेगी। जिसमें से सर्वश्रेष्ठ 5 होमस्टे को विभिन्न श्रेणियों के तहत भारत के सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण होमस्टे के रूप में मान्यता दी जाएगी। होम स्टे के माध्यम से पर्यटकों को स्टैंडर्ड और प्रामाणिक स्थानीय सुविधाओं के साथ गांव की अनोखी जीवनशैली को करीब से जानने का मौका मिलेगा।

मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ग्रामीण होमस्टे प्रतियोगिता मुख्यत: तीन चरणों जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाएगी। सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण होमस्टे के चयन के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाए होनी चाहिए जैसे. सभी मूलभूत सुविधाओं के साथ उपलब्ध कराने के लिए कम से कम से एक कमरा, ग्रीन होमस्टे में सोलर आधारित बिजली व्यवस्था, आयुर्वेदिक और वेलनेस होमस्टे में स्पाए योगा और ध्यान लगाने जैसी सुविधाएं।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि ग्रामीण होमस्टे के माध्यम से ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे ग्राम स्तर पर रोजगार मिलेगा और जिसका सीधा आर्थिक लाभ स्थानीय लोगों को होगा। जयवीर सिंह ने बताया कि हमारा प्रयास है कि उत्तर प्रदेश पर्यटकों की पहली पसंद बने। इसलिए ग्रामीण, एग्री टूरिज्म पर तेजी से काम हो रहा है। साथ ही पर्यटकों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पर्यटन एक तेजी से उभरता हुआ सेक्टर है। जिसमें रोजगार के असीमित संभावनायें हैं। इसको दृष्टिगत रखते हुए विगत साढ़े छह वर्षों में राज्य सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा दिया है। कोरोना कालखण्ड के बाद पर्यटकों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। इसके मद्दे नजर अवस्थापना सुविधाओं को और पसंदीदा बनाया जा रहा है। राज्य सरकार के प्रयासों के चलते ही उप्र घरेलू पर्यटकों के मामले में पूरे देश में पहले स्थान पर है।

# प्रयागराज महाकुंभ में डेढ़ लाख शौचालयों की होगी व्यवस्था

## ● 11 हजार से अधिक स्वच्छताकर्मी और वॉलंटियर्स संभालेंगे जिम्मेदारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महाकुंभ** 2025 कई मायनों में खास होने जा रहा है। मुख्यमत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर टीम यूपी सनातन धर्म के इस महाआयोजन को लेकर अभी से तैयारियों में जुट गई है। महाकुंभ के क्षेत्रफल में विस्तार के साथ ही योगी सरकार इस पूरे आयोजन की पवित्रता को भी अक्षुण्ण रखने पर विशेष जोर दे रही है। इसके लिए पूरे कुंभ क्षेत्र में तकरीबन डेढ़ लाख शौचायलयों को स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री की मंशा है कि 2025 का महाकुंभ पूरी तरह ओडीएफ (खुले में शौच मुक्त) हो। 4 हजार हैक्टेयर में स्थापित किये जाने वाले पूरे कुंभ क्षेत्र को 25 सेक्टरों में बांटकर स्वच्छता सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए सरकार की ओर से स्वच्छताकर्मियों की लंबी.चौड़ी फौज को तैनात किया जाएगा।

सनातन धर्म के सबसे बड़े आयोजन महाकुंभ को लेकर योगी सरकार ने तकरीबन ढाई हजार करोड़ का बजट तय किया है। इसमें पूरे कुंभक्षेत्र को अभेद्य बनाने के साथ ही साफसफाई को लेकर भी तगड़े इंतजाम किये जा रहे हैं। सरकार कुंभक्षेत्र में स्वच्छता को लेकर 300 करोड़ से अधिक खर्च करेगी। इसके लिए 52 हजार से अधिकर सामुदायिक शौचालय 53 हजार से अधिक शौचालय विभिन्न टेंटों पार्किंग और अप्रोच सड़कों पर 14 हजार से अधिक शौचालय और 20 हजार से अधिक पब्लिक यूरिनल यानी कुल मिलकार तकरीबन डेढ़ लाख शौचालयों का निर्माण योगी सरकार करेगी। इसके अलावा 25 हजार से अधिक डस्टध्वेस्ट बिनए 120 टिपर-हॉपर ट्रक, 40 कॉम्पैक्टर, 9800 स्वच्छताकर्मी और 1800 स्वच्छता वालेंटियर्स पूरे मेला क्षेत्र में साफ सफाई की व्यवस्था संभालेंगे। पौष पूर्णिमा (13 जनवरी 2025) से महाशिवरात्रि (26 फरवरी 2025द्ध तक 45 दिनों के इस महाआयोजन में स्वच्छता को बरकरार रखना एक बड़ी चुनौती है। इसके लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर अभी से तैयारियों को अमलीजामा पहनाना शुरू कर दिया गया है। कुंभ क्षेत्र में स्वच्छता बनाये रखने के लिए योगी सरकार बड़ी संख्या में फाइबर रिइन्फोर्स्ड पॉलीमर शौचालयों को स्थापित करेगी।

# दशहरे पर सभी जिलों में 24 घंटे बिजली देकर सरकार ने निभाया वादा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



## ● अब धनतेरस और दीपावली के लिए यूपीपीसीएल ने कसी कमर

**त्योहारों** पर प्रदेश के आम नागरिकों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति के अपने वादे को निभाते हुए योगी सरकार ने दशहरे के दिन यानी सोमवार को प्रदेश के सभी 75 जनपदों के ग्रामीण क्षेत्रों, नगर पंचायत मुख्यालयों, तहसील मुख्यालयों और जनपद मुख्यालयों में बिना कटौती 24 घंटे तक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कर रिकॉर्ड बनाया है। प्रदेश में एक भी क्षेत्र ऐसा नहीं था, जहां बिजली कटौती की सूचना मिली हो।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ने दशहरा, धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर प्रदेश के सभी क्षेत्रों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति का वादा किया था। इसके लिए विभाग की ओर से सभी संबंधित अधिकारियों और डिस्कॉम को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। दशहरा के बाद अब यूपीपीसीएल आगामी त्योहारों (धनतेरस और दीपावली) पर निर्बाध आपूर्ति के लिए जुट गया है।

यूपीपीसीएल अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल की ओर से जारी निर्देशों का पालन करते हुए सभी डिस्कॉम्स ने सभी क्षेत्रों में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की। इसके अंतर्गत पूर्वांचल के सभी 21 जनपदों मध्यांचल के 19 जनपदों, दक्षिणांचल के 21 जनपदों (बुंदेलखंड के 7 जनपदों को मिलाकर), पश्चिमांचल के 14 जनपदों और केस्को में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति प्रदान की गई। इन सभी जनपदों में विद्युत आपूर्ति के घंटे पहले से ही निर्धारित हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां 18 घंटे आपूर्ति निर्धारित की गई है तो वहीं नगर पंचायत मुख्यालयों के लिए 21.30 घंटे, तहसील मुख्यालयों के लिए 21.30 घंटे और जनपद मुख्यालयों के लिए 24 घंटे आपूर्ति निर्धारित की गई है। वहीं बुंदेलखंड के सभी 7 जनपदों के ग्रामीण क्षेत्रों में 20 घंटे विद्युत आपूर्ति निर्धारित की गई है। हालांकि त्योहारों के अवसर पर सीएम योगी के निर्देश पर यूपीपीसीएल सभी क्षेत्रों में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति मुहैया कराने में जुट गया है। इन सभी जनपदों में कहीं भी कटौती नहीं की गई।

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने बताया कि प्रमुख त्योहारों के अवसर पर प्रदेश को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया है। इसमें दशहरा पर 24 घंटे विद्युत आपूर्ति के लक्ष्य को हासिल कर लिया गया है। सीएम योगी और ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के निर्देश पर आने वाले त्योहारों पर भी सभी के सहयोग से 24 घंटे विद्युत आपूर्ति के लक्ष्य को हासिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दशहरे से पूर्व नवरात्रि के अवसर पर प्रदेश में विद्युत आपूर्ति बेहतर रही और सभी क्षेत्रों को निश्चित शिड्यूल के अनुरूप विद्युत आपूर्ति की गई। वितरण में लगे अधिकारियों को त्योहारों पर सूर्यास्त से लेकर सूर्योदय तक निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए कहा गया है। डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों, मुख्य अभियंताओं सहित विद्युत निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया गया था कि नवरात्रि के अवसर पर शक्ति पीठों एवं धार्मिक स्थलों को निर्धारित शिड्यूल के अनुरूप विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इसको सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है और अब आगे के लक्ष्य हासिल करने के लिए विभाग और कर्मचारी जुट गए हैं।

# अब तक 32315 मीट्रिक टन हुई धान की खरीद

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने के उद्देश्य से खरीफ क्रय वर्ष 2023-24 में सीधे खरीद करते हुए, विभिन्न धान क्रय केन्द्रों के माध्यम से अब तक 32315 मीट्रिक टन धान किसानों से क्रय किया गया है। इस योजना से अब तक लगभग 5272 किसानों को लाभान्वित किया गया है। खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज 6198.52 मीट्रिक टन खरीद हुई है। उल्लेखनीय है कि इस खरीद वर्ष में विभिन्न श्रेणी के धान के समर्थन मूल्य के तहत कॉमन धान श्रेणी 2183 रुपये प्रति कुन्तल तथा ग्रेड-ए के धान का मूल्य 2203 रुपये प्रति कुन्तल की निर्धारित दर से खरीद की जा रही है।

# फैमली आईडी बनाने के कार्य में लाएं तेजी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने फैमिली आईडी बनाये जाने के कार्य की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में फैमिली आईडी के बारे में आम जनमानस को जागरूक करते हुए फैमिली आईडी बनाने के कार्य में तेजी लाई जाए। इससे रोजगार से वंचित परिवारों का चिन्हांकन कर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने तथा पात्र परिवारों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि फैमिली आईडी जारी करने से पहले परिवार के संबंध में सभी जानकारियों को विधिवत प्रमाणित किया जाए। फैमिली आईडी को डिजी लॉकर से जोड़ा जाए। फैमिली आईडी की ई-पासबुक में परिवार को मिल रही सरकारी योजनाओं के लाभ का पूरा विवरण सम्बन्धित विभाग द्वारा दर्ज किया जाए। इससे प्रदेश के हर परिवार के स्वावलम्बन और सशक्तिकरण का अभियान पूरा किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचलित सभी अवशेष लाभार्थीपरक योजनाओं को परिवार आईडी से लिंकेज किया जाए। केन्द्र सरकार के सहयोग से संचालित समस्त योजनाओं का भी डाटाबेस प्राप्त कर फैमिली आईडी से जोड़ा जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव समाज कल्याण हरिओम, प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार, प्रमुख सचिव व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास एम. देवराज, सचिव बाल विकास एवं पुष्टाहार अनामिका सिंह सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा सरकार के दोनों कार्यकाल में एक भी उल्लेखनीय कार्य नहीं हुआ: राजेन्द्र चौधरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** प्रवक्ता एवं पूर्व मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि प्रदेश और राजधानी लखनऊ में जो भी विकास के कार्य हुए हैं वे सब समाजवादी पार्टी की सरकार में हुए है। इस बात का प्रमाण है कि भाजपा सरकार के दोनों कार्यकाल में एक भी उल्लेखनीय कार्य नहीं किया गया। राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि इकॉना स्टेडियम में 29 अक्टूबर 2023 को भारत.इंग्लैण्ड के बीच अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच के आयोजन की चर्चा भाजपा से इंग्लैण्ड तक में है। राजधानी लखनऊ के इस अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम में मैच देखने का सुअवसर इसलिए भी है क्योंकि इसके पहले राजधानी लखनऊ में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मैंच देखने के लिए लोग तरसते थे। समाजवादी पार्टी की सरकार में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने लखनऊ में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम बनाकर लोगों को यह सुअवसर प्रदान किया है। लोग इसका श्रेय अखिलेश यादव को दे रहे है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव का विकास का विजन बिल्कुल स्पष्ट है। उन्होंने अपनी सरकार में प्रदेश को ऐसे कई दर्शनीय स्थल दिए हैं जो अपने ढंग के हैं और उनको बार-बार याद किया जाता है। अपने कार्यकाल में उन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का इकाना स्टेडियम बनाया जिससे बड़े मैचों का सूखा खत्म हो गया। आज हर बड़े मैच का केन्द्र लखनऊ है। उन्होंने कहा कि अखिलेश का क्रिकेट प्रेम जग जाहिर है। मुख्यमंत्री बनने पर उन्होंने आईएएस के साथ मैच की शुरुआत की थी। मुख्यमंत्री रहते सन् 2015 में वे लंदन प्रवास में लॉड्र्स के प्रसिद्ध स्टेडियम को देखने गए थे। एक सप्ताह की इस यात्रा में उनके साथ तत्कालीन कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी भी थे। अखिलेश यादव ने लंदन का सुप्रसिद्ध हाईड पार्क भी घूमा और उसके क्षेत्रफल के बराबर उन्होंने लखनऊ में जनेश्वर मिश्र पार्क का निर्माण कराया। लंदन की टेम्स नदी के तर्ज पर लखनऊ में उन्होंने जनप्रिय स्थल गोमती रिवरफ्रंट भी बनाया। राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि वे और अखिलेश यादव लन्दन के हाइड पार्क के स्क्व् रेस्टोरेंट में अक्सर कॉफी पीने के लिए जाते थे। महिला अपराध नियंत्रण के लिए 1090 और यूपी डायल 100 जैसी पुलिस रिस्पांस सिस्टम की शुरूआत उन्होंने की। लखनऊ में ट्रैफिक जाम से निजात पाने के लिए राजधानीवासियों की सुविधा के लिए मेट्रो रेल चलाई।

# एक्सप्रेसवे पर विकसित होगा पब्लिक चार्जिंग स्टेशंस का नेटवर्क

## ● यूपीडा ने पीपीपी मॉडल पर आधारित चार्जिंग स्टेशंस को विकसित करने के लिए मांगे आवेदन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में विकास की नई गाथा लिख रही योगी सरकार आर्थिक, व्यापारिक और औद्योगिक उन्नति के साथ ही प्रदेश में एक्सप्रेसवे के कायाकल्प को लेकर भी व्यापक प्रयास कर रही है। चाहें बात अवसंरचना विकास की हो या फिर वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से लैस करने की होए सीएम योगी की मंशा अनुरूप उत्तर प्रदेश सरकार लगातार इस दिशा में नए समीकरणों पर कार्य कर रही है। इसी क्रम में राज्य के यमुना एक्सप्रेसवे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे व गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर ई-व्हीकल के लिए 'बैटरी स्वैपिंग' व्यवस्था युक्त चार्जिंग स्टेशंस के इंस्टॉलेशन के लिए भी योगी सरकार ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस क्रम में उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने प्रदेश में एक्सप्रेसवे रूट्स पर 'बैटरी स्वैपिंग' व्यवस्था युक्त पब्लिक ईवी चार्जिंग स्टेशंस की स्थापना करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इन पब्लिक चार्जिंग स्टेशंस का विकास पीपीपी मॉडल के आधार पर किया जाएगा तथा इन स्टेशंस के विकास के लिए इच्छुक आवेदकों से ई-टेंडर पोर्टल के जरिए आवेदन मांगे गए हैं।

इसके साथ ही आरपीएफ प्रक्रिया में चार्ज प्वॉइंट ऑपरेटर के लिए जरूरी दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं। खास बात यह है कि चार्जिंग स्टेशंस के विकास के लिए चयनित आवेदनकर्ताओं को नॉमिनल लीज पर 10 वर्षों के लिए यूपीडा जमीन देगा। वहीं, बिहाइंड द मीटर पावर स्ट्रक्चर के विकास के लिए यूपीडा 100 प्रतिशत फाइनेंशियल सपोर्ट भी देगा।

# अयोध्या, काशी, मथुरा व भोजशाला का जय घोष 29 को लखनऊ में

## बौद्धिक सम्मेलन के साथ ही ज्ञानवापी मंदिर मॉडल व प्रतीक चिन्हों की लगेगी प्रदर्शनी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**जन** उद्घोष सेवा संस्थान के अध्यक्ष कुलदीप तिवारी एवं अधिवक्ता रंजना अग्निहोत्री ने बताया कि पीडब्लूडी मुख्यालय स्थित विश्वसरैया हाल में 29 अक्टूबर रविवार को जन उद्घोष सेवा संस्थान के तत्वावधान में अयोध्या, काशी, मथुरा व भोजशाला का जय घोष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पूर्वाह्न 11 बजे आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान वृहद बौद्धिक सम्मेलन एवं ज्ञानवापी मंदिर मॉडल व प्रतीक चिन्हों की प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान अयोध्या, काशी, मथुरा व भोजशाला से जुड़े प्रमुखों को सम्मानित भी किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री जितिन प्रसाद, पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं सांसद दिनेश शर्मा मौजूद रहेंगे। यह जानकारी बुधवार को पत्रकार वार्ता के दौरान अधिवक्ता रंजना अग्निहोत्री एवं कुलदीप तिवारी ने दी। अधिवक्ता रंजना अग्निहोत्री एवं कुलदीप तिवारी ज्ञानवापी, भोजशाला (मध्यप्रदेश) तथा मथुरा मामलों में वादी के रूप में प्रमुख भूमिका में हैं। इस मौके पर बनारस से आये आदिमहादेव काशी धर्मालय मुक्ति न्यास के प्रबंध ट्रस्टी एवं ज्ञानवापी व मथुरा मामले में सह वादी डॉ. राम प्रसाद सिंह एवं संजीव त्रिपाठी ने बताया यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर होगा। रंजना अग्निहोत्री ने कहा कि अयोध्या की लड़ाई में विजय प्राप्त हुई है अब मथुरा काशी और भोजशाला की बारी है उसके बाद एक एक करके अपने सभी धार्मिक स्थलों को विधिक माध्यम से वापस प्राप्त करेंगे।

कार्यक्रम संयोजक कुलदीप तिवारी ने बताया कि उक्त आयोजन में अयोध्या काशी मथुरा भोजशाला से जुड़े अधिवक्ता, वादी और आंदोलनकारियों की उपस्थिति रहेगी जिसमें प्रसिद्ध कथावाचक प्रेमभूषण महाराज को श्री राम रत्न सम्मान एवं प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य प्रो. डॉ. पवन सिन्हा, अधिवक्ता हरिशंकर जैन, जगद्गुरु रामानन्दाचार्य, स्वामी राम दिनेशाचार्य, मध्यप्रदेश से कथावाचक लक्ष्मी मणि शास्त्री, प्रसिद्ध उपन्यासकार डॉ. नीरजा माधव को अवध मार्तण्ड सम्मान से विभूषित किया जायेगा। आयोजन में भारत को सांस्कृतिक आध्यात्मिक शैक्षणिक एवं विधिक रूप से सशक्त बनाने को लेकर चर्चा होगी और आगे ज्ञानवापी मथुरा भोजशाला जन जागृति अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर अधिवक्ता रंजना अग्निहोत्री ने सपा नेता एवं पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि इन जैसे लोगों को सनातन पर बयान देने का कोई मतलब नही निकलता है।

उन्होंने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य की अपने ही लोगों में कोई पहचान नही है। ये अपने आप को बौद्ध का अनुयायी बताते हैं जबकि इनके पास कोई बौद्धिक क्षमता नहीं है और न ही कोई ज्ञान है। इसी लिए ये अनर्गल बातें करते हैं। इन पर ध्यान देने की कोई जरूरत नही है।

# वाल्मीकि आश्रम, राजा सीताराम महल व रसिक बिहारी मंदिर का संरक्षण करेगी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश की औद्योगिक, व्यापारिक व आर्थिक क्षमताओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश की वृहद सांस्कृतिक, ऐतिहासिक व आध्यात्मिक धरोहरों को संजोने वाले स्थलों के संरक्षण व जीर्णोद्धार की दिशा में भी सकारात्मक प्रयास कर रही है। सीएम योगी का विजन साफ है कि प्रदेश अपनी उन्नति की गाथा मूल्यों के संरक्षण के साथ लिखे और इसी कारण से प्रदेश के तमाम सांस्कृतिकए ऐतिहासिक व आध्यात्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार व संरक्षण का कार्य भी योगी सरकार द्वारा बखूबी किया जा रहा है। इस क्रम में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप अब कानपुर के बिठूर स्थित महर्षि वाल्मीकि आश्रम, मथुरा के राजा सीताराम महल व फतेहपुर के शिवराजपुर स्थित रसिक बिहारी मंदिर के जीर्णोद्धार व संरक्षण की प्रक्रिया को मूर्त रूप देने जा रही है। इस विषय में एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है जिस पर अमल करते हुए उत्तर प्रदेश पुरातत्व विभाग ने संबंधित कार्यों को अंजाम देने के लिए इच्छुक एजेंसियों से ई-टेंडरिंग प्रक्रिया के जरिए आवेदन मांगे हैं। कानपुर के बिठूर स्थित महर्षि वाल्मीकि आश्रम न केवल आस्था बल्कि संस्कार व इतिहास के कई अध्याय अपने आप में समेटे है। ऐसा माना जाता है कि प्रभु श्रीराम द्वारा माता जानकी को वनगमन की आज्ञा देने के उपरांत बिठूर में महर्षि वाल्मीकि का आश्रम ही उनकी आश्रय स्थली बनी थी। यह भी मान्यता है कि इसी आश्रम में प्रभु श्रीराम के दोनों पुत्रों लव व कुश का जन्म हुआ था। वर्तमान में योगी सरकार अब यहां 1.52 करोड़ रुपए की लागत से संरक्षण व जीर्णोद्धार के कार्यों को मूर्त रूप देने जा रही है। इन कार्यों को करने के लिए आवेदन करने वाली एजेंसी को बतौर ईएमडी अमाउंट 3.12 लाख रुपए जमा कराने होंगे। मथुरा के राजा सीताराम महल के जीर्णोद्धार व संरक्षण के लिए 1.29 करोड़ रुपए खर्च होंगे व ईएमडी अमाउंट 2.66 लाख रुपए निर्धारित किया गया है। वहीं फतेहपुर के शिवराजपुर स्थित रसिक बिहारी मंदिर के जीर्णोद्धार व संरक्षण पर योगी सरकार द्वारा 1.97 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे व इस कार्य के लिए ईएमडी अमाउंट 4.04 लाख निर्धारित किया गया है।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 26 अक्टूबर 2023



# ऐसे उजड़ रही हरियाली!

## ● निकासी 18 की और कट रहे 23 पेड़,दुधवा नेशनल पार्क के क्षेत्र का हाल है बदहाल



**संवाददाता।** गोला गोकर्णनाथ (खीरी)

**दुधवा नेशनल** पार्क कीवनरेंज मैलानी के बीट सलेमपुर के ग्राम कुकरा. भीरा मार्ग पर हरी .भरी आम की बाग का कटान जारी है जिसमें वनकर्मियों की भूमिका संलिप्त होने की बात भी प्रमाणित है। जानकारी के अनुसार दुधवा नेशनल पार्क के बफरजोन क्षेत्र की वन रेंज मैलानी की बीट सलेमपुर के क्षेत्रांतर्गत कुकरा भीरा सड़क मार्ग पर कुकरा निवासी वैश्य समाज की हरी भरी बाग खड़ी थी जिसमें लगभग तीन दर्जन से अधिक वृक्ष आम और शीशम के थे जिनमें 18 कलमी आम के नाम पर निकासी डीएफओ बफरजोन के यहां से जारी हुई है जिनमें मौके पर 23 आम के वृक्षों को काटा गया है।

बताते चलें कि लकड़कट्टों ने देशी आम को कलमी आम दर्शाकर पहले 18 वृक्षों की निकासी डीएफओ बफरजोन के यहां से हासिल की बाद में 23 आम के वृक्षों को काटा गयाहैजिसमें अधिकांश वृक्ष देशीआम के बताए जा रहे हैं। लकड़ी ठेकेदार व वन कर्मियों की मिलीभगत के चलते यह अवैध कटान हो रहा है अभी मौके पर काटे गए वृक्षों की मुढढियां व लकड़ी मौकेपर मौजूद है अगर इसकी जांच वनरेंज अधिकारी मैलानी व दुधवा नेशनल पार्क के डीएफओ करें तब काटे गए वृक्षों का खुलासा हो सकता है।

# जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बहेड़ी का किया गहन निरीक्षण

**बरेली।** डीएम ने तहसील बहेड़ी में फैले डेंगू और मलेरिया के दृष्टिगत आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बहेड़ी का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने वहां पर भर्ती मरीजों से हाल-चाल पूछा तथा उन्हें उपलब्ध करायी जा रही चिकित्सा सुविधाओं के विषय में जानकारी ली, मरीजों ने डीएम को अवगत कराया कि यहां पर ठीक स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। डीएम ने चिकित्सालय में दवाओं का रजिस्टर व उसके स्टोर रूम आदि को भी देखा और चिकित्सालय परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था असन्तोष जनक पायी गयी, जिस व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिये तथा एसडीएम को एक सप्ताह बाद पुन: स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करने को कहा। निरीक्षण के दौरान सीडीओ, सीएमओ सहित स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## गौवशीय पशु काट रहे तस्कर ग्रामीणों को देखकर फरार

**बरेली।** रात के समय जंगल मेंगौ वशीय पशुओं को काट रहे पशु तस्कर ग्रामीणों की आहट सुनकर भाग गए पुलिस ने मौके से दो गौवशीय पशुओं का मांस और बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद तस्करों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी। हाफिजगंज थाना क्षेत्र के गांव सुंदरी ने बीती रात तस्करों ने जंगल में दो गोवंशीय पशुओं का वध कर दिया कुछ देर बाद ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए उनके आने की आहट तस्करों को मिल गई और वह रात के अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए भीड़ में शामिल कुछ ग्रामीणों ने उनका पीछा करके पकड़ने की कोशिश की लेकिन वह सफल नहीं हुए रात में ही घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस में तस्करी की बाइक को कब्जे में ले लिया जिस पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी पुलिस ने दो गौवंशीय पशुओं के मांस को जमीन में दबाने के बाद बाइक के चेचिस नंबर के आधार पर मालिक की तलाश शुरू कर दी।

# मूर्ति विसर्जन के साथ दुर्गा पूजा सम्पन्न

**संवाददाता।** मोहम्मदी खीरी



**नगर** के बाजार खुर्द स्थित श्री नर्वदेश्वर महादेव मंदिर प्रांगड़ में नवरात्र के प्रथम दिन हुई श्री दुर्गा स्थापना दशहरा को पूर्ण आहुति व कन्या भोज के साथ कल एकादशी को रविन्द्र नगर में मूर्ति विसर्जन के साथ सम्पन्न हुआ। विसर्जन यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

बताते चले नवरात्र के प्रथम दिन मंदिर प्रांगड़ में दुर्गा स्थापना पूर्ण बिधि विधान से हुआ।तत्पश्चात नवमी तक प्रतिदिन श्रंगार पूजा व भजन संध्या का कार्यक्रम चलता रहा।कल एकादशी को विसर्जन यात्रा मंदिर प्रांगड़ से ढोल नगाड़ों व डीजे के साथ रवाना होकर नगर भ्रमण कर अपने निश्चित स्थान रविन्द्र नगर इमिलिया घाट पर सम्पन्न हुई। सुरक्षा के दृष्टिकोण से बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। मुख्य आयोजक आकाश सैनी ने सभी आगन्तुको का ह्रदय से आभार व्यक्त किया। मोहम्मदी कस्वा पुलिस समेत हल्का पुलिस को सुरक्षा के दृष्टिगत शुरुआत से अंतिम तक मौजूद रहने के लिए धन्यवाद दिया। प्रमुख रूप से आचार्य संतोष कुमार मिश्रा, रज्जन सैनी, दीपेंद्र सैनी, सज्जन सिंह, अमित सैनी, संगीता सैनी, राधा सैनी समेत बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग/पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत खादी कारीगरों को प्रशिक्षण

## ● इच्छुक 27 अक्टूबर तक करें आवेदन

**बरेली।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अजय पाल ने बताया कि खादी के शोध, डिजाइन, मानकीकरण एवं प्रचार-प्रसार योजना के अन्तर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में खादी संस्थाओं में कार्यरत पैटर्न मेकर, कटिंग, सिलाई का कार्य करने वाले कामगारों के साथ ही बुनाई का कार्य करने वाले कामगारों एवं बुनकरों के साथ ही मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत वित्तपोषितध्स्थापित रेडीमेड गारमेन्ट निर्माण इकाईयों में कार्यरत फैशन डिजाइनर, पैटर्न मेकर, कटिंग, सिलाई का कार्य करने वाले कामगारों को एक माह का निशुल्क प्रशिक्षण राष्ट्रीय फैशन तकनीकी संस्थान रायबरेली के माध्यम से दिलाया जायेगा, जिसके अन्तर्गत चयनित उद्यमियों/कामगारों को डिजाइनर वस्त्रों को तैयार करने का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। यह प्रशिक्षण पूर्णत: आवासीय होगा। प्रशिक्षण अवधि में कामगारों के ठहरने, भोजन, प्रशिक्षण आदि की व्यवस्था राष्ट्रीय फैशन तकनीकी संस्थान रायबरेली द्वारा की जायेगी तथा प्रशिक्षार्थियों को नियमानुसार छात्रवृत्ति भी देय होगा। संस्थाध्इकाई में कार्यरत पैटर्न मेकर, कटिंग, सिलाई का कार्य करने वाले कामगारों का चयन गठित समिति द्वारा किया जायेगा। उक्त के क्रम में उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड में पंजीकृत खादी संस्थाध्इकाई को सूचित किया है कि आपके खादी संस्थाध्इकाई से जुडे फैशन डिजाइनर, पैटर्न मेकर, कटिंग, सिलाई का कार्य करने वाले कामगारों का प्रशिक्षण हेतु ट्रेड पैटर्न मेकर, कटिंग, सिलाई का कार्य आदि का दिनांक 27 अक्टूबर 2023 तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, 35 यूध4ए रामपुर बाग को उपलब्ध कराएं ताकि चयन की कार्यवाही की जा सकें।

# एक दिवसीय वृहद मण्डल स्तरीय रोजगार मेले का किया आयोजन

## ● 28 अक्टूबर को महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड यूनिवर्सिटी परिसर में

**संवाददाता।** बरेली

**क्षेत्रीय** सेवायोजन कार्यालय, मॉडल कैरियर सेंटर, महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड यूनिवर्सिटी, राजकीय औद्योगिक संस्थान एवं उप्र कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय मण्डल स्तरीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड यूनिवर्सिटी परिसर में दिनांक 28 अक्टूबर 2023 को प्रात: 10:00 बजे किया जाएगा। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों (पेय टीएम, सेमसंग मोबाइल सर्विस, एल एण्ड टी, रिलायंस जियो, एकेसी मोटर्स, हैवेल्स इन्टरप्राजेज, सिद्धि इंफोनेट इंडिया, बजाज मोटर्स, ओकाया, भारती एयरटेल प्रा.लि., एचडीएफसी सेल्स, टेक महिन्द्रा, जोमैटो, कुटुम्ब केयर, केकेसी इन्टरप्राइजेज, गुडविल इंडिया, आदि) द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। रोजगार मेले में अब तक लगभग 50 कंपनियों को वृहद रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु लगभग 2000 से अधिक रिक्तियों के सापेक्ष सेवायोजन पोर्टल पर आवेदन किया गया है। अभ्यर्थी सेवायोजन बेव पोर्टल पर अपने यूजर आईडी पासवर्ड से लॉगिन कर अपनी योग्तानुसार ऑनलाइन आवेदन तथा पर पंजीकरण उपरान्त आवेदन कर वृहद रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। इस रोजगार मेले में अधिक से अधिक बेरोजगारों के प्रतिभाग कराने के लिए सेवायोजन कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कॉलेजों, तकनीकी तथा मैनेजमेंट के संस्थानों में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित कर अभ्यर्थियों को रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिये प्रेरित किया जा रहा है तथा कार्यालय द्वारा पंजीकृत अभ्यर्थियों को उनके मोबाइल नम्बरों पर वृहद रोजगार मेले की सूचना भी प्रेषित की जा रही है।

जनपद बरेली के समस्त बेरोजगार अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे वृहद रोजगार मेले को सफल बनाने तथा अवसर का लाभ उठाने के उद्देश्य से 28 अक्टूबर को महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड यूनिवर्सिटी में आयोजित होने वाले वृहद रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। किसी भी अन्य जानकारी हेतु क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, सिविल लाईन, स्टेशन रोड बरेली में सम्पर्क एवं दूरभाष संख्या 0581-3503008 पर प्राप्त कर सकते हैं।यह जानकारी प्रभारी सहायक निदेशक (सेवायोजन) ने दी है।

# पिता-पुत्र को दबंगों ने किया घायल

**बरेली।** मामूली बात पर हुए विवाद के बाद दबंगो ने पिता पुत्र पर लाठी से हमला कर दिया जिससे दोनों घायल हो गए घटना की शिकायत पुलिस से करने के बाद उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव अड्डूपुरा निवासी नेमचंद्र और उसके लड़के देवेंद्र को आज सुबह इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां नेमचंद ने बताया कि वह आज सुबह अपने घर के पास सड़क पर सफाई कर रहा था इसी दौरान घर से कुछ ही दूरी पर रहने वाला मंगली सिंह उसके पास पहुंचा और गाली गलोज करने लगा उसने उस पर कूड़ा फैलाने का आरोप लगाया जिससे दोनों में विवाद हो गया तब मंगली सिंह ने अपने लड़के लक्ष्मण, राजकुमार और भजनलाल को बुला लिया सभी लाठी डंडे लेकर पहुंचे और उन्होंने नेम चंद्र पर हमला कर दिया शोर सुनकर बचाने पहुंचे उसके लड़के देवेंद्र को भी पीटा जिससे दोनों घायल हो गए इलाज के लिए इलाज अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# क्विक न्यूज

## धू-धू कर जले रावण मेघनाथ कुंभकरण के पुतले

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** श्री रामलीला समिति गोला के द्वारा आयोजित रामलीला के आखिरी दिन भगवान श्री राम ने लंका पति रावण कुंभकरण व मेघनाथ का वध किया। इसके बाद तीनों महान योद्धाओं के पुतले आतिशबाजी के साथ जलाए गए। बताते चले रामलीला समिति के द्वारा आयोजित मेला मैदान में रामलीला के अंतिम दिन भगवान श्री राम के भक्त हनुमान ने लंका जाकर सीता जी का पता लगाया और लंका दहन किया इसके बाद युद्ध प्रारंभ हुआ तथा धुआंधार भगवान श्री राम के साथ रावण की सेवा ने युद्ध किया परिणाम स्वरूप रावण के पुत्र मेघनाथ भाई कुंभकरण तथा स्वयं रावण का वध भगवान श्री राम ने किया रामलीला देखने के लिए तमाम मैलार्थी मौजूद रहे। शाम के समय जब रावण वध के बाद रावण कुंभकरण मेघनाथ के पुतले जलाए गए वह नजारा देख कर लो आश्चर्यचकित रह गए। इस मौके पर श्री रामलीला समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी महामंत्री पंकज गुप्ता सहित समिति के सभी पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## एसपी ट्रैफिक के नाम पर वसूली की कोशिश सिपाही सस्पेंड

**बरेली।** एसपी ट्रैफिक का नाम लेकर डायल 112 के सिपाही को कार्यालय पर बुलाने वाले सिपाही को एसएसपी ने निलंबित कर जांच के आदेश दिए। सोशल मीडिया पर एक ऑडियो मंगलवार को वायरल हुआ जिसमें डायल 112 के कार्यालय में तैनात सिपाही पुष्पेन्द्र सिंह रजत ने पीआरवी 0175 पर तैनात हेड कांस्टेबल अब्दुल कादिर से मोबाइल पर बातचीत की सिपाही पुष्पेंद्र ने कहा कि ट्रैफिक साहब याद कर रहे थे आपकी गाड़ी को आपने भेजा नही इस पर सिपाही अब्दुल कादिर ने इस संबंध में ऐसी कोई भी जानकारी होने से इनकार कर दिया जांच में पता चला कि आरोपी सिपाही पुष्पेंद्र ने अपनी मर्जी से कार्यालय आने को कहा था, जबकि यूपी 112 की सभी पीआरवी पर नियुक्त कमांडर, सब कमांडर व चालक में से किसी को भी कार्यालय बुलाने के लिए कोई आदेश नहीं दिया गया था। अनुशासनहीनता को देखते हुए एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने सिपाही पुष्पेन्द्र सिंह रजत को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया और मामले की प्रारम्भिक जांच एसपी सिटी राहुल भाटी को दी इसके अलावा एसपी ट्रैफिक राम मोहन सिंह को निर्देश दिए गए है कि एसएसपी की अनुमति के बिना किसी भी पीआरवी कर्मचारी का स्थानान्तरण नहीं किया जाएगा।

## पावर फैक्टर में आएगा सुधार

**कानपुर।** एनर्जी एफिशिएंट पंप्स और मोटर्स के अग्रणी निर्माता शक्ति पंप्स को स्टैक असेंबली फॉर परमानेंट मैगनेट रोटर के आविष्कार के लिए पेटेंट कार्यालय ने शक्ति पंप्स को पेटेंट प्रदान किया है। यह पेटेंट 20 वर्षों की अवधि के लिए घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों क्षेत्राधिकारों में वैध रहेगा।इलेक्ट्रिक वाहन मोटर टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में की गई अभूतपूर्व रिसर्च से इलेक्ट्रिक वाहनों के परफार्मेंस और एफिशियंसी में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। चेयरमेन दिनेश पाटीदार ने इस उपलब्धि पर कहा कि ष्हमारी ईवी मोटर तकनीक में एफिशिएंसी में सुधार करने और इलेक्ट्रिक वाहनों की रेंज का विस्तार करने की क्षमता है जिससे वह एक सिंगल चार्ज में लम्बी दूरी तय कर पाएगी। इस तकनीक से पावर फैक्टर में सुधार होगा, साथ ही लॉस में कमी आएगी।

## कार खड़ी करने को लेकर विवाद, सिर में ईंट मारकर किया घायल

**बरेली।** कार खड़ी करने के विवाद में ऑटो मोबाइल गोदाम मालिक ने एक व्यक्ति के सिर में ईंट मार दी विरोध करने पर गोदाम के कर्मचारियों ने मारपीट की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। प्रेम नगर थाना क्षेत्र में कोहाड़ापीर पेट्रोल पंप के पास बाल्मीकि बस्ती निवासी चंद्र प्रकाश चौधरी ने बताया कि घटना 22 अक्टूबर को सुबह 11.40 बजे उन्होंने अपनी कार राहुल कुमार के ऑटो मोबाइल गोदाम के आगे खाली स्थान पर खड़ी कर दी जिससे आग बबूला हुए राहुल कुमार ने अचानक उनके सिर मे ईट में मारकर घायल कर दिया विरोध करने पर जाति सूचक शब्द कहे आरोपी के चार कर्मचारियों ने भी उनसे मारपीट की। यह देख आसपास के लोग बीच बचाव कराने पहुंच गए जैसे तैसे घायल को हमलावरों से बचाया घटना पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और घायल को उपचार के लिए भेजकर गोदाम मालिक को नामजद और उसके चार कर्मचारियों के खिलाफ अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शिव सैनिकों ने विजयदशमी पर्व पर किया शस्त्रों का पूजन

**बरेली।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवसेना (शिंदे) जनपद बरेली द्वारा अपना परम्परागत विजयदशमी पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया एवं शौर्य व पराक्रम के प्रतीक शस्त्रों का पूजन, हनुमान चालीसा का पाठ किया गया ।शस्त्र पूजन कार्यक्रम क्षेत्रीय कार्यालय अलखनाथ मंदिर रोड निकट कृष्णा अस्पताल के पास शिवसेना जिला प्रमुख दीपक पाठक एवं प्रदेश सचिव अनिल मिश्रा के संयुक्त नेतृत्व में विजयदशमी पर्व एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम पंडित अंकित मिश्रा के मंत्रोच्चारण एवं विधिवत पूजन के साथ सम्पन्न किया गया।

# दुर्घटना में घायल रिटायर्ड शिक्षक की मौत

**संवाददाता।** बरेली

**टहलने** के लिए घर से निकले एक रिटायर्ड शिक्षक को तेजी से आ रही मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र में स्थित जेएचएम कॉलोनी निवासी 62 वर्षीय हेतराम पुत्र श्री लाल जी की बीती रात एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उन्हें 19 अक्टूबर को घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था मृतक के घर वालों ने बताया की हेतराम रिटायर्ड शिक्षक थे और 19 अक्टूबर की शाम को खाना खाने के बाद टहलने के लिए घर से निकले थे लेकिन कुछ दूर चलने के बाद पीछे से आई तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उनको टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली मोटरसाइकिल फरार हो गई घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे घर वालों ने उनको इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उनकी मौत हो गई पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। और टक्कर मारने वाली बाइक की तलाश शुरू कर दी जिसकी पहचान कर ली गई है ।

# इलाज के दौरान महिला की मौत परिजनों का नर्सिंग होम में हंगामा

**संवाददाता।** बरेली

**आंवला** के अलीगंज बस स्टैंड पर संचालित शिवा नर्सिंग होम पर इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई। परिजनों ने नर्सिंग होम पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। परिजनों का कहना है कि जब हालत गंभीर थी तो महिला को अस्पताल में भर्ती क्यों किया गया। आपको बता दें कि एक पहले ही सरकारी अस्पताल में महिला की डिलीवरी हुई थी। वहां से स्वस्थ हालत में मां और नवजात को घर भेज दिया गया। घर पहुंचने पर महिला की हालत बिगड़ गई।

परिजन उसे लेकर अलीगंज स्टैंड स्थित शिवा नर्सिंग होम पर लेकर आए जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। नर्सिंग होम की डॉक्टर अर्चना सिंह ने अपने ऊपर लगाय गए सभी आरोपों को नकार दिया। वहीं नर्सिंग होम के गेट पर किसी भी डॉक्टर का नाम या डिग्री अंकित नहीं थी। अस्पताल में मौजूद महिला और पुरुष डॉक्टर अपने पास बीएएमएस की डिग्री होने का दावा कर रहे थे मगर लोगों ने दबी जुबान से बताया कि उनके पास कोई डिग्री नहीं है। आंवला कोतवाली इलाके के गांव भीमपुर के नेम सिंह के मुताबिक उसकी बहन ने 24 अक्टूबर की शाम को 7 बजे एक बच्चे को जन्म दिया। उसे समय बहन राजकुमारी वह बच्चा दोनों स्वस्थ थे रात में ही वह दोनों को लेकर घर चले गए। लेकिन दिन निकलते ही बहन की हालत खराब होने लगी ।तब वह शिवा नर्सिंग होम में लेकर पहुंचा वहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत उनको आश्वासन दिया जल्द ही ठीक हो जाएगी लेकिन कुछ देर बाद ही जानकारी दी कि उनकी बहन की मौत हो गई। हालांकि किसी भी कार्रवाई से इनकार करते हुए दोनों में अंदरुनी समझौता हो गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉक्टर सलीम खान स्टाफ नर्स मोनिका दीक्षित ने बताया दबाव बनाकर स्वेच्छा से प्रसूता को उसके परिजन अपने साथ ले गए ।जबकि उन्होंने मां बेटे के स्वास्थ्य की देखभाल के मद्देनजर उनको डिस्चार्ज करने से मना किया था लेकिन वह अपनी अड अड़े रहे। कोतवाल सतीश कुमार ने बताया डॉक्टर और मृतक के परिवार में आपसी समझौता हो गया। मृतका के पक्ष के लोगों ने कोई कार्यवाही करने से इनकार कर दिया।

# पौधे लगा रहे मजदूर की ट्रक की टक्कर से मौत

**संवाददाता।** बरेली

**अपने** साथियों के साथ सड़क के बीच डिवाइडर पर पौधे लगा रहे मजदूर की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई जबकि उसके तीन साथी घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया मृतक की लाश को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा।कस्बा व थाना फरीदपुर निवासी दीनदयाल पुत्र राजन कि कल शाम बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र में सड़क के बीच बने डिवाइडर पर पौधे लगाते समय ट्रक की टक्कर से मौत हो गई जबकि उसके साथी लव कुमार, गौरव और विकास घायल हो गए मृतक के घर वालों ने बताया कि दीनदयाल मजदूरी पर एक ठेकेदार के लिए कल दिन में पौधे लगाने के लिए बिथरी चौनपुर गया था जहां पर शाम के समय काम के दौरान तेजी से आ रहे एक ट्रक ने उस ठेले को टक्कर मार दी जिस पर बैठकर सभी मजदूर काम कर रहे थे जिससे चारों मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला ट्रक मौके से फरार हो गया सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल ले जाने की कोशिश की लेकिन तब तक दीनदयाल की मौत हो चुकी थी पुलिस ने तीन घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया और मृतक के घर वालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और लाश की पहचान कर ली पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर टक्कर मारने वाले ट्रक की तलाश शुरू कर दी ।

# भाई को पकड़वाने के शक में अमीन को होटल में पीटा

**बरेली।** एंटी करप्शन टीम ने पांच हजार की रिश्वत लेते अमीन रामजी शरण को रंगे हाथ गिरफ्तार किया था उसे पकड़वाने के शक में तहसील सदर में तैनात उसके भाई ने अपने साथी के साथ मिलकर एक अमीन के साथ मारपीट की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई कोतवाली में दोनों अमीन के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई । इज्जत नगर थाना क्षेत्र के कर्मचारी नगर के रहने वाले तहसील सदर में कार्यरत संग्रह अमीन मनोज कुमार यादव ने बताया कि बिजली की आरसी की तारीख बढ़ाने के लिए रिश्वत लेने वाले अमीन रामजी शरण एंटी करप्शन टीम ने गिरफ्तार किया था इसके बाद से ही राजमी का भाई सर्वेश कुमार उनपर पकड़वाने का शक करने लगा वह भी तहसील सदर में संग्रह अमीन के पद पर कार्यरत है गुरुवार को मनोज कृष्णा भोजनालय स्टेशन रोड पर भोजन करने के लिए गए यहां सर्वेश कुमार और उसका साथी अमीन सूर्य प्रकाश आ धमके सर्वेश ने यह कहते हुए मारपीट शुरू कर दी कि उसके भाई को मनोज ने पकड़वाया है गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी होटल के कर्मचारियों ने बीच बचाया कराया पुलिस के आने पर दोनों आरोपी भाग गए कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपी अमीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है ।मनोज कुमार ने बताया कि वह राजस्व संग्रह अमीन संघ का प्रदेश अध्यक्ष थे नवंबर 2022 में प्रदेश अध्यक्ष के लिए चुनाव हुआ था जिसमें वह हार गए और सर्वेश जीत गए इसी बात को लेकर भी आरोपी रंजिश मान रहा था कि वह चुनाव में खड़े क्यो हुए उसका भाई जब रिश्वत लेते हुए पकड़ गया तो वह और बौखला गया और वह उनपर शक करने लगा फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# युवक की लाश मिली पत्नी पर हत्या का आरोप

**बरेली।** एक युवक का शव गांव में नहर के पास पड़ा मिला परिजनों ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर पत्नी के प्रेमी ने युवक की हत्या कर दी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी ।हाफिजगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि सोमवार को उनके घर गौरव और मनोज आए वह बाइक मांगकर ले गए पूछने पर बताया कि वह मोबाइल ठीक कराने जा रहे है साथ में उनका भाई भगवानदास (32) भी चला गया गौरव ने मनोज और भगवानदास को मार्केट पर उतारा और वह अपनी ससुराल चला गया शाम तक भगवानदास घर वापस नहीं आया कुछ दिन इंतजार करने के बाद उसकी खोजबीन की गई लेकिन कुछ पता नहीं चला मंगलवार सुबह साढ़े छह बजे बाजार के पास नहर के किनारे ग्राम समाज की जमीन पर उसका शव पड़ा मिला ।मृतक के भाई ने आरोप लगाया कि उनके भाई की हत्या गांव के शाहिद अली ने की है उसने कहा कि भगवानदास की पत्नी सपना से शाहिद के अवैध संबंध है।

# वृंदावन लाल को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम विदाई दी



**बरेली।** आपातकाल में संघर्ष के दौरान सरस्वती शिशु मंदिर में आचार्य रहे वृंदावन लाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। नवाबगंज निवासी वृंदावन लाल पिछले लंबे समय से बीमार चल रहे थे। जिनका निधन हो गया। शमशान भूमि पर गार्ड ऑफ ऑनर के साथ उनका अंतिम विदाई दी गई। स्वर्गीय वृंदावन लाल नवाबगंज विधायक डॉक्टर एमपी आर्य के बड़े भाई थे। उनको श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद संतोष कुमार गंगवार भारतीय लोकतंत्र रक्षक सेनानी समिति के प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र कुमार अटल लोकतंत्र सेनानी सुमंत महेश्वरी बाबूराम गंगवार जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह लेखराज गंगवार मुक्ता प्रसाद अशर्फीलाल गंगवार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# दबंगों ने दुकानदार पर की फायरिंग, पांच गिरफ्तार

**बरेली।** सिगरेट के रुपये को लेकर हुए विवाद में बाइक सवार बदमाशों ने दुकानदार को जान से मारने की कोशिश की और तमंचे से फायर किया होटल कर्मचारियों ने दौड़ाया तो हमलावर भाग गए पांच लोगो को गिरफ्तार कर लिया कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है । सुभाषनगर के मारूती विहार निवासी शुभम यादव ने बताया कि उनकी जनरल स्टोर की दुकान बाला जी इंटर प्राईजेस वसुंदरा होटल के बराबर में है चार अक्टूबर को सुभाषनगर तिलक कॉलोनी का आकाश गुर्जर, नेकपुर का लालु रॉक और सदर कैंट का अंकित यादव बिना रुपये दिए सिगरेट लेकर जाने लगे। रुपये मांगने पर तीनों दबंगई दिखाने लगे भीड़ लगने पर आरोपी 50 रुपये देकर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए रास्ते में खन्ना बिल्डिंग के पास कार पर पथराव किया। दुकान बंद करके घर जाने के लिए अपनी कार में बैठे तभी आकाश गुर्जर, लालू रॉक, अंकित यादव, सुभाषनगर के आलीशान बैंकट हॉल के पीछे निवासी ऋषभ ठाकुर, चुन्नू और अज्ञात साथियों के साथ बाइक से आ धमके।

# मासूम से दुष्कर्म करने वाले बुजुर्ग ने कर ली आत्महत्या

**बरेली।** पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म करने वाले बुजुर्ग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली उसका शव नीम के पेड़ पर लटका मिला मृतक के बेटे ने हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी। फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव एक गांव में रहने वाले 70 वर्षीय शेर मोहम्मद पुत्र फखरुद्दीन की लाश घर से कुछ ही दूरी पर फूल वाली मजार के पास नहर के किनारे लगे नीम के पेड़ से बंधे उसकी ही लुगी के सहारे फांसी पर लटकी पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के बेटे फिरोज ने बताया कि उसके पिता शेर मोहम्मद का पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति से विवाद चल रहा था शेर मोहम्मद खाली प्लाट में बकरी बांधते थे पड़ोसी विरोध करता था इसी रंजिश में उसने अपनी बेटी से दुष्कर्म का मामला दर्ज करा दिया इसके बाद उसके पिता घर से बाहर चले गए पुलिस ने दबिश देकर उसे उठा लिया और उससे पिता को लेकर पूछताछ की सुबह पुलिस ने उन्हें जानकारी दी कि शेर मोहम्मद ने आत्महत्या कर ली है। बेटे ने हत्या की आशंका जताई इंस्पेक्टर ने बताया कि जांच में आत्महत्या करने की बात सामने आई है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फरीदपुर क्षेत्र की महिला ने बेटी से दुष्कर्म करने के आरोपी 70 साल के शेर मोहम्मद के खिलाफपॉक्सो और दुष्कर्म की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। उसकी पांच साल की बेटी गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे गली में खेल रही थी किसी ने उसे शेर मोहम्मद के साथ जाते देखने की बात कही तो वह उसके घर पहुंची वहां उन्होंने शेर मोहम्मद को अपनी बेटी से दुष्कर्म करते देखा बेटी कराह रही थी उन्हें देखकर आरोपी वहां से भाग निकला बच्ची ने परिवार वालों को बताया कि आरोपी उसे टॉफी देने के बहाने लेकर गया था पुलिस ने दबिश दी लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गया।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 26 अक्टूबर, 2023



# चित्रकूट पहुंच पीएम मोदी करेंगे सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का शुभारंभ

- अरविंद भाई मफतलाल की 100वीं जयंती के अवसर पर करेंगे लोकार्पण
- जगद्गुरु रामभद्राचार्य के हस्तलिखित ग्रंथ का पीएम करेंगे विमोचन



गुरु रणछोड़दास, स्व मफतलाल और नवनिर्मित अस्पताल

रतन पटेल। चित्रकूट

**भगवान** राम की तपोभूमि धर्मनगरी चित्रकूट में 27 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही है। सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के संस्थापक स्व अरविंद भाई मफ़तलाल की 100 वीं जयंती पर उनकी समाधि पर पुष्पांजलि देने के बाद पीएम मोदी जानकीकुंड नेत्र चिकित्सालय परिसर में तैयार किए गए सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का लोकार्पण करेंगे। इसी परिसर में ट्रस्ट के संस्थापक के आवास में पीएम भोजन कर सकते है। इसको लेकर तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं।

मानव कल्याण की कामना को लेकर धर्म नगरी चित्रकूट में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड का शुभारंभ संत रणछोडदास महाराज की संकल्पना पर देश के प्रसिद्ध कारोबारी रहे अरविंद भाई मफतलाल ने किया था। वह सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के संस्थापक रहे हैं। प्रधानमंत्री चित्रकूट आगमन पर तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज से मुलाकात करेंगे। पीठ के उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास के मुताबिक जगदगुरु रामभद्राचार्य महाराज के हस्तलिखित ग्रंथ अष्टाध्याई का प्रधानमंत्री के हाथों विमोचन होगा। गुरु जी ने इस ग्रंथ को 10 हजार पृष्ठों में लिखा है। यहां जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के दिव्यांग छात्र प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री का सियाराम कुटीर जाना भी तय है। वह भारत रत्न राष्ट्रऋषि नाना जी देशमुख को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

# निराश्रित गौवंशों के संरक्षण को निकल रही जनजागरण यात्रा

संवाददाता। चित्रकूट

**श्री** राम गौधाम सेवा समिति द्वारा गौ–संरक्षण के प्रति जनजागरण करने के उददेश्य से उत्तराखंड के ऋषिकेश से निकाली गई यात्रा मध्यप्रदेश के कई जिलों से होते हुए बुद्धवार को भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट पहुंची। जिसका विश्व हिन्दू परिषद मातृ शक्ति की संयोजिका संजुला पांडेय आदि ने स्वागत किया। साथ ही लोगों से गौवंशों का बच्चों की भांति संरक्षित करने की अपील की। इससे पूर्व जगदगुरू रामभद्राचार्य महाराज ने श्रीतुलसी पीठ से यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

बुद्धवार को श्रीराम गौधाम सेवा समिति के प्रवक्ता शान्ति प्रसाद भट्ट ने बताया गया कि 23 अक्टूबर से मध्यप्रदेश के गसवानी से यात्रा 15 दिवसीय होगी,गौ यात्रा का शुभारंभ गसवानी में स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज द्वारा किया गया। यात्रा देश



के कई राज्यों से होकर गुजर रहीं है। बताया कि श्रीराम गौ धाम सेवा समिति के संस्थापक एवं गौ भक्त जगदीश प्रसाद भट्ट द्वारा गांव से लेकर शहर के सड़कों पर निराश्रित घूम रही गौमाता एवं गौ वंशो की दशा सुधारने के लिए जन जागरण अभियान के उददेश्य से शुरू की गई है।

साथ ही यात्रा के माध्यम से गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिये जाने की पुरजोर मांग की जा रही है। जगत में मानव कल्याण हो, सनातनी अपनी परंपराओं से जुड़े गायों का जीवन में बड़ा महत्व है, जन्म से लेकर मृत्यु तक पुजा संस्कारों के काम बिना गौ, दुध ,दही, गौ मूत्र के पूर्ण नहीं होते।

# कोंच के ऐतिहासिक दशहरा मेले में मारे गए रावण और मेघनाद, उमड़ी भारी भीड़

- मैदानी रामलीला की गवाह बनी पच्चीस हजार की भीड़
- आकर्षण के केंद्र रहे हाथी पर सवार हनुमान, लक्ष्मण

संवाददाता। कोंच, जालौन



**अधर्म** पर धर्म, बुराई पर अच्छाई का प्रतीक विजय दशमी पर्व यहां धूमधाम से मनाया गया। धनुताल के विशाल मैदान में लगभग पच्चीस हजार की भीड़ राम–रावण तथा लक्ष्मण–मेघनाद के बीच हुए युद्ध की गवाह बनी। रावण और मेघनाद के विशालकाय पुतलों ने मैदान में दौड़ दौड़ कर युद्ध को सजीवता प्रदान की। प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे।

नगर के दक्षिण में धनुताल के मैदान में मंगलवार को दशहरा मेले का आयोजन परंपरागत रूप से पूरी भव्यता के साथ किया गया। लंका के सबसे ऊपरी झरोखे में जनकनंदिनी सीता विराजमान थीं। धनुताल के तट पर नंदीग्राम एक मचान के रूप में दर्शाया गया था जहां भरत और शत्रुघ्न विराजमान थे। पहले मेघनाद का विशालकाय पुतला युद्ध के लिए प्रस्तुत होता है।

हाथी पर सवार लक्ष्मण और हनुमान उससे युद्ध करने आते हैं। तकरीबन एक घंटे तक चले इस युद्ध में मेघनाद की अमोघ शक्ति से लक्ष्मण मूर्छित हो जाते हैं, हनुमान संजीवनी बूटी लाकर उनकी प्राण रक्षा करते हैं। अंततः मेघनाद मारा जाता है। इसके बाद रावण स्वयं युद्ध के लिए उपस्थित होता है और तीन दर्जन कहारों से युक्त विमान में बैठकर राम–लक्ष्मण उससे युद्ध करने के लिए आते हैं।राम–रावण के बीच भयानक युद्ध होता है, हनुमान भी हाथी पर बैठ कर युद्ध क्षेत्र में भ्रमण करते दिख रहे थे। अंत में राम के वाणों से बिंध कर रावण डोलता हुआ धरती पर आ गिरा, पुतले में आग लगा दी जाती है।

# संघ ने स्थापना दिवस पर नगर की सड़कों पर किया पथ संचलन



**कोंच, जालौन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना दिवस विजयदशमी के अवसर पर कोंच संघ इकाई के तत्वाधान में पथ संचलन का कार्यक्रम आहूत किया गया जिसमें नगर के अलावा जिला व क्षेत्र के स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। संचलन के समापन पर शस्त्र पूजन का कार्यक्रम किया गया।

आरएसएस द्वारा किए गए पथ संचलन का शुभारंभ बजरिया स्थित महंत जी के हाते से किया गया। करीब सैकड़ा भर संघ स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में कतारबद्ध तरीके से रिदम में चल रहे थे। संघ का घोष संजय सोनी, विनय झा, आशुतोष रावत, शिवम लखेरा, विविध श्रीवास्तव, कमल सोनी, ध्रुव सोनी, मुरलीधर पाटकार, सागर बोहरे, अन्नू गहलोत, अर्पित वाजपेयी आदि कार्यकर्ता बजा रहे थे, सेनापति के रूप में घोष दंड लेकर नृसिंह गहरवार नेतृत्व कर रहे थे। दो कतारों में पथ संचलन प्रारंभ हुआ और मालवीय नगर, सुभाषनगर, पटेलनगर, स्टेट बैंक, चंदकुआं, चौकी तिराहा होकर रेलवे क्रॉसिंग से होता हुआ मंडी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में समाप्त हो गया। संचलन मार्ग में कई जगह हिंदू घरों से पुष्पवर्षा की गई।

# दशहरा मिलन समारोह पश्चात निकली भव्य श्रीराम शोभा यात्रा




**कुठौंद, जालौन।** बुधवार को कुठौंद स्थित मनोहर गार्डन में इस श्री राम भव्य शोभा यात्रा एवं विशाल दशहरा मिलन समारोह का कार्यक्रम भव्यता के साथ आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजबहादुर सिंह एवं संचालन राजा चौहान के द्वारा किया गया। दशहरा मिलन समारोह में मुख्य अतिथि मूलचन्द्र निरंजन विधायक माधौगढ़, विशिष्ट अतिथि नरेंद्र सिंह जादौन पूर्व विधायक कालपी संबोधित करते हुये कहा कि दशहरा मिलन समारोह में सर्व समाज के लोगों की सहभागिता ऐसे आयोजन को सफल बनाती है। उन्होंने कहा कि समय–समय पर ऐसे आयोजनों से निश्चित रूप से समाज में एकता का संदेश भी जाता है। दशहरा मिलन समारोह का उद्देश्य सभी समाज को एक जुट होकर एक दूसरे को मिठाइयां व पान खिलाकर गले मिलकर बधाई दें। जो समाज में हो रहे आपसी मदभेद को दूर करता है। समाज के लोगों को एकजुट होकर रहने को प्रेरित किया गया।

# माता के जयकारों के साथ किया गया देवी प्रतिमाओं का विसर्जन

संवाददाता। जालौन, उरई





**नगर** तथा क्षेत्र में स्थापित सभी देवी प्रतिमाओं को द्वारिकाधीश मंदिर के प्रांगण में एकत्रित कर नगर के विभिन्न रास्तों से निकाला गया। जिससे पूरा नगर जय माता दी के जयकारों से गूंज रहा था। महिलाऐं और नवयुवक बैंड बाजों की धुनों पर सड़कों पर थिरकते हुए निकल रहे थे। समाजसेवीजनों ने जगह–जगह पानी, शर्बत पिलाकर शोभा यात्रा में चल रहे भक्तों का गला तर किया। इसके अलावा भंडारे का भी आयोजन किया गया। इसके बाद देवी विसर्जन का जुलूस ग्राम नारायणपुरा व लौना के पास स्थित तालाब में विसर्जन के लिए रवाना हुआ।

नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित सभी मूर्तियों को सर्वप्रथम नगर के बीचों बीच स्थित द्वारिकाधीश मंदिर के प्रांगण में एकत्रित किया गया। जहां नवदुर्गा समिति द्वारा प्रत्येक को क्रमांक वितरित कर उसी क्रम में चलने को भी कहा गया। देवीजी शोभायात्रा द्वारिकाधीश मंदिर से प्रारंभ हुई जो झंडा चौराहा, बस स्टैंड, तहसील रोड से कोतवाली रोड होते हुए देवनगर चौराहे से डाकघर, कांजी हाउस, पानी की टंकी, सब्जी मंडी, छोटी माता मंदिर होते हुए सहावनाका से सीधे ग्राम लौना के पास स्थित तालाब में विसर्जन के लिए रवाना हुई।

- देवी पंडाल के पुजारियों को स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मानित

पूरे नगर में शोभा यात्रा के दौरान अबीर, गुलाल एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर जयमाता दी के जयकारों से पूरा नगर गूंज रहा था। कई देवीभक्त डीजे पर बज रहे देवी गीतों पर जमकर ठुमके लगा रहे थे। तो वहीं नवदुर्गा समिति के कार्यकर्ताओं ने शोभा–यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था व शांति व्यवस्था बनाए रखने में पूर्ण सहयोग किया।

## क्विक न्यूज

### मजदूर के घर से हजारों की नगदी व जेवरात चोरी

**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र के ग्राम खंडेह में अज्ञात चोरों ने एक मजदूर के घर हजारों की नगदी व जेवर पार कर दी। सुबह घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज करायी है। गांव के कुंवर बहादुर ने पुलिस को बताया कि सोमवार को वह अपनी पत्नी के साथ मौदहा बाजार खरीदारी करने गया हुआ था और शाम को घर पहुंचने के बाद रात में खाना खा पीकर परिवार सहित सो गया। मंगलवार की सुबह जब उसकी नींद खुली तो उसने अपने कमरे का ताला टूटा व कमरे में बिखरा सामान देखा तो उसे मामला समझते देर नहीं लगी। अज्ञात चोरों ने उसके कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़ उसमें रखे सोने चांदी के जेवरातों समेत तीस हजार रूपये की नगदी साफ कर दी।

### पार्लर गई दुल्हन प्रेमी के संग हुई फरार

**बांदा।** कहते है प्यार अंधा होता है, कोई भी प्यार के खातिर किसी भी हद तक जा सकता है। ऐसा ही एक दिलचस्प मामला उत्तर प्रदेश के बांदा में सामने आया है. यहां एक युवती की शादी मई 2023 में हुई और वह मायके वापस आई। वहीं दोबारा विदाई यानी गवना कार्यक्रम के पहले पार्लर के बहाने प्रेमी संग रफूचक्कर हो गयी। पिता और पति ने सब जगह खोजबीन की लेकिन नई दुल्हन का पता नही चल सका। जिससे परेशान होकर पिता ने आरोपी युवक पर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि सर्विलांस के माध्यम से जानकारी करके जल्द ही बरामद कर लिया जाएगा।

### पुलिस की गाड़ी से चतुर्थ श्रेणी कर्मी घायल

**मौदहा, हमीरपुर।** अधिकारियों के डाक बंगले पहुंचने पर मुख्य द्वार खोलते समय एक चपरासी पुलिस की गाड़ी की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे सरकारी अस्पताल से ईलाज के बाद मुख्यालय रेफर कर दिया गया। नगर के सरकारी डाक बंगले में नरेश कुमार चपरासी के पद पर तैनात है। विजयादशमी के दिन उच्चाधिकारियों के डाक बंगले पहुंचने पर जब वह डाक बंगले का मुख्य द्वार खोल रहा था तभी वह पुलिस की गाड़ी की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिस पर उसे आनन फानन में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने नरेश की हालत नाजुक देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे मुख्यालय रेफर कर दिया हालांकि नरेश मुख्यालय न जाकर कोतवाली पुलिस ने अपने निजी खर्च पर बाँदा में इलाज कराया।

### इतिहासविद् पुरवार दंपत्ति को महात्मा गांधी पुरस्कार

**उरई, जालौन।** दयानंद वैदिक महाविद्यालय में लंबे समय तक शैक्षणिक कार्यों को करने के साथ-साथ अनोखे ऐतिहासिक और पुरातात्विक संग्रह करने की अद्भुत पहचान बना चुके डॉ. हरिमोहन पुरवार एवं श्रीमती संध्या पुरवार को राजस्थान के कोटा स्थित संगम अकैडमी कोटा ने उन्हें महात्मा गांधी पुरस्कार से सम्मानित किया। बताते चलें कि डॉ. हरिमोहन पुरवार और संध्या पुरवार बीते कई दशकों से विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के साथ-साथ अपने अनोखे संग्रह से एक पहचान बना चुके हैं पिछले 2 अक्टूबर 2023 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के मौके पर संगम अकैडमी कोटा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश लव बंसी ने उक्त दंपति को यह पुरस्कार से सम्मानित किया है।

### अपने-अपने बीएलओ नियुक्त करें सभी राजनैतिक दलः डीएम

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सी. इंदुमती की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में राजनैतिक दलों के साथ पुनरीक्षण कार्यक्रम/विशेष अभियान संबंधित बैठक सम्पन्न हुई। राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा कि अपने-अपने बीएलओ नियुक्त किये जायें। जिसमें नाम बढ़ाने घटाने एवं सशोधन संबंधित कार्यवाही करने में सुगमता हो। उन्होंने कहा कि जिन राजनैतिक दलों द्वारा अभी तक बूथ लेविल अधिकारियों को नियुक्त नही किये हैं वे शीघ्र ही नियुक्त कर दे। ट्रांसजेंडर, आश्रयहीन, घुमंतू जनजतीय और विमुक्त कराये गये बंधुआ मजदूरों, एवं अन्य प्रकार से वंचित व्यक्तियो का पात्रता अनुसार मतदाता सूची में शत प्रतिशत नाम नियम विहित प्रक्रिया अपनाते हुए मतदाता सूची में सम्मिलित कर लिया जायें।

### मूर्ति विसर्जन के दौरान बंद रही विद्युत आपूर्ति

**जालौन, उरई।** मूर्ति विसर्जन के लिए निकाली गई शोभायात्रा के चलते नगर की बिजली लगातार सात घंटे बंद रही। बिजली बंद होने से लोगों को दिक्कत हुई और व्यापार प्रभावित हुआ। मंगलवार को नगर में पंडालों में विराजमान मां के विभिन्न रूपों की मूर्तियों का विसर्जन होना था। विसर्जन को लेकर नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के चलते सुबह आठ बजे से अपरान्ह तीन बजे तक लगातार सात घंटे बिजली बंद रही। दशहरा के पर्व पर लगातार सात घंटे बिजली बंद होने के गृहणियों को घरेलू काम में दिक्कत हुई। इसके अलावा इलैक्ट्रीकल्स आधारित व्यापार प्रभावित हुआ। इस संदर्भ में एसडीओ कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि मूर्ति विसर्जन के चलते आयोजकों की मांग पर बिजली बंद की गई थी।

# अहंकारी रावण का पुतला जलते ही मेला मैदान में लगे जय जय श्री राम के नारे





संवाददाता। बिंदकी, फतेहपुर

**प्रभु** राम तथा अहंकारी रावण के बीच घंटो युद्ध चलने के बाद अंततः अहंकारी रावण का वध होता है और जिलाधिकारी के आदेश के बाद रावण का पुतला दहन होता है। इसी के साथ पूरे मेला मैदान में जय जय श्रीराम के नारे लगते हैं। मंगलवार कों रामलीला मैदान में दिन के 2 बजे से ही मेला देखने वालों की भीड़ आने लगी थी। श्रद्धालु केदार नाथ मंदिर की तरह बनाए गए विशाल पंडाल में पहुंचकर वीर हनुमान की पूजा अर्चना कर प्रसाद पाकर अपने को धन्य समझ रहे थे। महिलाएं घरेलू तथा श्रृंगार की वस्तुएं खरीद रही थी और चाट की दुकानों में गोलगप्पे खा रही थी, वही बच्चे आसमानी झूले का आनंद लेते दिखाई दिए। शाम 5 बजे तक पूरा मेरा मैदान भर गया।

करीब 5 बजे से रामलीला मैदान में बनाए गए लंका के मैदान में मर्यादा पुरुषोत्तम राम तथा उनकी सेना तथा दूसरी ओर से अहंकारी रावण एवं उसकी सेना के बीच युद्ध प्रारंभ हुआ। लगभग डेढ़ घंटे तक दोनों सेनाओ के बीच घमासान युद्ध आतिशबाजी के साथ हुई।

मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम के हाथों अहंकारी रावण का वध होता है, इसके बाद फतेहपुर की जिलाधिकारी सी. इंदुमती के आदेश के बाद रावण का पुतला दहन होता है और पूरे मैदान में जय जय श्रीराम के नारे लगते हैं। वीआईपी मंच में केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, भाजपा विधायक राजेंद्र सिंह पटेल, बिंदकी विधायक जयकुमार सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष राधा साहू, पूर्व मंत्री अमरजीत सिंह सहित तमाम लोग मौजूद थे।

## नम आंखों से मां दुर्गा की मूर्तियों का किया विसर्जन

**फतेहपुर।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों नवरात्र पर स्थापित मां भगवती की प्रतिमाओं को विसर्जन से पूर्व विधिवत पूजा अर्चना के उपरान्त श्रद्धालुओं ने अश्रुपरित आंखो से विदा किया। इस दौरान विभिन्न गंगा व यमुना घाटों में विसर्जन के दौरान किसी अप्रिय घटना के अदेंशे से चप्पे–चप्पे पर पुलिस दल मुस्तैद रहा। दुर्गा पण्डालों से मां भगवती की प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर भारी उत्साह रहा। ढोल ताशो व गांजे बाजो के साथ गुलाल अबीर उड़ाते भक्तों का काफिला विसर्जन स्थलो की ओर रवाना हुआ। तटों पर सभी मूर्तियों का भू–विसर्जन किया गया। जिसके लिए प्रशासन ने पहले से ही गड्ढे तैयार करवा दिये थे। जगह–जगह स्टाल लगाकर श्रद्धालुओं ने प्रसाद भी वितरित किया। मोक्षदायिनी गंगा को प्रदूषण मुक्त रखने के लिये गंगा घाटों पर भू–विसर्जन हेतु मूर्तियों के लिये गड्ढे जिला प्रशासन द्वारा पहले ही खुदवाये गये थे। कुछ इलाकों में दशहरा के दिन भी बड़े पैमाने पर मूर्ति विसर्जन किया गया।

# पुलिस अधीक्षक ने पूजा-आरती कर दी लोगों को विजयदशमी की बधाई



**कानपुर देहात।** बीबीजीटीएस मूर्ति द्वारा अच्छाई की बुराई पर जीत विजयदशमी के पावन अवसर पर थाना अकबरपुर क्षेत्रान्तर्गत स्थित रामलीला मैदान में सपरिवार रामलीला में किरदार निभा रहे भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण जी, श्रीकृष्ण व राधा जी की पूजा/आरती की।

पुलिस अधीक्षक द्वारा रामलीला मंच के माध्यम से लोगों को सम्बोधित किया । पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सभी लोगों को विजयदशमी की शुभकामनायें दी गयीं। साथ ही साथ महोदय द्वारा महिला/मिशन शक्ति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया एवं दो पिंक बूथ खुलने की सूचना भी दी गयी तथा महिलाओं, माताओं, बेटियों, बहनों को उसका सदुपयोग करने के लिए आग्रह किया गया और मिशन शक्ति दीदी के सम्बन्ध में पूरे कार्यक्रम की जानकारी भी दी गयी।

रामलीला समिति द्वारा पुलिस अधीक्षक को भगवान श्रीराम की तश्वीर भेंट कर विजयदशमी के त्योहार की शुभकामनायें दी गयी। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा रामलीला को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सर्व–सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा स्थानीय लोगों से वार्ता कर त्यौहार को शांतिपूर्ण व सकुशल मनाने की अपील की गई ।

# पेज एक का शेष

## गाजा में...

मंगलवार को कहा कि उसने बीते दिन 400 हवाई हमले किए, जिसमें हमास के कमांडर समेत कई उग्रवादी मारे गए। उसने कहा कि हमास के ये उग्रवादी इजराइल में रॉकेट दागने की योजना बना रहे थे। इजराइल ने एक दिन पहले 320 हमले किए जाने की जानकारी दी थी। इजराइल ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र की एक उच्च स्तरीय बैठक में हमास को तबाह करने का संकल्प दोहराया और संयुक्त राष्ट्र प्रमुख, फलस्तीनियों तथा कई देशों के संघर्ष–विराम के आह्वान को नकार दिया।

## संरा में...

अंजाम देने वाले संगठन लश्कर–ए–तैयबा द्वारा मुंबई में 26 नवंबर 2008 में किए गए आतंकवादी हमलों का जिक्र किया।

## एनसीईआरटी की...

हमने सुझाव दिया है कि मध्ययुगीन और आधुनिक काल के साथ भारतीय इतिहास के शास्त्रीय काल को स्कूलों में पढ़ाया जाए। एनसीईआरटी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप स्कूल पाठ्यपुस्तकों के पाठ्यक्रम को संशोधित कर रहा है। परिषद ने हाल ही में पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तकों और शिक्षण सामग्री को अंतिम रूप देने के लिए 19 सदस्यीय राष्ट्रीय पाठ्यक्रम और शिक्षण शिक्षण सामग्री समिति (एनएसटीसी) का गठन किया है। आइजाक दशकों से संघ परिवार संगठनों के साथ निकटता से जुड़े रहे हैं और उन्होंने दक्षिणपंथी थिंक–टैंक भारतीय विचार केंद्रम के उपाध्यक्ष के रूप में भी काम किया है। उन्होंने केरल के कोट्टायम में सीएमएस कॉलेज में इतिहास के प्रोफेसर के रूप में काम किया और बाद में उन्हें आईसीएचआर के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया। समिति के अन्य सदस्यों में आईसीएचआर के अध्यक्ष रघुवेंद्र तंवर, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की प्रोफेसर वंदना मिश्रा, डेक्कन कॉलेज डीम्ड विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति वसंत शिंदे और हरियाणा के एक सरकारी स्कूल में समाजशास्त्र पढ़ाने वाली ममता यादव शामिल हैं। आइजाक की अध्यक्षता वाला पैनल विभिन्न विषयों और विषयों पर स्थिति पत्र तैयार करने के लिए दिसंबर 2021 में एनसीईआरटी द्वारा गठित 25 समितियों में से एक है। इसी तरह राज्यों ने भी नए पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तक विकास अभ्यास के हिस्से के रूप में एनसीईआरटी को इनपुट भेजने के लिए समान विषयों और विषयों पर 25 समूहों का गठन किया है। इसके अलावा चंद्रयान 3 विशेष मॉड्यूल के संदर्भ में 'विज्ञान को पौराणिक कथाओं के साथ मिलाने' से संबंधित रिपोर्टों के जवाब में शिक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय स्तर पर तेजी से प्रगति और उल्लेखनीय मील के पत्थर हासिल करने के मद्देनजर इसे तैयार करना अनिवार्य हो जाता है। हमारे शिक्षक और छात्र पारंपरिक पाठ्यपुस्तकों से परे ज्ञान रखते हैं। भारत की इस उल्लेखनीय अंतरिक्ष पहल से हमारी स्कूली शिक्षा प्रणाली में 26 करोड़ छात्रों को परिचित कराने के महत्व को पहचानते हुए एनसीईआरटी ने इस दिशा में एक सक्रिय कदम उठाया है। पाठ्यक्रम में महत्वपूर्ण उपलब्धियों को एकीकृत करने की आकांक्षा के साथ एनसीईआरटी ने नारी शक्ति वंदन से लेकर सीओवीआईडी प्रबंधन, स्थिरता, भारत–लोकतंत्र की जननी, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020, चंद्रयान–3 की सफलता आदि जैसे विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला में शैक्षणिक रूप से समृद्ध पाठ्यचर्या संसाधन विकसित किए हैं। इन मॉड्यूल की सामग्री को सोच–समझकर इंटरैक्टिव और आकर्षक बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसमें ग्राफिक्स, तस्वीरें, चित्र, गतिविधियां, चुनौतीपूर्ण प्रश्न और बहुत कुछ शामिल हैं। एमओई ने एक बयान में कहा, ये मॉड्यूल स्कूली शिक्षा के सभी चरणों, ग्रेड 1 से 12 तक के छात्रों की जरूरतों को पूरा करते हैं।

## ईसी के...

ने हिंदी में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता। यह फिल्म ऑस्कर नाम से भी लोकप्रिय अकादमी पुरस्कार के 90वें संस्करण में सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा फिल्म श्रेणी में भारत की प्रविष्टि भी थी। इससे पहले, निर्वाचन आयोग ने पंकज त्रिपाठी, आमिर खान जैसे अभिनेताओं तथा सचिन तेंदुलकर, एम एस धोनी और एम सी मैरीकॉम जैसे खिलाड़ियोंको मतदाताओं को मतदान के वास्ते प्रोत्साहित करने के लिए नेशनल आइकन नियुक्त किया है।

## जवान की पाठशाला में किया गया मेधावियों का सम्मान

**फतेहपुर।** अमौली ब्लॉक के ग्राम नसेनिया के गायत्री मन्दिर प्रांगण में मेधावियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यूपी बोर्ड 23 की इंटरमीडिएट परीक्षा में ग्राम नसेनिया से अभय सिंह, अमन पांडेय, अरुण अवस्थी क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी जन्मभूमि का मान बढ़ाया। सर्वप्रथम मेधावियो व उपस्थित सभी लोगो के द्वारा मां गायत्री का मालार्पण किया तत्पश्चात उपस्थित लोगों द्वारा माला पहनाकर मेधावियों का सम्मान किया गया। आयोजक शिवप्रकाश शुक्ल ने प्रथम पुरस्कार के रूप में पांच हजार एक सौ रूपये, द्वितीय पुरस्कार तीन हज़ार एक सौ रुपए व तृतीय पुरस्कार दो हज़ार एक सौ रूपये का चेक जहां भेंट किया। वहीं वरिष्ठजनों ने मेधावियों को प्रतीक चिन्ह, श्रीरामचरित मानस की पुस्तक भेंटकर सम्मानित किया। जवान की पाठशाला के संचालक शिवप्रकाश शुक्ल ने बताया कि यह निश्चित पुरस्कार प्रतिवर्ष मेधावियों के सम्मान, उत्साहवर्धन, छात्रों में मन में परीक्षा में बेहतर से बेहतर प्रदर्शन करने और समाज में एक सकारात्मक संदेश से ओतप्रोत है।

# ग्रामीण की हत्या में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज, तीन लोग हिरासत में

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**ग्रामीण** की हत्या के आरोप में पुलिस ने मृतक के पुत्र की तहरीर पर चार लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज पुलिस नें तीन लोगों को गिरफ़्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच–पड़ताल कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के ग्राम बिलावलपुर ढकेलापुर निवासी अवनीश कुमार के पिता पातीराम बीते 21 सितंबर को सुबह घर से तीसराम पुत्र छेदालाल निवासी कटरी धर्मपुर के साथ कही रूपये लेने की कहकर गये थे । पिता को गांव से बाहर साइकिल पर तीसराम के साथ जाते हुये देखा गया। जब पिता दो तीन दिन के बाद भी घर लौटकर नहीं आये तब मेरे भतीजे अर्पित ने 29 सितंबर को फोन किया था। जिस पर पिता पातीराम नें सुबह आने की बात कही थी। लेकिन अगले दिन सुबह भी पिता नही आये तब मेरे भतीजे ने फिर से फोन किया तब मेरे पिता ने कहा



की वह नवाबगंज है शाम तक घर आ जायेंगे। उसके बाद पिता का मोबाइल बन्द हो गया। फिर हम लोग अगले दिन तीसराम के घर अपने पिता के बारे में पूछने गये। तब तीसराम ने मुझसे कहा कि वह मेरे पास चार महीने से नहीं आये। हमने 3–4 बार जाकर तीसराम से अपने पिता के बारे में पूछा पर वह हर बार मना करता रहा।

आज जब पुलिस से सूचना मिली की मेरे पिता का पता चल गया है। तब हम लोग थाने पर आ गये। मौके पर तीसराम के साथ रमेश, रामनरेश के साथ इनके द्वारा बताये गये स्थान पर पुलिस के साथ हम लोग भी पीछे पीछे से गये। जब हम लोग नकासा बाजार के पास पहुँचे तो पुलिस की गाडियाँ रूकी हम लोग मोटरसाइकिल से थे। हम लोगों ने भी मोटरसाइकिल वहीं बड़ी कर दी। तब ये लोग पैदल पैदल रेलवे ट्रेक को पार करते हुए उस स्थान तक पुलिस को लेकर गये।

जहां मेरे पिता की अस्थिया व उनके कपडे चप्पले, घड़ी, डंडा व बाल बांधने का जूड़ा तथा एक माला पिताजी पहने रहते थे, ये सभी चीजे उस स्थान से पुलिस द्वारा एकत्रित की गयी थीं।

# भूटान पर दबाव बना रहा चीन

**राजनयिक संबंध कायम करने और सीमा संबंधी मुद्दों को जल्द सुलझाने को कहा**

**भाषा।** बीजिंग

**चीन** भूटान पर खुद के साथ राजनयिक संबंध कायम करने और सीमा संबंधी मुद्दों को जितनी जल्दी हो सके सुलझाने का दबाव बना रहा है, ताकि दोनों पड़ोसी देशों के बीच रिश्तों को कानूनी रूप दिया जा सके। चीन-भूटान सीमा वार्ता में शामिल होने के लिए बीजिंग पहुंचे भूटान के विदेश मंत्री डॉ. टांडी दोर्जी ने मंगलवार को चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग से मुलाकात की। झेंग ने कहा कि दोनों पक्ष सीमा सीमांकन प्रक्रिया में तेजी लाने और दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध स्थापित करने पर सहमत हुए हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि चीन और भूटान मित्रवत पड़ोसी हैं, हालांकि दोनों देशों ने अभी तक राजनयिक संबंध स्थापित नहीं किए हैं। भूटान के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, चीन हमेशा भूटान की स्वतंत्रता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करता है, और सभी स्तरों और क्षेत्रों में आदान-प्रदान को मजबूत करने के लिए तैयार है। इससे पहले, दोर्जी ने सोमवार को अपने चीनी समकक्ष वांग ई से मुलाकात की थी। चीन के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, इस दौरान वांग ने दोर्जी से कहा कि राजनयिक संबंधों की बहाली दोनों देशों के दीर्घकालिक हितों को पूरा करेगी।

वांग ने कहा, सीमा वार्ता का समापन और चीन-भूटान के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना दोनों देशों के दीर्घकालिक एवं मौलिक हितों की पूर्ति करेगा। उन्होंने दोर्जी से कहा, चीन भूटान के साथ समान दिशा में काम करने, ऐतिहासिक अवसर का लाभ उठाने, इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने और चीन-भूटान के बीच दोस्ताना रिश्तों को कानूनी रूप में विकसित करने के लिए तैयार है। वांग चीन में सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के शक्तिशाली पोलित ब्यूरो के भी सदस्य हैं। एक विज्ञप्ति में दोर्जी के हवाले से कहा गया है कि भूटान और चीन के बीच पारंपरिक दोस्ती रही है। उन्होंने भूटान को मजबूत समर्थन और सहायता देने के लिए चीन का आभार जताया।

विज्ञप्ति के अनुसार, दोर्जी ने कहा कि भूटान एक-चीन सिद्धांत का दृढ़ता से समर्थन करता है, जिसका अर्थ है कि ताइवान और तिब्बत चीन का हिस्सा हैं और वह सीमा मुद्दे के जल्द समाधान के लिए चीन के साथ काम करने तथा राजनयिक संबंध कायम करने की राजनीतिक प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। चीन और भूटान के बीच राजनयिक संबंध नहीं हैं, लेकिन दोनों देशों के अधिकारी समय-समय पर दौरों के जरिए द्विपक्षीय संवाद बनाए रखते हैं। चीन ने अपने 12 अन्य पड़ोसी देशों के साथ सीमा विवाद सुलझा लिया है, लेकिन भारत और भूटान दो ऐसे देश हैं, जिन्होंने चीन के साथ सीमा समझौतों पर अभी दस्तखत नहीं किए हैं।

# चीन का अनुसंधान पोत कोलंबो के बंदरगाह पहुंचा

**कोलंबो।** चीन का एक अनुसंधान पोत बुधवार को श्रीलंका के कोलंबो बंदरगाह पर पहुंचा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अमेरिका ने इस जहाज की यात्रा को लेकर सुरक्षा संबंधी चिंता जाहिर की थी। श्रीलंकाई विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने पीटीआई-भाषा से कहा, शी यान 6 को ईंधन फिर से भरने के लिए (कोलंबो) बंदरगाह में प्रवेश की अनुमति दी गई थी। सूत्रों के अनुसार भारत द्वारा उठाई गई सुरक्षा चिंताओं के कारण श्रीलंका शी यान 6 के आगमन की अनुमति देने में देरी कर रहा था। हालांकि इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि यह जहाज कोलंबो बंदरगाह पर कितने समय तक रहेगा। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने पिछले सप्ताह चीन की यात्रा की थी। श्रीलंका ने अगस्त में घोषणा की थी कि चीन का अनुसंधान पोत श्रीलंका की नेशनल एक्वेटिक रिसोर्स रिसर्च एंड डवलपमेंट एजेंसी के साथ साझेदारी में समुद्री अनुसंधान गतिविधियों के लिए अक्टूबर में यहां पहुंच सकता है। यह जहाज।,115 डीडब्ल्यूटी की क्षमता वाला अनुसंधान या सर्वे पोत है। अमेरिका ने चीन के अनुसंधान पोत की श्रीलंका यात्रा के कार्यक्रम को लेकर पिछले महीने द्वीपीय देश से चिंता जताई थी। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र से इतर श्रीलंकाई विदेश मंत्री अली साबरी से मुलाकात करने वाली अमेरिकी राजनयिक विक्टोरिया नूलैंड ने शी यान 6 की यात्रा के बारे में कथित तौर पर चिंता जताई थी।



गाजा पट्टी में इजराइल की बमबारी के बाद उठता धुआं

# शांति में बाधक है अमेरिका: चीन

**बैंकॉक।** चीन के सैन्य क्षमता विस्तार पर अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन की एक रिपोर्ट के जवाब में बुधवार को चीन ने कहा कि अमेरिका दुनिया में क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता का सबसे बड़ा बाधक है। पेंटागन ने चीन की सैन्य क्षमता विस्तार पर एक वार्षिक रिपोर्ट तैयार की है जिसे कांग्रेस में पेश किया जाना आवश्यक है। चीन को अमेरिकी सरकार एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अपने लिए प्रमुख खतरे और अमेरिका की प्राथमिक दीर्घकालिक सुरक्षा चुनौती के रूप में देखती है। चीन के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर पेंटागन रिपोर्ट के निष्कर्षों को गलत बताया और इसका इस्तेमाल इजराइल एवं यूक्रेन की मदद करने में अमेरिका की हालिया कार्वाइयों के साथ-साथ दुनिया भर में सैन्य प्रतिष्ठानों के निर्माण पर पलटवार करने के लिए किया। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वू कियान ने कहा, अमेरिका ने यूक्रेन को कमजोर यूरेनियम युद्ध सामग्री और क्लस्टर बम भेजे हैं, भूमध्य सागर में अपने युद्ध जहाज भेजे हैं और इजराइल को हथियार और युद्ध सामग्री भेजी है, क्या यह तथाकथित सिद्धांत है जिसे मानवाधिकार के रक्षक क्षेत्र में ला रहे हैं?

पेंटागन की रिपोर्ट पिछले साल की एक चेतावनी पर आधारित है जिसमें कहा गया था कि चीन अपनी सेना के सामान्य निर्माण के अनुरूप, अपनी परमाणु शक्ति का तेजी से विस्तार कर रहा है। पहले की चेतावनी में कहा गया था कि बीजिंग 2035 तक अपने पास मौजूद हथियारों की संख्या को लगभग चार गुना बढ़ाकर।,500 करने की राह पर है। नवंबर में राष्ट्रपति जो बाइडन और शी चिनफिंग के बीच संभावित मुलाकात से पहले चीन के शीर्ष राजनयिक वांग ई बृहस्पतिवार को अमेरिका का दौरा करेंगे। 2018 के बाद से अमेरिका-चीन संबंध खराब हो गए हैं, शुरुआत में रिश्तों में दरार व्यापार विवाद के कारण आई, लेकिन बाद में यह कोविड महामारी, शिनजियांग और ताइवान में चीन की कार्वाइयों के कारण और बढ़ गई। चीन ने भी अपनी जवाबी प्रतिक्रिया में ताइवान से निपटने की कार्वाई सुनिश्चित की। पेंटागन की रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन स्व-शासित द्वीप की ओर सैन्य, राजनयिक और आर्थिक दबाव बढ़ा रहा है।

# जयशंकर एससीओ बैठक में हिस्सा लेने के लिए किर्गिस्तान पहुंचे

**बिश्केक।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर का किर्गिस्तान की दो दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचने पर बुधवार को गर्मजोशी से स्वागत किया गया। जयशंकर किर्गिस्तान के नेतृत्व से मुलाकात करेंगे और शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के एक सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। किर्गिस्तान एससीओ के वर्तमान अध्यक्ष के रूप में एससीओ के सदस्यों देशों के शासनाध्यक्षों की परिषद (सीएचजी) की बैठक की मेजबानी कर रहा है। जयशंकर ने (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, एससीओ शासनाध्यक्षों की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रतिनिधित्व करने के लिए बिश्केक पहुंचा। उप विदेश मंत्री मोल्दोगाज़िव को धन्यवाद। एससीओ में सार्थक आदान-प्रदान, किर्गिस्तान नेतृत्व से मुलाकात और हमारे द्विपक्षीय एजेंडे को आगे बढ़ाने की उम्मीद है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और उनके चीनी समकक्ष वांग ई के भी किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में एससीओ बैठक में शामिल होने की उम्मीद है।

# बाइडन ने भारतवंशी वैज्ञानिक सुब्रा सुरेश, अशोक गाडगिल को राष्ट्रीय पदक से सम्मानित किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारतीय-अमेरिकी वैज्ञानिक अशोक गाडगिल और डॉ. सुब्रा सुरेश सहित कई अन्य लोगों को इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी और जीव विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान एवं नवाचार के लिए प्रतिष्ठित व्हाइट हाउस राष्ट्रीय पदक से सम्मानित किया। अग्रणी अमेरिकी नवप्रवर्तकों को प्रदान किया जाने वाला यह पुरस्कार उन लोगों के कार्यों को मान्यता देता है, जिन्होंने अमेरिका की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता और जीवन की गुणवत्ता सुधारने में स्थाई योगदान दिया है और देश के प्रौद्योगिकी कार्यबल को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है। बाइडन ने मंगलवार को कई लोगों को प्रतिष्ठित विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं नवाचार पदक प्रदान किया, जिनमें सुब्रा सुरेश और अशोक गाडगिल शामिल थे।



नेशनल साइंस फाउंडेशन के पूर्व प्रमुख सुब्रा सुरेश ब्राउन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग में प्रोफेसर हैं। सुरेश को इंजीनियरिंग, भौतिक विज्ञान और जीव विज्ञान में अग्रणी अनुसंधान और विशेष रूप से सामग्री विज्ञान के अध्ययन और अन्य विषयों में इसके अनुप्रयोग को आगे बढ़ाने के लिए इस पदक से सम्मानित किया गया। नेशनल साइंस एंड टेक्नोलॉजी मेडल्स फाउंडेशन की घोषणा में अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के पार अनुसंधान और सहयोग के लिए सुरेश की प्रतिबद्धता का उल्लेख किया गया है, जो यह दिखाता है कि विज्ञान लोगों और राष्ट्रों के बीच समझ और सहयोग को कैसे बढ़ावा दे सकता है।

ब्राउन यूनिवर्सिटी के एक बयान के अनुसार सुरेश ने कहा, यह बहुत संतोषजनक है। मुझे इस सम्मान पर विशेष गर्व है। 1956 में भारत में जन्मे सुरेश ने 25 साल की उम्र तक स्नातक, परास्नातक और पीएचडी की डिग्री हासिल कर ली। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी की डिग्री केवल दो वर्षों में प्राप्त की। सुरेश 1983 में इंजीनियरिंग संकाय के सबसे कम उम्र के सदस्य के रूप में ब्राउन विवि के संकाय सदस्य बने। ब्राउन विवि में 10 वर्ष काम करने के बाद सुरेश नेशनल साइंस फाउंडेशन (एनएसएफ) का नेतृत्व करने वाले एशियाई मूल के पहले अमेरिकी बने और तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा द्वारा नामित किए जाने के बाद उन्होंने इसके 13वें निदेशक के रूप में कार्य किया। गाडगिल यूसी बर्कले में सिविल और पर्यावरण इंजीनियरिंग के एक प्रतिष्ठित प्रोफेसर एमेरिटस हैं।

# रूसी संसद के उच्च सदन ने वैश्विक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध का अनुमोदन रद्द किया

**मॉस्को।** रूस में संसद के ऊपरी सदन ने बुधवार को वैश्विक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध के अनुमोदन को रद्द कर दिया। मॉस्को ने इसे अमेरिका के साथ समानता स्थापित करने का एक कदम बताया है। फेडरेशन काउंसिल ने समग्र परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) के अनुमोदन को रद्द करने वाले विधेयक को पारित किया। अब इस विधेयक को अंतिम मंजूरी के लिए राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पास भेजा जाएगा। निचले सदन ने पिछले सप्ताह इस विधेयक को मंजूरी दे दी थी। पुतिन ने इस महीने की शुरुआत में चेतावनी दी थी कि मॉस्को अमेरिका के रुख की बराबरी के लिए संबंधित विधेयक को मंजूरी देने के अपने 2000 के फैसले को रद्द कर सकता है, क्योंकि अमेरिका ने परमाणु परीक्षण प्रतिबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन इसका अनुसरण नहीं किया है। 1996 में अपनाया गया सीटीबीटी, दुनिया में सर्वत्र सभी परमाणु परीक्षणों पर प्रतिबंध लगाता है, लेकिन यह संधि कभी भी पूरी तरह से लागू नहीं हुई। चीन, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया, इजराइल, ईरान और मिस्र द्वारा इस संधि का अनुमोदन किया जाना बाकी है। माना जा रहा है कि रूस पश्चिम को यूक्रेन को सैन्य सहायता जारी रखने से हतोत्साहित करने के लिए परमाणु परीक्षण फिर से शुरू करने के लिए कदम उठा सकता है।

**सार्वजनिक सूचना**

श्रीमती आरती की ओर से आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम ऊंचा गांव, (विजय नगर), तहसील बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद, हरियाणा में स्थित संपत्ति, एरिया परिमाप 50 वर्ग गज, मस्ट नंबर 44 में से, किला नंबर 22, मस्ट नंबर 55, किला नंबर 2, 11, 10/1, 9, वाली संपत्ति से संबंधित मूल बिक्री विलेख क्रमशः दिनांक 30.08.1998, दस्तावेज़ सं. 4389, 06.10.2006, दस्तावेज सं. 7123, 19.01.2007, दस्तावेज सं. 11250 और 06.09.2010, दस्तावेज सं. 6269, खो गए हैं/गुम हो गए हैं। जनता को दस्तावेज़ों के साथ लेन-देन नहीं करने की चेतावनी दी जा रही है। उपरोक्त दस्तावेज़ों से निपटने वाला कोई भी व्यक्ति अपने जोखिम और जिम्मेदारी पर ऐसा करेगा। ऐसे व्यक्तियों द्वारा किए गए किसी भी नुकसान के लिए मालिक किसी भी तरह से उत्तरदायी नहीं होगा। यदि किसी को ये दस्तावेज़ मिले या इन दस्तावेज़ों का कोई दुरुपयोग करते दिखे, तो संबंधित व्यक्ति को नीचे दिए गए पते पर सूचित करें।

ज्यूरिस नेक्स्टजेन एलएलपी
ई-56, एलजीएफ, ग्रेटर कैलाश एन्क्लेव पार्ट-1
नई दिल्ली-48 # 011-42662177,78,79

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of **Mr. Charan Singh** who is purchasing Plot area measuring 50 Sq. Yds., out of Khasra No.14/2, situated in the revenue area of Village Karawal Nagar, colony known as Kamal Vihar, Gali Samadhi Wali, Illaqa Shahdara, Delhi; from **Mr. Sanjeev Kumar** who is owner/attorney holder of the aforesaid property vide Regd. GPA (Document No.44556), ATS & WILL dated 09.11.1998; and intend to mortgage the aforesaid property against the financial assistance from **Ummeed Housing Finance Private Limited.** To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim / right / title / interest / creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **07 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**Lucem Legal LLP**
136, Basement Floor, Uday Park, near Mother Dairy
New Delhi-49 Contact # 011-40046316 & 41667327

**PUBLIC NOTICE**

My client, Smt. Shabnam W/o Sh. Lalit Rawal is the Owner of the Property Bearing no. 90 Adjoinind to 89, Khasra no. Mutatil no. 41 Killa no. 13 Situated in the revenue estate of Village Nangloi Jat Delhi. Vide notarized GPA, WILL, ATS dated 16.05.2023 executed by Sh. Ashok Kumar S/o Sh. Ratan Lal. This above-mentioned property is going to be Mortgage with IIFL Home Finance Limited. Any person/bank/financial institution having any claim/right, lien, any objection whatsoever in regard to Above Property, should notified to the undersigned/ Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through registered A/d within 07 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.

**Adv. Vishal Mehan,** E-713, Karkardooma Court, Delhi - 110092; Mobile no. 9811215181

# ब्रिटेन के भारतीय मूल के पहले प्रधानमंत्री के रूप में सुनक ने एक साल पूरा किया

**भाषा।** लंदन

**ऋषि सुनक** ने ब्रिटेन के भारतीय मूल के पहले प्रधानमंत्री के रूप में बुधवार को एक साल पूरा कर लिया। उन्होंने अपनी पूर्ववर्ती लिज ट्रस के संक्षिप्त कार्यकाल के बीच अनेक घरेलू और वैश्विक चुनौतियों तथा उथल-पुथल की स्थिति के दौरान प्रधानमंत्री पद संभाला था। सुनक का कार्यालय आज के दिन को एक सामान्य दिन की तरह पेश करना चाहता था और इसके लिए किसी विशेष समारोह की योजना नहीं थी। सुनक ने सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो में इसी तरह की भावना झलकाई। उन्होंने कहा, मेरे प्रधानमंत्री बनने के बाद से हमने एक साल में बहुत कुछ हासिल किया है। लेकिन अभी बहुत कुछ करना है।



मुझे पता है कि यह साल मुश्किल रहा है। और देशभर में मेहनत कर रहे परिवारों की मदद के लिए अब भी काम करना है, लेकिन मुझे अपने उठाए कदमों पर गर्व है। सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी के अध्यक्ष ग्रेग हैंड्स ने सुनक के एक साल के कार्यकाल को लेकर उनकी प्रशंसा की। हैंड्स ने कहा, जब सुनक एक साल पहले आज के दिन प्रधानमंत्री बने थे तो उन्होंने बिजली के आधे बिलों का भुगतान करके परिवारों की मदद के लिए तत्काल कदम उठाया। तब से हमने मुद्रास्फीति को आधा करने, अर्थव्यवस्था को बढ़ाने, कर्ज घटाने में अच्छी प्रगति की है।

सुनक के सामने इजराइल-हमास संघर्ष और रूस-यूक्रेन संघर्ष की बाहरी चुनौतियों के अलावा भारी घरेलू चुनौतियां भी हैं। कंजर्वेटिव नेताओं के खिलाफ सत्ता विरोधी माहौल है। विभिन्न ओपिनियन पोल में वे लेबर पार्टी से 15-20 अंकों से पीछे माने जा रहे हैं। सितंबर 2022 में, सुनक प्रधानमंत्री पद के लिए कंजर्वेटिव पार्टी के नेता के रूप में लिज ट्रस से पिछड़ गए थे। ट्रस ने कदाचार के आरोपों का सामना कर रहे बोरिस जॉनसन के स्थान पर प्रधानमंत्री का पद संभाला था। फिर, ट्रस ने एक मिनी बजट की घोषणा की जिसमें अरबों डॉलर की बिना लागत वाली कर कटौती शामिल थी। इससे वित्तीय बाजारों में हलचल मच गई और ट्रस को जल्द ही पद छोड़ना पड़ा। सुनक की पार्टी ने उन्हें ट्रस की जगह लेने के लिए चुना और उन्हें अक्टूबर 2022 में दिवाली के दिन उस साल ब्रिटेन का तीसरा प्रधानमंत्री और भारतीय मूल का अब तक का पहला प्रधानमंत्री नामित किया।

# अमेरिका पश्चिम एशिया से अपने नागरिकों को निकालने की योजना पर कर रहा काम

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने मंगलवार को कहा कि इजराइल-हमास युद्ध के व्यापक स्तर पर तेज होने की स्थिति में अमेरिका के नागरिकों को पश्चिम एशिया से निकालने के लिए विवेकपूर्ण आकस्मिक योजना पर काम किया जा है। व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि अमेरिकी सरकार की इस महीने के शुरु में चालू की गई विशेष उड़ानों की योजना के अलावा उसके नागरिकों को बाहर निकालने के लिए वर्तमान में कोई अन्य योजना नहीं चल रही है। किर्बी ने कहा, यह अविवेकपूर्ण और गैर-जिम्मेदाराना होगा अगर हमारे पास आकस्मिकता और संभावनाओं को लेकर योजनाएं नहीं होंगी और निश्चित रूप से लोगों को निकालना उनमें से एक है। व्हाइट हाउस ने 18 दिन से चल रहे इजराइल-हमास युद्ध के और तेज होने की चिंताओं के बीच आकस्मिक योजनाओं पर विचार किया है।

अमेरिका ने इजराइल को सलाह दी है कि गाजा पर संभावित व्यापक जमीनी हमले को स्थगित करना मददगार हो सकता है क्योंकि अमेरिका और क्षेत्र के अन्य साझेदार 200 से अधिक बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं। हमास ने सात अक्टूबर को हमले के बाद इन लोगों को बंधक बना लिया था। वहीं, आकस्मिक योजना की सूचना सबसे पहले द वाशिंगटन पोस्ट ने दी थी। राष्ट्रपति जो बाइडन और सऊदी अरब के शहजादे मोहम्मद बिन सलमान ने मंगलवार को युद्ध से बिगड़ रही स्थिति के बारे में फोन पर चर्चा की। इजराइल पर हमास के हमले से बाद यह दोनों नेताओं की पहली बातचीत थी। व्हाइट के अनुसार, बाइडन और शहजादे बिन सलमान ने इजराइल और हमास के बीच युद्ध बढ़ने से रोकने के विभिन्न प्रयासों को लेकर चर्चा की। व्हाइट हाउस ने कहा, दोनों नेता पूरे क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने एवं युद्ध को और बढ़ने से रोकने के लिए व्यापक राजनयिक प्रयासों पर काम करने को लेकर सहमत हुए।

# अमेरिका के कई प्रांतों ने मेटा पर मुकदमा किया

**वाशिंगटन।** न्यूयॉर्क और कैलिफोर्निया सहित कई अमेरिकी प्रांतों ने मेटा प्लेटफॉर्म इंक पर इंस्टाग्राम और फेसबुक के लिए जानबूझकर ऐसे फीचर बनाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया है, जो बच्चों को कंपनी के सोशल मीडिया मंच की लत लगाते हैं और युवाओं को नुकसान पहुंचाने के साथ ही उनमें मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को बढ़ावा देते हैं। कैलिफोर्निया की संघीय अदालत में 33 प्रांतों की ओर से दायर मुकदमे में दावा किया गया है कि मेटा, कानून का उल्लंघन करते हुए 13 साल से कम उम्र के बच्चों के माता-पिता की सहमति के बिना उनसे जुड़ा डेटा नियमित रूप से इकट्ठा करता है। इसके अलावा, नौ अटॉर्नी जनरल भी अपने-अपने प्रांतों में मेटा के खिलाफ मुकदमा दायर कर रहे हैं, जिससे कंपनी के खिलाफ कानूनी कदम उठाने वाले प्रांतों की संख्या बढ़कर 41 हो गई है।

मुकदमे में कहा गया है, मेटा ने युवाओं और किशोरों को लुभाने, उन्हें खुद से जोड़े रखने तथा अंततः अपने आकर्षण में उलझाने के लिए शक्तिशाली एवं अभूतपूर्व तकनीकों का इस्तेमाल किया है। मकसद मुनाफा कमाना और अधिकतम वित्तीय लाभ हासिल करना है। मेटा ने अपने सोशल मीडिया मंचों के बड़े खतरों के बारे में जनता को बार-बार गुमराह किया है।

मुकदमे के मुताबिक, कंपनी ने उन तरीकों को छिपाया है, जिनसे ए मंच अपने सबसे संवेदनशील उपयोगकर्ताओं-किशोरों और बच्चों को गुमराह करते हैं और उनका शोषण करते हैं। इसमें मेटा से वित्तीय क्षतिपूर्ति के अलावा उन फीचर को खत्म करने की मांग की गई है, जो कानून का उल्लंघन करते हैं। न्यूयॉर्क की अटॉर्नी जनरल लेटिशिया जेम्स ने एक बयान में कहा, बच्चे और किशोर बेहद खराब मानसिक स्वास्थ्य से जूझ रहे हैं।

# मणिपुर में संघर्ष को हिंदुओं की छवि धूमिल करने के लिए धार्मिक संघर्ष के तौर पर किया जा रहा है पेश

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल की एक अमेरिकी महिला ने अमेरिकी संसद में एक सुनवाई के दौरान कहा कि विविधता विभाजन का स्रोत नहीं, बल्कि सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व का एक प्रमाण है, जो पीढ़ियों से मणिपुर की विशेषता रही है। महिला ने इस बात पर जोर दिया कि उनके राज्य में संघर्ष को हिंदुओं की छवि खराब करने के लिए इसे एक धार्मिक संघर्ष के रूप में पेश किया गया है। तीन मई को मणिपुर में बहुसंख्यक मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति के दर्जे की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च आयोजित किए जाने के बाद जातीय हिंसा भड़क गई थी और तब से इसमें 180 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं।

मणिपुर की आबादी में मेइती समुदाय के लोगों की संख्या लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इम्फाल घाटी में रहते हैं। आदिवासी-नगा और कुकी - 40 प्रतिशत से कुछ अधिक हैं और वे पहाड़ी जिलों में रहते हैं। अमेरिका और कनाडा दोनों में बढ़ती यहूदी विरोधी भावना, हिंदू फोबिया और हिंदू विरोधी कट्टरता के समाधान के लिए हिंदूएक्शन और नमस्ते शालोम मल्टी-फेथ एलायंस द्वारा सोमवार को यहां अमेरिकी संसद में सुनवाई आयोजित की गई।

मेइती समुदाय से जुड़ी भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक राजश्री कीशम ने इस दौरान कहा, दो आदिवासी समुदायों के बीच चल रहे संकट को महज एक धार्मिक संघर्ष के रूप में पेश करने और हिंदू छवि धूमिल करने के प्रयास में, संघर्ष के वास्तविक कारण को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया है। उन्होंने कहा, इसके नीचे हिंसा, अविश्वास और सामाजिक-राजनीतिक तनाव द्वारा चिह्नित आंतरिक संघर्ष के साथ ही उग्रवाद, नशीले पदार्थ और अवैध घुसपैठ का एक जटिल जाल है, जो भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा उत्पन्न करता है। उन्होंने कहा कि मणिपुर के हिंदू समुदाय में, पंजाबी, बिहारी, तमिल, नेपाली और अन्य जाति समूह हैं। इसी तरह, ईसाई समुदाय में नगा, कुकी और मेइती भी शामिल हैं।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

**CHANGE OF NAME**

Pawan Kumar Suri S/o Late Madan Lal Suri Resi: 866, Sector-5, Vasundhara Ghaziabad- 201012. I have changed my name from Pawan Suri to Pawan Kumar Suri for all purposes.

PD(186)A

# भारत से संबंधों को और गहरा करना चाहता है आयरलैंड

**भाषा।** डबलिन

**आयरलैंड** की सरकार इस हफ्ते नए सिरे से शुरू की गई एशिया प्रशांत रणनीति के तहत भारत के साथ अपने मजबूत आर्थिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को और गहरा करना चाहती है। उपप्रधानमंत्री माइकल मार्टिन ने यह बात कही। संबंधित एशिया प्रशांत रणनीति में 2025 तक इस क्षेत्र के साथ 100 अरब यूरो के व्यापार का लक्ष्य था, जिसे समय से दो साल पहले ही पार कर लिया गया है। डबलिन में मार्टिन ने कहा, (भारत के साथ) हमारे न सिर्फ मजबूत आर्थिक रिश्ते, बल्कि गहरे सांस्कृतिक संबंध भी हैं। हम इन्हें और गहरा करना चाहते हैं। हम एशिया प्रशांत क्षेत्र में व्यापार का विस्तार करने की महत्वाकांक्षाओं का समर्थन करने के लिए अपनी नई एशिया प्रशांत रणनीति शुरू कर रहे हैं, जो भविष्य में दुनियाभर में आर्थिक विकास को बढ़ावा देगी।

मार्टिन के पास उपप्रधानमंत्री पद के अलावा आयरलैंड के विदेश मामलों और रक्षा मंत्रालय का भी प्रभार है। उन्होंने गठबंधन सरकार के फॉर्मूले के तहत पिछले साल के अंत में देश के भारतीय मूल के प्रधानमंत्री लियो वराडकर के साथ भूमिकाओं की अदला-बदली की थी। विदेश मंत्री के रूप में अपनी भूमिका में मार्टिन ने वैश्विक आयरलैंड रणनीति को लागू करने पर ध्यान केंद्रित किया है और इस सप्ताह उस दायरे में एशिया प्रशांत क्षेत्र के लिए देश की प्रतिबद्धता को नवीनीकृत किया है। भारत इस नवीनीकृत एशिया प्रशांत रणनीति का एक प्रमुख हिस्सा है, जो क्षेत्र में आयरलैंड की मौजूदगी का विस्तार करने के प्रयासों के तहत मुंबई में एक नए महावाणिज्य दूतावास का निर्माण कर रहा है।

कनाडाई राजनयिकों की भारत से वापसी पर अमेरिका और ब्रिटेन का रुख कनाडा के पक्ष में होने से जुड़े एक सवाल के जवाब में मार्टिन ने कहा कि दोनों देशों को अंततः इस मुद्दे में शामिल होने और चीजों को सुलझाने की संभावनाएं तलाशनी चाहिए। कनाडा ने पिछले हफ्ते कहा था कि उसने कनाडा में खालिस्तानी अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की जून में हुई हत्या में भारतीय एजेंट के शामिल होने के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद द्विपक्षीय संबंधों में बढ़े तनाव के बीच कनाडाई राजनयिकों का दर्जा रद्द करने की भारत की कथित धमकी के मद्देनजर 41 राजनयिकों को वापस बुला लिया है।

अमेरिका और ब्रिटेन ने कनाडा का पक्ष लेते हुए कहा था कि इस कदम से राजनयिक संबंधों से जुड़ी वियना संधि के प्रभावी कार्यान्वयन पर असर पड़ा है। हालांकि, भारतीय विदेश मंत्रालय ने निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट की संलिप्तता के आरोपों को दृढ़ता से खारिज किया है। इसने कनाडाई राजनयिकों के देश छोड़ने से वियना संधि का किसी भी तरह से उल्लंघन होने से भी इनकार किया है। मार्टिन ने कहा, आयरलैंड दो प्रमुख देशों (भारत और कनाडा) के बीच हस्तक्षेप या मध्यस्थता नहीं करेगा। वे दोनों ही आयरलैंड के मित्र हैं। लेकिन हमारा मानना है कि भारत और कनाडा अंततः इसे हल करने में सफल होंगे। मुझे लगता है कि ऐसा करना दोनों के हित में है।

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टावर, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110007

**सार्वजनिक सूचना :**
**बिल्डर निरसन**

आपको सूचना दी जाती है कि भूपेन्द्र सिंह/रेणु सिंह (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीजीएचजैड00001944979 एवं एलबीडीईएल00001967585 तथा पता फ्लैट नंबर एलई/ई-205, लग्जूरिया एस्टेट, आदित्य वर्ल्ड सिटी, एनएच-24, सेक्टर-6, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 16 मार्च, 2017 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि मैसर्स अग्रवाल एसोसिएट्स (प्रमोटर्स) लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित :- 26 अक्टूबर, 2023 — वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान :- दिल्ली — हस्ता./-

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के एल0एफ0डी0 परियोजना के अन्तर्गत भवन सं0—KM-43-0104 in Kosmos Tower KM-43 at Jaypee Greens Wish Town, Sector-134, Noida. Super Area-88.21 sq. mtr. जो कि Mr. Masroor Hasan के नाम सबलीज्ड है | Mr. Masroor Hasan की मृत्यु उपरान्त उक्त सम्पत्ति को उनकी पत्नी Mrs. Hina Kausar के पक्ष में नामान्तरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया गया है।

अतः इस नामांतरण (Death Mutation) के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति है तो प्रकाशन कि तिथि से 35 दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mr. Masroor Hasan की मृत्यु उपरान्त उक्त सम्पत्ति को उनकी पत्नी Mrs. Hina Kausar के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा|

**प्रबन्धक संपत्ति**

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण,**
प्रथम तल, कामर्शियल काम्पलेक्स, ब्लाक-पी 2, सैक्टर-ओमेगा 1,
ग्रेटर नोएडा पिन कोड—201308 जिला - गौतमबुद्धनगर उ0प्र0

# रबी सत्र में पीएंडके उर्वरक पर सरकार देगी 22,303 करोड़ रुपए की सब्सिडी

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार** ने बुधवार को चालू रबी सत्र के लिए फॉस्फोरिक एवं पोटाशिक (पीएंडके) उर्वरकों के लिए 22,303 करोड़ रुपए की सब्सिडी देने की घोषणा की। इसके साथ ही सरकार ने कहा है कि किसानों को मृदा पोषक तत्व-डीएपी 1,350 रुपए प्रति बैग की दर से मिलता रहेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रबी सत्र 2023-24 (1 अक्टूबर 2023 से 31 मार्च 2024 तक) में पीएंडके उर्वरकों के लिए पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) दरें तय करने के लिए उर्वरक विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं को इस फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि मोदी सरकार, किसानों को सस्ती दरों पर उर्वरकों की



उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हमारा अनुमान है कि वर्ष 2023-24 के रबी सत्र के लिए पीएंडके उर्वरकों पर सब्सिडी के रूप में 22,303 करोड़ रुपए खर्च होंगे। मई में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वर्ष 2023-24 के खरीफ सत्र के लिए पीएंडके उर्वरकों पर 38,000 करोड़ रुपए की सब्सिडी को मंजूरी दी थी।

किसानों को डीएपी (डाइ-अमोनियम फॉस्फेट) 1,350 रुपए प्रति बैग (50 किलो प्रत्यक्ष) की पुरानी दर पर मिलता रहेगा। ठाकुर ने कहा कि इसी तरह, एनपीके अपनी पुरानी दर 1,470 रुपए प्रति बैग और एसएसपी (सिंगल सुपर फॉस्फेट) लगभग 500 रुपए प्रति बैग पर उपलब्ध होगा। ठाकुर ने कहा, एमओपी (म्यूरेट ऑफ पोटाश) की दरें 1,700 रुपए प्रति बैग से घटकर 1,655 रुपए प्रति बैग रह जाएंगी।

मंत्रिमंडल ने नाइट्रोजन (एन) की एनबीएस दर 47.02 रुपए प्रति किलोग्राम, फास्फोरस (पी) 20.82 रुपए प्रति किग्रा, पोटाश (के) 2.38 रुपए प्रति किग्रा और सल्फर (एस) 1.89 रुपए प्रति किग्रा तय की है। 2023-24 के खरीफ सत्र के लिए, सरकार ने नाइट्रोजन (एन) पर प्रति किग्रा सब्सिडी दर 76 रुपए प्रति किग्रा, फॉस्फोरस (पी) पर 41 रुपए प्रति किग्रा, पोटाश (के) पर 15 रुपए प्रति किलोग्राम और सल्फर (एस) पर 2.8 रुपए प्रति किलोग्राम निर्धारित की थी। एन, पी, के और एस की प्रति किलोग्राम सब्सिडी दर में कमी के बारे में पूछे जाने पर, ठाकुर ने कहा कि तैयार उत्पादों और कच्चे माल की अंतरराष्ट्रीय कीमतें थोड़ी कम हुई हैं, लेकिन यह अब भी अधिक बनी हुई है, और इसी कारण सरकार, पुरानी दर बरकरार रखने के लिए सब्सिडी प्रदान कर रही है। पिछले वित्त वर्ष में उर्वरक सब्सिडी लगभग 2.55 लाख करोड़ रुपए थी, जो वित्त वर्ष 2014-15 में लगभग 73,000 करोड़ रुपए थी। लाभ के बारे में सरकार ने कहा कि किसानों को सब्सिडीयुक्त, किफायती और उचित मूल्य पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। उर्वरक और लागतों की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में हालिया रुझानों को देखते हुए पीएंडके उर्वरकों पर सब्सिडी को युक्तिसंगत बनाया गया है। सरकार उर्वरक विनिर्माताओं व आयातकों के माध्यम से किसानों को रियायती कीमतों पर 25 ग्रेड के पीएंडके उर्वरक उपलब्ध करा रही है।

# भारत वैश्विक मुद्दों पर एजेंडा तय करने वाला देश बन गया है: उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि भारत वैश्विक मुद्दों पर एजेंडा तय करने वाला देश बन गया है और देश का रुख है कि युद्ध को कूटनीति और बातचीत के माध्यम से हल किया जाना चाहिए जो इसके सभ्यतागत लोकाचार के अनुरूप है। धनखड़ ने यहां भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में छात्रों को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, आप एक ऐसे युग में रह रहे हैं जहां भारत का प्रभाव उसकी सीमाओं से परे महसूस किया जाता है। मैंने अपनी तीन विदेश यात्राओं और वैश्विक नेताओं के साथ बातचीत के दौरान इसका अनुभव किया है। भारत को बहुत अलग नजरिए से देखा जाता है। उन्होंने कहा, भारत अपनी नीतियों और अपने हित को परिभाषित करता है और दुनिया इस बात पर ध्यान देती है कि भारत क्या करता है, भारत कैसे करेगा और भारत का रुख क्या है।

धनखड़ ने कहा, भारत को हमारे समय की चुनौतियों का समाधान करने वाले के रूप में देखा जा रहा है। हमारी



कूटनीति की ताकत की कल्पना करें, हमने वह रुख अपनाया है जो हमारे देश के लिए सबसे उपयुक्त है। कूटनीति (और) संवाद द्वारा युद्ध के समाधान के संबंध में हमने जो रुख अपनाया है, वह हमारे सभ्यतागत लोकाचार के अनुरूप है। भारत आज वैश्विक मुद्दों पर एजेंडा तय करने वाला देश बन गया है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि एक दशक पहले, भारत को पांच कमजोर देशों में गिना जाता था-वे पांच देश जो दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं के लिए बोझ थे। धनखड़ ने कहा कि अब भारत 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। सितंबर 2022 में, ब्रिटेन और फ्रांस को पीछे छोड़कर भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। सभी संकेत मौजूद हैं कि दशक के अंत तक, 2030 तक, हम जापान और जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हमारा मानव संसाधन बहुत कुशल है।

उपराष्ट्रपति ने रेखांकित किया कि लोकतंत्र में भ्रष्टाचार आम जनता का सबसे बड़ा दुश्मन है। उन्होंने कहा कि सत्ता के केंद्र को संपर्क एजेंट, बिचौलियों और सत्ता दलालों से मुक्त कर दिया गया है जो निर्णय लेने की प्रक्रिया में लाभ उठाते थे। धनखड़ ने आगाह किया कि भारत और आईआईटी समेत इसके संस्थानों की छवि खराब करने के लिए कई ताकतें झूठी बातें फैला रही हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न पृष्ठभूमियों वाले छात्र योग्यता के आधार पर आईआईटी में आते हैं लेकिन ऐसी ताकतों द्वारा बाहरी दुनिया पर एक अलग प्रभाव डाला जाता है। उपराष्ट्रपति ने कहा, आप इसका वास्तविक प्रमाण हैं। इसलिए यह हम सभी का, विशेष रूप से आप जैसे छात्रों का कर्तव्य है कि हम इस प्रकार के विमर्श को बेअसर करें।

# राजस्थान में कांग्रेस की गृह लक्ष्मी गारंटी

**● हर घर में एक महिला को 10,000 रुपए सालाना देगी**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान में महिलाओं के लिए बड़ी चुनावी घोषणा करते हुए बुधवार को कहा कि दोबारा सरकार बनने पर हर परिवार में एक महिला को सालाना 10000 रुपए की सम्मान राशि दी जाएगी। गहलोत ने इसके साथ ही 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने की अपनी मौजूदा योजना का विस्तार करते हुए सभी 1.04 करोड़ परिवारों को इसके दायरे में लाने की घोषणा भी की। झुंझुनू के अरड़ावता में एक जनसभा को संबोधित करते हुए इन दो गारंटियों की घोषणा की। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी मौजूद थीं।

गहलोत ने सभा के बाद एक्स पर लिखा, गृहलक्ष्मी गारंटी-हर घर में एक महिला को साल में एक बार 10,000 रुपए दिए जाएंगे। कांग्रेस के चुनाव जीतने के कुछ दिन बाद ही गृहलक्ष्मी गारंटी योजना की शुरुआत की जाएगी। उन्होंने लिखा, मैंने यह निश्चय किया है कि 2030 तक राजस्थान को देश का नंबर वन राज्य बनाना है। लेकिन ऐसा करने के लिए महिलाओं का योगदान जरूरी है। इसके लिए आज प्रियंका गांधी ने राजस्थान की महिलाओं को आर्थिक तौर पर मजबूत बनाने के लिए एक नई पहल की है। इसके साथ ही 500 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर संबंधी घोषणा के बारे में उन्होंने लिखा, कांग्रेस पूरे राजस्थान में किसी भी घर में अंगीठी या लकड़ी पर खाना नहीं बनने देगी। इंदिरा गांधी गैस सब्सिडी योजना- जिससे सिलेंडर सिर्फ 500 में भरवाया जाता है- के तहत अब एक करोड़ चार लाख परिवारों को सिलेंडर दिया जाएगा। बस कांग्रेस के चुनाव जीतने के कुछ दिनों में ही। राजस्थान की 200 विधानसभा सीट के लिए 25 नवंबर को मतदान होगा और वोटों की गिनती तीन दिसंबर को होगी।

# ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को अभी तक एक लाख करोड़ रुपए के जीएसटी नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के अधिकारियों ने कर चोरी के मामलों में ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को अभी तक एक लाख करोड़ रुपए मूल्य के कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस अधिकारी ने कहा कि एक अक्टूबर के बाद से भारत में विदेशी गेमिंग कंपनियों के पंजीकरण का अभी तक कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। जीएसटी कानून में संशोधन किए जाने के बाद विदेशी ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के लिए एक अक्टूबर से भारत में पंजीकरण करना अनिवार्य हो गया है। जीएसटी से संबंधित नीति-निर्धारक संस्था जीएसटी परिषद की अगस्त में हुई बैठक में तय किया गया था कि ऑनलाइन गेमिंग मंचों पर लगाए जाने वाले दांव की पूरी राशि पर 28 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगेगा। इस फैसले के बाद से कई ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को जीएसटी के कम भुगतान के लिए सूचना नोटिस या कारण बताओ नोटिस भेजे गए हैं।

# केरल के मंदिर परिसरों में आरएसएस की गतिविधियों को प्रतिबंधित करने के लिए परिपत्र जारी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के त्रावणकोर क्षेत्र में प्रमुख मंदिरों का प्रबंधन संभालने वाले त्रावणकोर देवस्व ओम बोर्ड ने एक नया परिपत्र जारी कर मंदिर परिसरों और अपनी संपत्तियों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की गतिविधियों को प्रतिबंधित कर दिया है। देवस्व ओम आयुक्त द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार, उसके तहत आने वाले मंदिरों के परिसर के अंदर नामजपा विरोध प्रदर्शन (मंत्रों का जाप करके विरोध प्रदर्शन) पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। टीडीबी की अनुमति के बिना आरएसएस और अतिवादी विचारधारौ वाले संगठनों की सभी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

बीस अक्टूबर को जारी परिपत्र में देवस्व ओम सतर्कता शाखा को निर्देशित किया गया है कि वह यह पता लगाने के लिए औचक छापेमारी करे कि क्या आरएसएस या अन्य संगठन मंदिर की संपत्तियों में शाखाएं, सामूहिक अभ्यास या हथियार प्रशिक्षण आयोजित कर रहे हैं या नहीं। इसने संबंधित मंदिरों के कर्मचारियों और पुजारियों से कहा कि अगर ऐसे संगठनों की उपस्थिति है और उनकी गतिविधियां संचालित हो रही हैं तो इस बारे में टीडीबी प्रबंधन को सूचित किया जाए।

परिपत्र में कहा गया है कि जो कर्मचारी व पुजारी इस बाबत सूचना देने में विफल रहेंगे, उन्हें अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। परिपत्र में यह भी स्पष्ट किया गया कि जिन लोगों का मंदिरों से कोई संबंध नहीं है, उनके फोटो, झंडे और फ्लेक्स बोर्ड उनके परिसर में नहीं रखे जाने चाहिए। इसमें कहा गया है कि निर्देशों का पालन नहीं करना इस संबंध में उच्च न्यायालय के फैसले का उल्लंघन माना जाएगा। केरल उच्च न्यायालय ने पिछले महीने कहा था कि तिरुवनंतपुरम जिले के सरकारा देवी मंदिर के परिसर में किसी भी सामूहिक अभ्यास या हथियार प्रशिक्षण की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस मंदिर का प्रबंधन टीडीबी के तहत आता है।

यह निर्देश दो श्रद्धालुओं की याचिका पर दिया गया था। याचिका में आरएसएस और उसके सदस्यों द्वारा मंदिर परिसर के अवैध उपयोग और अनधिकृत कब्जे को रोकने के लिए निर्देश देने का आग्रह किया गया था। इस साल मई में भी, टीडीबी ने एक परिपत्र जारी कर अधिकारियों से कहा था कि वे उसके पहले के आदेश का सख्ती से पालन करें, जिसमें उसके तहत आने वाले मंदिरों में आरएसएस की शाखाओं या सामूहिक अभ्यास को प्रतिबंधित किया गया था। अठारह मई को जारी एक परिपत्र में, टीडीबी ने कहा कि उसने 2021 में आदेश दिया था कि संघ परिवार के संगठन को हथियारों के प्रशिक्षण के लिए मंदिर की संपत्तियों का उपयोग करने से रोका जाए, लेकिन उसके निर्देश को लागू नहीं किया जा रहा।

## क्विक न्यूज

# उम्मीद है आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में इजराइल विजयी होगा : कंगना रनौत

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री कंगना रनौत ने बुधवार को इजरायली राजदूत नाओर गिलोन से मुलाकात की और विश्वास जताया कि इजराइल आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में विजई होगा। रनौत ने एक्स पर इजरायली राजदूत के साथ अपनी मुलाकात की तस्वीरें और एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने इजराइल के राजदूत के साथ इजराइल-हमास संघर्ष पर चर्चा की। अभिनेत्री ने कहा, भारत में इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन जी के साथ मुलाकात हुई। आज पूरी दुनिया, खासकर इजराइल और भारत, आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई लड़ रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी की प्रसिद्ध लव कुश रामलीला में मंगलवार को अपनी भागीदारी का जिक्र करते हुए रनौत ने कहा, कल जब मैं रावण दहन के लिए दिल्ली पहुंची, तो मुझे लगा कि मुझे इजराइल के दूतावास जाना चाहिए और उन लोगों से मिलना चाहिए, जो आज के आधुनिक रावण और हमास जैसे आतंकवादियों को हरा रहे हैं। इस महीने की शुरुआत में हमास ने इजराइल पर हमला किया था, जिसके बाद इजराइल ने जवाबी हमले किए हैं। इस युद्ध में दोनों तरफ के सैकड़ों लोग मारे गए हैं। अपनी आने वाली फिल्म तेजस के प्रचार में जुटीं रनौत ने कहा, जिस तरह से छोटे बच्चों और महिलाओं को निशाना बनाया जा रहा है, वह दिल दहला देने वाला है। मुझे पूरी उम्मीद है कि आतंकवाद के खिलाफ इस युद्ध में इजराइल विजई होगा। उनके साथ मैंने अपनी आने वाली फिल्म तेजस और भारत के आत्मनिर्भर लड़ाकू विमान तेजस के बारे में चर्चा की। वहीं, गिलोन ने एक्स पर कहा, कंगना रनौत से मुलाकात बहुत अच्छी रही, जो इजराइल को अपना समर्थन देने के लिए हमारे दूतावास में आईं। मैंने न केवल उनके प्रति बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और हमारे भारतीय मित्रों के प्रति भी आतंकवाद के खिलाफ हमारी साझा लड़ाई में उनके अटूट समर्थन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। फिल्म तेजस शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिसमें रनौत भारतीय वायु सेना के पायलट की भूमिका में हैं।



इजराइल के राजदूत गिलाने के साथ कंगना

# 28 साल पहले किया था डाक विभाग में आवेदन न्यायालय के दखल पर मिला नियुक्ति का आदेश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक व्यक्ति द्वारा डाक विभाग में नौकरी के लिए आवेदन किए जाने के 28 साल बाद उसकी नियुक्ति का आदेश देते हुए कहा है कि उसे पद के लिए अयोग्य ठहराने में गलती हुई थी। अंकुर गुप्ता ने 1995 में डाक सहायक पद के लिए आवेदन किया था। नियुक्ति पूर्व प्रशिक्षण के लिए चुने जाने के बाद उन्हें बाद में सूची से इस आधार पर हटा दिया गया कि उन्होंने बारहवीं की शिक्षा व्यावसायिक स्ट्रीम से की है। गुप्ता ने अन्य असफल उम्मीदवारों के साथ केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) का रुख किया जिसने 1999 में उनके पक्ष में फैसला सुनाया। डाक विभाग ने न्यायाधिकरण के आदेश को चुनौती दी और 2000 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय का रुख किया। उच्च न्यायालय ने 2017 में याचिका खारिज कर दी और कैट के आदेश को बरकरार रखा। उच्च न्यायालय में एक पुनर्विचार याचिका दायर की गई जिसे भी 2021 में खारिज कर दिया गया। इसके बाद विभाग ने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया। शीर्ष अदालत में न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि शुरुआत में ही अभ्यर्थी की उम्मीदवारी को खारिज नहीं किया गया और चयन प्रक्रिया में शामिल होने दिया गया। न्यायालय ने कहा कि अंततः उनका नाम वरीयता सूची में भी आया। उसने कहा कि इस तरह किसी उम्मीदवार को नियुक्ति का दावा करने का अपरिहार्य अधिकार नहीं है, लेकिन उसके पास निष्पक्ष और भेदभाव-रहित व्यवहार का सीमित अधिकार है। पीठ ने कहा कि गुप्ता के साथ भेदभाव किया गया और मनमाने तरीके से उन्हें परिणाम के लाभ से वंचित रखा गया।

# रेलवे बोर्ड ने मथुरा स्टेशन के नवीनीकरण को मंजूरी दी

**● दिवाली के बाद तेजी से आरंभ हो सकता है काम**

भाषा। नई दिल्ली

**रेलवे बोर्ड** ने मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत यहां प्लेटफॉर्म की संख्या और यात्री सुविधाओं को बढ़ाया जाएगा। मथुरा का यह रेलवे स्टेशन उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल के तहत आता है। यहां से रोजाना औसतन 163 से अधिक रेलगाड़ी (यात्री और मालगाड़ी) गुजरती हैं। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में हुई रेल यातायात में वृद्धि के कारण इस स्टेशन के नवीनीकरण की जरूरत महसूस की जा रही थी। इस प्रस्ताव के तहत स्टेशन पर दो नए प्लेटफॉर्म की सुविधा बढ़ेगी, एक प्लेटफॉर्म का विस्तार किया जाएगा और रेलगाड़ियों के सुरक्षित संचालन के लिए विद्युत इंटरलॉकिंग के साथ-साथ कई रेलवे पटरियों का पुनर्निर्माण किया जाएगा, जिससे रेलगाड़ियों का संचालन सुगम हो सकेगा। नवीनीकरण के बाद कासगंज होते हुए देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र और भरतपुर तथा अछनेरा से होते हुए देश के उत्तर पश्चिमी क्षेत्र से दिल्ली आने वाली रेलगाड़ियों का समय बचेगा और उनकी गति में सुधार होगा। इससे साथ ही मालढुलाई रेलगाड़ियों के परिचालन में भी तेजी आएगी।

उत्तर मध्य रेलवे ने पांच अक्टूबर को रेलवे बोर्ड को पत्र लिखकर 116 दिन लंबी नवीनीकरण की योजना की प्रस्तुति दी थी, जिसके तहत काम 16 अक्टूबर से शुरू किया जाना था। योजना में 222 रेलगाड़ियों को रद्द करने और 44 रेलगाड़ियों के मार्ग में परिवर्तन का व्यापक विवरण दिया गया था। क्षेत्रीय रेलवे के एक सूत्र ने बताया, उम्मीद थी कि बोर्ड 16 अक्टूबर से पहले इसे मंजूरी दे देगा और योजना के मुताबिक काम शुरू हो जाएगा। हालांकि, बोर्ड की मंजूरी 16 अक्टूबर की शाम को मिली। ऐसे में अब रेलगाड़ियों को रद्द करने और मार्ग में परिवर्तन की योजना नए सिरे से बनानी पड़ेगी। ऐसे में काम दिवाली के बाद ही शुरू होने की संभावना है।

# उद्धव ने बाल ठाकरे की हिंदुत्व विचारधारा को दफनाया: शिंदे

भाषा। मुंबई

**● कहा, हमास को भी गले लगा सकते हैं उद्धव ठाकरे**

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि उन्होंने सत्ता के लिए बाल ठाकरे की हिंदुत्व विचारधारा को दफन कर दिया तथा कांग्रेस और समाजवादी दलों से हाथ मिला लिया। आजाद मैदान में शिव सेना की दशहरा रैली में विशाल सभा को संबोधित करते हुए शिंदे ने ठाकरे का नाम लिए बिना कहा कि उन्होंने अपनी वैचारिक विरासत के साथ बेईमानी करके बाल ठाकरे की पीठ में छुरा घोंपा है। शिंदे ने कहा कि उन्हें आश्चर्य नहीं होगा अगर वे (शिवसेना-यूबीटी) असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के साथ गठबंधन कर लें और वे अपने स्वार्थी उद्देश्यों और कुर्सी (सत्ता) के लिए हमास, हिजबुल मुजाहिदीन, लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकवादी संगठनों को गले लगा लें।

उन्होंने यह भी दोहराया कि राज्य सरकार मराठा समुदाय को आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है जो कानूनी जांच में खरा उतरेगा। साथ ही, उन्होंने युवाओं से आत्महत्या जैसे कदम नहीं उठाने की अपील की। शिंदे ने कहा, आपने सत्ता के लिए कांग्रेस और समाजवादियों के साथ जाकर बाला साहेब ठाकरे की हिंदुत्व विचारधारा को दफन कर दिया। बाला साहेब ने शिवतीर्थ (शिवाजी पार्क मैदान) से गर्व से कहो हम हिंदू हैं का नारा दिया था, लेकिन उस स्थान से गर्व से कहो हम कांग्रेसी और समाजवादी हैं जैसे नारे दिए जा रहे हैं।

उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट ने दादर के शिवाजी पार्क मैदान पर पारंपरिक वार्षिक दशहरा रैली का आयोजन किया। शिंदे ने कहा कि जो पार्टियां अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की समयसीमा पर सवाल उठाकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधती थीं, वे अब शर्मिंदगी महसूस कर रही हैं। शिंदे ने कहा, वे अब उजागर हो गई हैं। अब वे अयोध्या कैसे जाएंगे? शिंदे ने दावा किया कि उद्धव ठाकरे 2004 से ही मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा पाले हुए थे, लेकिन बात नहीं बनी। शिंदे ने दावा किया, उनकी (उद्धव की) इच्छा 2004 से ही मुख्यमंत्री बनने की थी लेकिन जुगाड़ काम नहीं आया। उन्होंने दिखावा किया कि उनकी इस पद में कभी दिलचस्पी नहीं रही है। सार्वजनिक रूप से कहा गया कि उन्होंने शरद पवार की सलाह पर (2019 विधानसभा चुनाव के बाद) जिम्मेदारी स्वीकार की। मुख्यमंत्री ने दावा किया, लेकिन तथ्य यह है कि इस पद के लिए उनके (उद्धव के) नाम की सिफारिश करने के लिए दो व्यक्तियों को पवार के पास भेजा गया था। विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन पर निशाना साधते हुए शिंदे ने कहा कि लोग 2024 के चुनावों में दस सिर वाले इंडिया गठबंधन रावण को दफना देंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले साल लगातार तीसरी बार सत्ता में आएंगे और हम उनका हाथ मजबूत करने के लिए महाराष्ट्र से 45 सांसद भेजेंगे। महाराष्ट्र में लोकसभा की 48 सीट है। शिंदे ने कहा कि यह मोदी ही थे जिन्होंने अनुच्छेद 370 हटाकर और राम मंदिर निर्माण के जरिए बाल ठाकरे के सपनों को पूरा किया।

# इसरो प्रमुख ने आत्मकथा लिखी, लोगों को अपने सपनों का पीछा करने को प्रेरित करना चाहते है

**तिरुवनंतपुरम।** भले ही उन्होंने करोड़ों रुपए की परियोजनाओं के तहत देश को चंद्रमा पर विजय प्राप्त करने में मदद की हो, सूर्य के लिए भी ऐसा ही प्रयास कर रहे हों और भारतीयों को अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी में व्यस्त हों, इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ की विनम्र शुरुआत एक पुरानी साइकिल और एक मामूली से आवास से हुई जिनका इस्तेमाल वह कॉलेज में रहने के दौरान परिवहन और छात्रावास के खर्चों में कटौती के लिए करते थे। कई अन्य बातों के अलावा इन छोटे विवरणों का उल्लेख उनकी मलयालम में लिखी आत्मकथा में मिलता है, जिसे वे प्रतिभाशाली लेकिन आत्मविश्वास की कमी से जूझ रहे युवाओं को प्रेरित करने का प्रयास कहते हैं।

मलयालम में निलावु कुदिचा सिम्हांगल शीर्षक से लिखी गई आत्मकथा प्रेरणा की एक कहानी है। यह कठिनाइयों का सामना करने में कड़ी मेहनत और दृढ़ इच्छाशक्ति पर केंद्रित है और सोमनाथ के नेतृत्व वाले चंद्र मिशन चंद्रयान-3 की भारी सफलता से प्रेरित है, जिसने भारत को राष्ट्रों की एक विशिष्ट श्रेणी में ला खड़ा किया। चंद्र मिशन की सफलता के बाद और आदित्य-एल। सौर मिशन तथा गगनयान परीक्षण वाहन के लगातार प्रक्षेपण के बीच सोमनाथ ने अपनी आत्मकथा लिखने के लिए किसी तरह समय निकाल लिया।

केरल स्थित लिपि प्रकाशन द्वारा प्रकाशित यह पुस्तक नवंबर में बिक्री के लिए उपलब्ध होगी। यह किताब एक गरीब गांव के युवा की घटनापूर्ण गाथा, इसरो के माध्यम से विकास, वर्तमान प्रतिष्ठित पद तक पहुंचने और चंद्रयान-3 प्रक्षेपण तक की उनकी यात्रा की कहानी है। सोमनाथ ने कहा कि वह इसे एक प्रेरक आत्मकथा के बजाय प्रेरक कहानी कहना चाहेंगे। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, यह वास्तव में एक साधारण ग्रामीण युवा की कहानी है, जो यह भी नहीं जानता था कि उसे इंजीनियरिंग में दाखिला लेना चाहिए या बीएससी में... यह उसकी दुविधाओं, जीवन में लिए गए सही फैसलों और भारत जैसे देश में उसे मिले अवसरों के बारे में है।

इसरो अध्यक्ष ने कहा, इस पुस्तक का उद्देश्य मेरी जीवन की कहानी को पढ़ाना नहीं है। इसका एकमात्र उद्देश्य लोगों को जीवन में प्रतिकूलताओं से जूझते हुए अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करना है। सोमनाथ ने अपनी साधारण ग्रामीण पृष्ठभूमि को याद किया, लेकिन कहा कि देश ने उनके सामने अपार अवसर खोले और आत्मकथा इसे उजागर करने का एक प्रयास है। यह चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक सफलता थी जिसने उन्हें जल्द ही एक किताब लाने के लिए प्रेरित किया। सोमनाथ ने कहा कि कई युवा प्रतिभाशाली तो होते हैं लेकिन उनमें आत्मविश्वास की कमी होती है।

# वोट के लिए हमास और खालिस्तान का समर्थन कर रही है कांग्रेस: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने बुधवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस आगामी विधानसभा विधानसभा चुनावों से पहले वोटों के लिए तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है और देश की सबसे पुरानी पार्टी तथा उसके नेता हमास और खालिस्तान के समर्थन में आ गए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने यह भी कहा कि कांग्रेस हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए अपने चुनावी वादों को पूरा करने में विफल रही है। पात्रा ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी को भारत और दुनिया भर में हमास के समर्थक के रूप में देखा जाता है, जबकि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हाल ही में खालिस्तान के समर्थन में बात की थी। उन्होंने कहा, आपको हमास का समर्थन करने की क्या जरूरत है? खालिस्तान के समर्थन में क्यों जा रहे हैं अशोक गहलोत?

# कांग्रेस ने शाह और हिमंत के खिलाफ आयोग में की शिकायत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के खिलाफ बुधवार को निर्वाचन आयोग से शिकायत की और आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दोनों नेताओं ने छत्तीसगढ़ में चुनावी सभा के दौरान समाज के कुछ वर्गों को एक-दूसरे के खिलाफ भड़काने की नीयत से बयान दिए जो आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है। पार्टी ने सरकार की उपलब्धियों के प्रचार के लिए अधिकारियों और सैनिकों के कथित इस्तेमाल तथा कुछ अन्य विषयों को लेकर भी शिकायत की और आग्रह किया कि वह इसका संज्ञान लेते हुए उचित कार्रवाई करे।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश के अनुसार, पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने आयोग के समक्ष छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनावों के संबंध में ज्ञापन सौंपे जिनमें विभिन्न मुद्दों पर आठ शिकायतें की गई हैं। इस प्रतिनिधिमंडल में रमेश के अलावा वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद, तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रेवंत रेड्डी और कुछ अन्य नेता शामिल थे।

कांग्रेस ने आयोग के समक्ष दिए ज्ञापन में कहा कि अमित शाह का बयान और दावे भारतीय दंड संहिता, 1860 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 का उल्लंघन हैं। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में 16 अक्टूबर को एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने भुवनेश्वर साहू नामक युवक की हत्या के मामले का उल्लेख किया था। साहू की हत्या इस साल अप्रैल में दूसरे समुदाय के कुछ लोगों ने की थी। भाजपा ने भुवनेश्वर साहू के पिता ईश्वर साहू को इस विधानसभा चुनाव में टिकट दिया है। चुनावी सभा के दौरान मंच पर मौजूद ईश्वर साहू की ओर इशारा करते हुए शाह ने कहा था कि वोट बैंक और तुष्टीकरण के लिए भुवनेश्वर साहू की हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा था, हम भुवनेश्वर साहू के हत्यारे को सजा दिलाएंगे। हमने उनके पिता को टिकट दिया है।

कांग्रेस ने आयोग से की गई एक अन्य शिकायत में कहा कि 18 अक्टूबर को असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने अपने भाषण के दौरान प्रदेश सरकार के मंत्री मोहम्मद अकबर और धर्मांतरण को लेकर बयान दिए।

शर्मा ने समाज के कुछ वर्गों को एक-दूसरे के खिलाफ भड़काने की मंशा से ए टिप्पणियां कीं। छत्तीसगढ़ के कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में एक रैली को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा था, असम और छत्तीसगढ़ में आदिवासियों को प्रतिदिन धर्म परिवर्तन (ईसाई धर्म अपनाने) के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जब लोग (छत्तीसगढ़ में) इसके खिलाफ आवाज उठाते हैं, तो भूपेश बघेल कहते हैं कि वह धर्मनिरपेक्ष हैं। क्या हिंदुओं को मारना आपकी धर्मनिरपेक्षता है? यह देश हिंदुओं का है और हिंदुओं का ही रहेगा। धर्मनिरपेक्षता की परिभाषा हमें मत सिखाइए।

कांग्रेस ने ज्ञापन में भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की उपलब्धियों को बढ़ावा देने के लिए लोकसेवकों और सैनिकों को दिए गए सरकारी आदेशों के खिलाफ शिकायत की है। इसका कहना है कि सरकार का यह कदम आदर्श आचार संहिता और केंद्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियमावली, 1964 का उल्लंघन है।

18 अक्टूबर को जारी सरकारी आदेश के तहत संयुक्त सचिव, निदेशक और उपसचिव जैसे उच्च रैंक के वरिष्ठ अधिकारियों को देश के सभी 765 जिलों में रथ प्रभारी के रूप में तैनात किया जाना है, जो भारत सरकार की पिछले नौ वर्षों की उपलब्धियों का प्रचार करेंगे। केंद्र की प्रमुख योजनाओं जैसे नारी सशक्तीकरण, उज्ज्वला, आत्मनिर्भर और सक्षम भारत को जनता के बीच ले जाने के काम में अब सैन्य और रक्षा प्रतिष्ठानों को भी शामिल किया जा रहा है। इसके मुताबिक, रक्षा मंत्रालय ने सेना, वायुसेना और नौसेना के अलावा डीआरडीओ (रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन) व बीआरओ (सीमा सड़क संगठन) को 9 शहरों में सेल्फी पॉइंट्स बनाने को कहा है। कांग्रेस ने मध्य प्रदेश के परिवहन मंत्री गोविंद राजपूत से संबंधित एक कथित वीडियो को लेकर भी शिकायत की। इसका दावा किया कि राजपूत ने कहा है कि उन मतदान केंद्रों के प्रभारियों को 25 लाख रुपए दिए जाएंगे।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 26 अक्टूबर, 2023



# ऑस्ट्रेलिया ने नीदरलैंड को 309 रन से रौंदा

भाषा। नई दिल्ली



**ग्लेन** मैक्सवेल के रिकॉर्डतोड़ शतक (44 गेंद में 106 रन) और डेविड वार्नर (93 गेंद में 104 रन) की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के दबदबे वाले प्रदर्शन ने ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी विश्व कप मैच में बुधवार को यहां नीदरलैंड को 309 रन से हराकर अपने नेट रन रेट में बड़ा सुधार किया।

टीम तालिका में पहले की तरह चौथे स्थान पर है पर उनका नेट रन रेट नेगेटिव से पॉजिटिव में आ गया है। ऑस्ट्रेलिया की पांच मैचों में यह लगातार तीसरी जीत है।

ऑस्ट्रेलिया ने आठ विकेट पर 399 रन बनाने के बाद नीदरलैंड की पारी को 21 ओवर में 90 रन पर समेट दिया। यह विश्व कप में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जबकि एकदिवसीय में दूसरी सबसे बड़ी जीत है। सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड भारत के नाम है जिसने इस साल श्रीलंका को 317 रन से हराया था।

नीदरलैंड का कोई भी बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों का सामना नहीं कर सका। उसके लिए सलामी बल्लेबाज विक्रमजीत सिंह ने सबसे ज्यादा 25 रन बनाए। एडम जम्पा ने ऑस्ट्रेलिया के लिए लगातार तीसरे मैच में चार विकेट झटके।

इससे पहले मैक्सवेल ने महज 40 गेंद में शतक पूरा कर विश्व कप के सबसे तेज शतक का नया रिकॉर्ड बनाया। उनसे पहले यह रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्करम के नाम था। उन्होंने मौजूदा विश्व कप के दौरान इसी मैदान में श्रीलंका के खिलाफ 49 गेंद में शतक पूरा किया था।

मैक्सवेल का यह शतक एकदिवसीय मैचों में चौथा सबसे तेज शतक है। यह रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के एबी डिविलियर्स (31 गेंद) के नाम है। उन्होंने अपनी पारी में नौ चौके और आठ छक्के लगाने के अलावा पैट कमिंस (नाबाद 12) के साथ सातवें विकेट के लिए 44 गेंद में 103 रन की साझेदारी की जिसमें टीम के कप्तान का योगदान सिर्फ आठ रन का था। अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के दौरान उन्होंने रिवर्स स्वीप पर छक्के जड़कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी 10 ओवरों में 131 रन बटोरे।

इससे पहले सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने 93 गेंद में 104 रन की पारी खेल कर बड़े स्कोर की नींव रखी। उन्होंने 11 चौके और तीन छक्के लगाए। पिछले मैच में पाकिस्तान के खिलाफ 163 रन बनाने वाले वार्नर का एकदिवसीय में यह 22वां और विश्व कप का छठा शतक है।

वार्नर ने दूसरे विकेट के लिए स्टीव स्मिथ के साथ 118 गेंद में 132 रन जबकि तीसरे विकेट के लिए मार्नस लाबुशेन के साथ 76 गेंद में 84 रन की साझेदारी की। स्मिथ ने 68 गेंद में 71 रन की पारी के दौरान नौ चौका और एक छक्का जड़ा तो वही लाबुशेन ने 47 गेंद की आक्रामक पारी में सात चौके और दो छक्के की मदद से 62 रन बनाए।

नीदरलैंड के लिए लोगान वैन बीक ने 74 रन देकर चार विकेट लिए। जबकि डी लीडे को दो सफलता मिली लेकिन उन्होंने 10 ओवर में 115 रन लुटाए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड के सलामी बल्लेबाज विक्रमजीत ने कुछ अच्छे चौके लगाए लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने छठे ओवर तक दोनों सलामी बल्लेबाजों को पवेलियन भेज दिया। मैक्स ओडोड को मिशेल स्टार्क ने बोल्ड किया तो वही विक्रमजीत रन आउट हुए। 10वें ओवर में हेजलवुड ने कोलिन एकरमैन (10) और 11वें ओवर में कमिंस ने बास डी लीडे (चार) को पगबाधा कर ऑस्ट्रेलिया को दो और सफलता दिलाई।

वार्नर ने 14वें ओवर में मिशेल मार्श की गेंद पर साइब्रांड एंजेलब्रेक्ट (11रन) का शानदार कैच लपका जिससे नीदरलैंड की आधी टीम 62 रन तक पवेलियन लौट गई।

मार्श ने तेजा निदामानुरू (14) को चलता किया तो वही एडम जम्पा ने लगातार गेंदों में लोगान वैन बीक (शून्य) और रोलोफ वान डेर मर्व (शून्य) का विकेट लेने के बाद हैट्रिक से चूक गए। उन्होंने हालांकि आखिरी दोनों बल्लेबाजों को चलता कर मैच में चार विकेट झटके।

इससे पहले नीदरलैंड के लिए स्पिन गेंदबाजों आर्यन दत्त (59 रन पर एक विकेट) और कोलिन एकरमैन से ने गेंदबाजी की शुरुआत की। वार्नर ने तीसरे ओवर में प्वाइंट और थर्डमैन के बीच की दिशा में लगातार चार चौके लगाकर दत्त की लय बिगाड़ी।

## स्कोरबोर्ड

**ऑस्ट्रेलिया पारी:** मिशेल मार्श क एकरमैन बो वैन बीक 09, डेविड वार्नर क दत्त बो वैन बीक 104, स्टीव स्मिथ क मीकेरेन बो दत्त 71, मार्नस लाबुशेन क दत्त बो डी लीडे 62, जोश इंग्लिस क एंजेलब्रेक्ट बो डी लीडे 14, ग्लेन मैक्सवेल क एंजेलब्रेक्ट बो वैन बीक 106, कैमरून ग्रीन रन आउट एंजेलब्रेक्ट 08, पैट कमिंस नाबाद 12, मिशेल स्टार्क क एकरमैन बो वैन बीक 00, एडम जम्पा नाबाद 01, अतिरिक्त: (नो बॉल: 1, वाइड: 11) 12 **कुल योग:** (50 ओवर में आठ विकेट पर) 399 रन **विकेट पतन:**1-28, 2-160, 3-244, 4-266, 5-267, 6-290, 7-393, 8-393 **गेंदबाजी:** दत्त 7-0-59-1, एकरमैन 4-0-19-0 वैन बीक 10-0-74-4, मीकेरेन 10-0-64-0 विक्रमजीत 4-0-27-0, वान डेर मर्व 5-0-41-0, डी लीडे 10-0-115-2

**नीदरलैंड पारी:** विक्रमजीत सिंह रन आउट (मैक्सवेल) 25, मैक्स ओडोड बो स्टार्क 06 कोलिन एकरमैन पगबाधा हेजलवुड 10, साइब्रांड एंजेलब्रेक्ट क वार्नर बो मार्श 11, बास डी लीडे पगबाधा कमिंस 04, स्कॉट एडवर्ड्स नाबाद 12, तेजा निदामानुरु क इंग्लिस बो मार्श 14, लोगान वैन बीक क इंग्लिस बो जम्पा 00, रोलोफ वान डेर मर्व पगबाधा जम्पा, आर्यन दत्त पगबाधा जम्पा 01, पॉल वैन मीकेरेन स्टं. इंग्लिश बो जम्पा 00, **अतिरिक्त:** (वाइड: 07) 07 रन, **कुल योग:** (21 ओवर मे सभी आउट) 90 रन **विकेट पतन** :1-28, 2-37, 3-47, 4-53, 5-62, 6-84, 7-86, 8-86, 9-90 **गेंदबाजी:** स्टार्क 4-0-22-1, हेजलवुड 6-0-27-1 कमिंस 4-0-14-1 मार्श 4-0-19-2 जम्पा 3-0-8-4

## वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज बाबर से छह अंक पीछे गिल



**दुबई।** भारत के युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल आईसीसी वनडे बल्लेबाजो की रैंकिंग मे पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम से सिर्फ छह अंक पीछे है। 24 वर्ष के गिल न्यूजीलैड के खिलाफ विश्व कप मैच के दौरान 2000 वनडे रन सबसे तेजी से पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए। उनके 823 रेटिंग अंक हो गए है जबकि बाबर के रेटिंग अंक घटकर 829 रह गए है। डेंगू के कारण विश्व कप मे पहले दो मैच नही खेल सके गिल ने तीन मैचो मे 95 रन बनाए है जिसमे बांग्लादेश के खिलाफ पुणे मे बनाए गए 53 रन शामिल है। विश्व कप मे अब तक सर्वाधिक 354 रन बना चुके विराट कोहली तीन पायदान चढकर आस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर के साथ पांचवे स्थान पर है। वही पांच मैचो मे तीन शतक बना चुके दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटोन डिकॉक तीसरे स्थान पर है। गेंदबाजो मे भारत के मोहम्मद सिराज पांच मैचो मे छह विकेट लेकिर शीर्ष पर काबिज आस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड के करीब पहुंच गए है। दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज तीसरे स्थान पर है। अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी चार पायदान चढकर छठे और आस्ट्रेलिया के एडम जाम्पा चार पायदान ऊपर सातवे स्थान पर आ गए है।

## श्रीकांत और लक्ष्य फ्रेंच ओपन से बाहर

**रेनेस (फ्रांस)।** भारत के किदाम्बी श्रीकांत और लक्ष्य सेन फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरूष एकल वर्ग मे हारकर बाहर हो गए। श्रीकांत को फ्रांस के तोमा जूनियर पोपोव ने 44 मिनट मे 21 . 17, 21 . 15 से हराया। दुनिया के 25वें नंबर के खिलाड़ी पोपोव ने लगातार गलतियां कर रहे 22वी रैंकिंग वाले श्रीकांत को आसानी से हराया। लक्ष्य को अर्नाड मरकेल ने 21 . 15, 21 . 18 से मात दी। पिछली बार जूनियर स्तर पर दोनो का सामना 2016 मे हुआ था जिसमे लक्ष्य विजई रहे थे। इससे पहले ए दोनो पिछले सप्ताह डेनमार्क ओपन से भी शुरूआती दौर मे बाहर हो गए थे।

## मोहन बागान सुपर जाइंट्स को बसुंधरा किंग्स ने ड्रॉ पर रोका

**भुवनेश्वर।** मोहन बागान सुपर जाइंट्स को एएफसी कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप डी मैच मे दो बार बढ़त बनाने के बावजूद बांग्लादेश के बसुंधरा किंग्स ने 2-2 से बराबरी पर रोक दिया। अपने पिछले दो मैच जीतने वाले मोहन बागान ने अंक तालिका में शीर्ष पर तीन अंक की बढ़त बना रखी है। बसुंधरा की टीम ओडिशा एफसी से एक अंक आगे दूसरे स्थान है। मंगलवार को ही एक अन्य मैच मे ओडिशा एफसी ने माजिया को 6-1 से हराया। मोहन बागान ने बांग्लादेश की टीम पर लगातार दबाव बनाए रखा और कोलकाता की टीम को इसका फायदा 29वें मिनट मे मिला जब ह्यूगो बोमोस और जेसन कमिंग्स के मूव पर दिमित्री पेट्राटोस ने गोल दाग दिया। बसुंधरा ने हालांकि 33वें मिनट मे डोरी के गोल से बराबरी हासिल कर ली। एक मिनट बाद बोमोस को गोल करने का मौका मिला लेकिन उनका शॉट क्रॉस बार से टकरा गया। मध्यांतर तक स्कोर।-। था। दूसरे हाफ मे डोरी का शॉट भी क्रॉस बार से टकराया। मोहन बागान ने 54वें मिनट में आशीष राय के गोल से दोबारा बढ़त बनाई लेकिन रोबिन्हो ने पेनल्टी किक पर गोल दागकर स्कोर 2-2 कर दिया। ए दोनो टीम सात नवंबर को फिर आमने सामने होंगी जब ढाका के बसुंधरा किंग्स एरेना मे बांग्लादेश की टीम मोहन बागान की मेजबानी करेगी।

## आर्सेनल ने चैंपियन्स लीग में सेविला को हराया

**सेविले।** गैब्रिएल जीसस ने एक गोल करने मे अलावा एक गोल करने मे मदद भी की जिससे आर्सेनल ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट मे सेविला को 2-1 से हरा दिया। ब्राजील के स्ट्राइकर गैब्रिएल को हालांकि 81वें मिनट मे पैर की मांसपेशियो मे चोट के कारण बाहर जाना पड़ा। गैब्रिएल ने यूरोप की इस शीर्ष क्लब प्रतियोगिता मे हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया है। वह इस क्लब प्रतियोगिता मे 41 मैच मे 23 गोल दाग चुके है। गैब्रिएल के पास पर गैब्रिएल मार्टिनेली ने पहले हाफ के इंजरी टाइम मे गोल दागकर आर्सेनल को बढ़त दिलाई। ब्राजील के इस स्ट्राइकर ने इसके बाद 53वें मिनट मे अकेले दम पर गोल करके आर्सेनल की बढ़त को दोगुना कर दिया। सेविला ने इवान रेकिटिक के कॉर्नर पर नेमांजा गुदेल्ज के हेडर से किए गोल से स्कोर।-2 किया लेकिन यह हार से बचने के लिए नाकाफी था। आर्सेनल इस जीत से ग्रुप बी मे शीर्ष पर पहुंच गया है। उसे पिछले मैच मे लेन्स के खिलाफ उसकी सरजमी पर हार का सामना करना पड़ा था। लेन्स उससे एक अंक पीछे दूसरे स्थान पर है। लेन्स ने एक अन्य मैच मे पीएसवी आइंडहोवेन से।-। से ड्रॉ खेला।

## अरुण जेटली स्टेडियम में दी गई बेदी को श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान और बाएं हाथ के सर्वश्रेष्ठ स्पिनरो मे शामिल रहे बिशन सिंह बेदी को बुधवार को यहां ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैड के बीच आईसीसी विश्व कप मैच से पहले मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। बेदी का सोमवार को लंबी बीमारी के बाद यहां घर पर निधन हो गया था। वह 77 वर्ष के थे। अमृतसर मे 1946 मे जन्मे बेदी ने भारत की तरफ से 67 टेस्ट मैच मे 266 विकेट लिए। वह भारतीय स्पिन चौकड़ी के सदस्य थे, जिसमे उनके अलावा इरापल्ली प्रसन्ना, भागवत चंद्रशेखर और श्रीनिवास वेंकटराघवन शामिल थे। बेदी ने 15 साल की उम्र मे उत्तरी पंजाब की तरफ से 1961-62 मे रणजी ट्रॉफी मे पदार्पण किया और बाद मे वह लंबे समय तक दिल्ली की तरफ खेले। उनकी मौजूदगी से दिल्ली रणजी ट्रॉफी मे मजबूत टीम बन कर उभरी थी। ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैड के मैच मे टॉस के बाद दोनो टीमें जब राष्ट्रगान के लिए इकट्ठा हुई तो दोनो टीमो के खिलाड़ियो के साथ बेदी के घरेलू मैदान मे मौजूद दर्शको ने उनके सम्मान मे दो मिनट का मौन रखा। इस मैदान मे बेदी के नाम पर स्टैंड भी है। इससे पहले मंगलवार को यहां के लोधी शवदाह गृह मे उनका अंतिम संस्कार हुआ था। इसमे कपिल देव, वीरेंद्र सहवाग, मदन लाल, कीर्ति आजाद, और अजय जडेजा सहित क्रिकेट जगत की कई हस्तियां मौजूद थी।

## मुंबई के पूर्व दिग्गज अमोल मजूमदार भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच बने

**नई दिल्ली।** मुंबई के पूर्व कप्तान और घरेलू क्रिकेट के धुरंधर अमोल मजूमदार को बुधवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम का मुख्य कोच चुना गया। क्रिकेट सलाहकार समिति के सदस्यो सुलक्षणा नाईक, अशोक मलहोत्रा और जतिन परांजपे ने कई उम्मीदवारो के साक्षात्कार लिए थे। मजूमदार का चुना जाना तय माना जा रहा था लेकिन इसकी घोषणा मे लंबा समय लगा। बीसीसीआई ने एक विज्ञप्ति मे कहा , लंबी बातचीत के बाद तीन सदस्ईय समिति ने सर्वसम्मति से अमोल मजमूदार का चयन किया है। रमेश पवार के राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी मे स्पिन गेंदबाजी सलाहकार के तौर पर जाने के बाद से रिषिकेश कानिटकर अस्थाई तौर पर यह जिम्मेदारी संभाल रहे थे। मजमूदार ने विज्ञप्ति मे कहा , भारतीय महिला क्रिकेट टीम का कोच बनाए जाने से मै गौरवान्वित हूं। मै सीएसी और बीसीसीआई को मुझ पर भरोसा जताने के लिए धन्यवाद देता हूं। यह बड़ी जिम्मेदारी है और मै इन प्रतिभाशाली खिलाड़ियो के साथ मिलकर अच्छे प्रदर्शन के लिए तैयारी मे उनकी मदद करूंगा। कानिकटकर अब एनसीए लौटकर पुरूष ए टीम या अंडर 19 टीम के साथ जुड़ सकते है। मजूमदार ने प्रथम श्रेणी मे 30 शतक समेत 11000 से अधिक रन बनाए है। उन्होंने 100 लिस्ट ए मैच और 14 टी20 मैच भी खेले है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि आधुनिक क्रिकेट की जानकारी होने से मजमूदार को इस पद के लिए तरजीह मिली।

## इंग्लैंड को ईंट का उत्तर पत्थर से देना होगा : एंजेलो मैथ्यूज

**बेंगलुरू।** अनुभवी हरफनमौला एंजेलो मैथ्यूज ने मंगलवार को कहा कि श्रीलंका टीम को इंग्लैड के आक्रामक प्रदर्शन के लिए तैयार रहते हुए ईंट का जवाब पत्थर से देना होगा।

श्रीलंका और गत चैम्पियन इंग्लैंड बृहस्पतिवार को विश्पव कप के मैच में आमने सामने होगे और दोनों टीमों के लिए यह करो या मरो का मुकाबला होगा।

मैथ्यूज ने कहा , हमें इंग्लैंड जैसी मजबूत टीम को हराने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। अपनी क्षमता के अनुरूप अभी तक नहीं खेल पाने के बावजूद वह बहुत खतरनाक टीम है।

उन्होंने कहा , यह अच्छा विकेट है और आउटफील्ड छोटी है। हमें ईंट का जवाब पत्थर से देने के लिए तैयार रहना होगा क्योकि वे आक्रामक खेल दिखाएंगे लेकिन हम इस चुनौती के लिए तैयार हैं। मैथ्यूज को पहले श्रीलंका की 15 सदस्ईय टीम में शामिल नहीं किया गया था लेकिन वह रिजर्व के तौर पर आए। इसके बाद मतीषा पथिराना की चोट के कारण उन्हें टीम में लिया गया।

# विश्वकप के कुछ और मुकाबलों से बाहर हो सकते हैं पंड्या

भाषा। नई दिल्ली



**स्टार** ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या भारत के अगले दो विश्व कप मुकाबलों से भी बाहर रह सकते हैं क्योंकि वह टखने की चोट से उबर नहीं पाए हैं जिसके कारण पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे।

पुणे में 19 अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ अपनी ही गेंद पर क्षेत्ररक्षण करते हुए पंड्या के टखने में चोट लगी थी और वह 22 अक्टूबर को धर्मशाला में न्यूजीलैंड के खिलाफ नहीं खेल पाए थे।

बड़ौदा का यह खिलाड़ी चोट से उबरने के लिए सोमवार को राट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) चला गया था। एनसीए के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, हार्दिक का उपचार चल रहा है। उसके बाएं टखने की सूजन काफी कम हुई है लेकिन वह सप्ताहांत ही गेंदबाजी की शुरुआत करेगा। इस समय उन्हें उबरने का समय देना महत्वपूर्ण है।

भारत अब तक अपने पांचों मैच जीतकर सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए काफी मजबूत स्थिति में है इसलिए पंड्या को अगले दो मैच के लिए आराम दिया जा सकता है जिससे उन्हें नॉकआउट से पहले पूरी तरह से उबरने का मौका मिलेगा।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, पंड्या को गंभीर मोच आई है लेकिन सौभाग्य से फ्रेक्चर नहीं हुआ है। बीसीसीआई की मेडिकल टीम अधिकतम एहतियात बरतना चाहती है। उनके अगले दो से तीन मैच से बाहर रहने की संभावना है। टीम चाहती है कि वह नॉकआउट चरण के लिए पूरी तरह फिट हों।

पंड्या का गुरुवार को फिटनेस परीक्षण हो सकता है और बीसीसीआई की मेडिकल टीम इसी के आधार पर उनकी वापसी की तारीख तय करेगी। इस दौरान उनकी गेंदबाजी पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और देखा जाएगा कि पूरा जोर लगाकर गेंदबाजी करते हुए बाएं पैर के टखने को लेकर वह असहज तो नहीं हैं। भारत को अपना अगला मुकाबला गत चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ 29 अक्टूबर को लखनऊ में और दो नवंबर को मुंबई में श्रीलंका से खेलना है। पंड्या की अनुपस्थिति ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतिम एकादश में सूर्यकुमार यादव और मोहम्मद शमी को जगह मिली थी।

शमी ने टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट चटकाए थे लेकिन लखनऊकी पिच से धीमे गेंदबाजों को मदद मिलने की संभावना है और ऐसे में इस मैच के लिए रविचंद्रन अश्विन को एकादश में जगह मिल सकती है।

अगर ऐसा होता है तो बल्लेबाजी भी मजबूत होगी क्योंकि अश्विन आठवें नंबर पर खेलेंगे।

## भारतीय पुरुष स्कीट टीम ने एशियाई चैम्पियनशिप में स्वर्ण जीता

**नई दिल्ली।** भारत के अनंत जीत सिंह नरूका, गुरजोज खांगुरा और अंगद वीर सिंह बाजवा ने दक्षिण कोरिया के चांगवोन में चल रही एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप में पुरुषों के स्कीट टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय तिकड़ी ने 358 अंक बनाकर कोरिया को एक अंक से हराया जबकि कजाखस्तान तीसरे स्थान पर रहा। नरूका और खांगुरा व्यक्तिगत फाइनल में भी पहुंचे लेकिन चौथे और छठे स्थान पर रहकर पदक और पेरिस ओलंपिक का कोटा नहीं जीत सके। सरबजोत सिंह और सुरभि राव ने भी रजत पदक जीता। उन्होंने क्वालीफिकेशन में 581 स्कोर किया और तीसरे स्थान पर रहे। फाइनल में उनका सामना चीन की लि शुइ और लियू जिनयाओ से था जिसमें चीनी जोड़ी ने 16 . 4 से बाजी मारी।

## ऑस्ट्रेलिया ने तोड़े कई रिकार्ड

**नई दिल्ली।** नीदरलैंड को विश्व कप मैच में रिकॉर्ड 309 रन से हराने वाली आस्ट्रेलियाई टीम ने कई रिकॉर्ड तोड़े जिनमें ग्लेन मैक्सवेल ने टूर्नामेंट का सबसे तेज शतक जड़ा।आस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 399 रन बनाए। जवाब में डच टीम 21वें ओवर में 90 रन पर आउट हो गई। इनमें से कुछ नए रिकॉर्ड इस प्रकार है।

1. यह विश्व कप में रनों के अंतर से सबसे बड़ी और वनडे क्रिकेट के इतिहास में दूसरी सबसे बड़ी जीत है। यह आस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी जीत है।

2. ग्लेन मैक्सवेल विश्व कप के इतिहास में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए जिन्होंने सिर्फ 40 गेंद में तिहरा अंक छुआ। वनडे में किसी आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज का यह सबसे तेज शतक है।

3. मैक्सवेल ने पैट कमिंस के साथ सातवें विकेट के लिए 107 रन जोड़े जो विश्व कप में इस विकेट या इससे नीचे किसी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है।

4 . दोनों ने 14 . 37 की रनरेट से रन बनाए जो विश्व कप में किसी शतकीय साझेदारी के लिए आस्ट्रेलिया का सर्वोच्च रनरेट है।

5. मार्क वॉ (1996), रिकी पोंटिंग (2003) और मैथ्यू हेडन (2007) के बाद डेविड वॉर्नर विश्व कप में लगातार दो शतक जमाने वाले आस्ट्रेलिया के चौथे बल्लेबाज बन गए।

6. वॉर्नर ने आस्ट्रेलिया के लिए सर्वाधिक छह विश्व कप शतक जमा लिए हैं। उन्होंने रिकी पोंटिंग (पांच) को पछाड़ा और सचिन तेंदुलकर की बराबरी की।

7. भारत में विश्व कप के मैच में यह आस्ट्रेलिया का सर्वोच्च स्कोर है और विश्व कप में दूसरा सर्वोच्च स्कोर है।

## पैरालम्पिक चैम्पियन सुमित अंतिल ने अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ स्वर्ण जीता

भाषा। हांगझोउ

**गत** पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने बुधवार को यहां हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में भाला फेंक की एफ64 स्पर्धा में 73.29 मीटर का नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता जबकि भारत ने खेलों के तीसरे दिन 30 पदक अपनी झोली में डाले।

भारत के अब 64 पदक हो गए हैं जिनमें 15 स्वर्ण, 20 रजत और 29 कांस्य हैं। भारतीय दल अब छठे स्थान पर है जबकि चीन 300 पदक (118 स्वर्ण, 96 रजत और 86 कांस्य) लेकर शीर्ष पर है। ईरान दूसरे, जापान तीसरे, थाईलैंड चौथे और कजाखस्तान पांचवें स्थान पर है।

भारत को आज मिले 30 पदकों में से 17 और सभी छह स्वर्ण एथलेटिक्स से आए हैं। पच्चीस साल के सुमित ने 73.29 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने 70 .83 मीटर के अपने ही विश्व रिकॉर्ड में सुधार किया जो उन्होंने इस साल पेरिस में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान बनाया था। एक अन्य भारतीय पुष्पेंद्र सिंह ने इसी स्पर्धा में 60.06 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। श्रीलंका के समिता अराचचिगे कोडिथुवाकु (64.09) को रजत पदक मिला।

## मेरा लक्ष्य हमेशा बेहतर होना: कोहली

भाषा। चेन्नई



**मौजूदा** विश्व कप में अच्छी फॉर्म में चल रहे भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का कहना है कि उनका लक्ष्य हमेशा बेहतर होना रहा है, उत्कृष्टता के पीछे भागना नहीं।

कोहली अभी टूर्नामेंट में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने पांच मैच में 118.00 की औसत से 354 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं।

कोहली ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, मैंने हमेशा इस पर काम किया है कि मैं हर दिन, हर अभ्यास सत्र, हर साल और हर सत्र में खुद को कैसे बेहतर बना सकता हूं। इसी ने मुझे इतने लंबे समय तक खेलने और प्रदर्शन करने में मदद की है।

उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि इस मानसिकता के बिना लगातार अच्छा प्रदर्शन करना संभव है क्योंकि अगर प्रदर्शन ही आपका लक्ष्य है तो कोई भी कुछ समय बाद संतुष्ट हो सकता है और अपने खेल पर काम करना बंद कर सकता है।

कोहली ने कहा, मेरा लक्ष्य हमेशा बेहतर होना रहा है, ना कि उत्कृष्टता का पीछा करना क्योंकि ईमानदारी से कहूं तो मैं नहीं जानता कि उत्कृष्टता की परिभाषा क्या है। इसकी कोई सीमा नहीं है, न ही कोई निर्धारित मानक है कि जब आप यहां पहुंचेंगे तो आप उत्कृष्टता हासिल कर लेंगे।

कोहली मौजूदा विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक से 53 रन पीछे दूसरे स्थान पर हैं। कोहली ने बांग्लादेश के खिलाफ शतक जड़ा था और वह एकदिवसीय क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर के सर्वाधिक शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ने से दो शतक पीछे हैं।

## विश्वकप में आक्रामकता की कमी इंग्लैंड को भारी पड़ रही: मोईन



**बेंगलुरु।** पिछले कुछ वर्षों में सफेद गेंद के प्रारूप में इंग्लैंड की सफलता पूरी तरह से आक्रामकता पर आधारित थी और ऑलराउंडर मोईन अली ने मंगलवार को स्वीकार किया कि गत चैंपियन टीम मौजूदा विश्व कप में उस तरह का क्रिकेट खेलने में नाकाम रही है। इंग्लैंड मौजूदा टूर्नामेंट में चार में से तीन मैच हार चुका है और सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखने के लिए उसे आगामी मुकाबले जीतने होंगे। मोईन ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हम 2015 से आक्रामक क्रिकेट खेल रहे हैं और हमने ऐसा काफी अच्छी तरह किया है। मुझे लगता है कि क्रिकेट खेलने के उस तरीके की कमी के कारण हमें इस टूर्नामेंट में थोड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हमें उस तरह से खेलने की ज़रूरत है लेकिन गेंद को ताबड़तोड़ मारने की जरूरत नहीं है। हमें उस तरह की आक्रामक टीम बनना होगा जो हमें पता है हम बन सकते हैं।

हालांकि मोईन ने स्वीकार किया कि हमेशा उस तरह का क्रिकेट खेलना आसान नहीं होता है क्योंकि इसके लिए निरंतर आक्रामकता की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा, यह हमेशा इतना आसान नहीं होता है। हां, ज्यादातर समय आप चाहते हैं कि खिलाड़ी तेजी से रन बनाए और लंबे समय तक रन बनाए, इससे बाकी लोगों के लिए चीजें आसान हो जाती हैं लेकिन यह हमेशा इस तरह काम नहीं करता है। इस 36 वर्षीय खिलाड़ी को उम्मीद है कि जॉनी बेयरस्टो और डेविड मलान की सलामी जोड़ी और तीसरे नंबर का बल्लेबाज जल्द ही अच्छा प्रदर्शन करेगा जिससे कि मध्य क्रम के खिलाड़ी इसका फायदा उठा सकें। जैसा कुछ दक्षिण अफ्रीका यहां कर रहा है।

# दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजी कोच डुमिनी ने कहा, लय से आत्मविश्वास मिलता है

भाषा। मुंबई



**दक्षिण** अफ्रीका के बल्लेबाजी कोच और पूर्व क्रिकेटर जेपी डुमिनी ने कहा कि उनकी टीम पिछले कुछ दिनों में हासिल की गई लय को चेन्नई में पाकिस्तान के खिलाफ अगले विश्व कप मुकाबले में जारी रखने का प्रयास करेगी।

धर्मशाला में नीदरलैंड के खिलाफ हार के साथ उलटफेर का शिकार होने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने लगातार दो मैच में 350 रन से अधिक का स्कोर खड़ा करते हुए गत चैंपियन इंग्लैंड और बांग्लादेश को हराया।

डुमिनी ने मंगलवार को यहां बांग्लादेश पर 149 रन की जीत के बाद संवाददाताओं से कहा, हम निश्चित रूप से इससे आत्मविश्वास हासिल करेंगे। हम बात करते हैं कि लय से आत्मविश्वास मिलता है। आप लगातार मुकाबलों में जीत के बारे में सोचते हैं और मुझे लगता है कि हम पिछले दो मैच में जिस तरह से खेले उससे हम निश्चित रूप से काफी आत्मविश्वास हासिल करेंगे।

दक्षिण अफ्रीका का नेट रन रेट भारत से बेहतर है और वह शुक्रवार को यहां पाकिस्तान को हराकर मेजबान टीम को पछाड़कर अंक तालिका में शीर्ष पर आने की कोशिश करेगा। डुमिनी ने कहा, पाकिस्तान के खिलाफ बड़े मैच में हम निश्चित रूप से जीत का आनंद लेना चाहते हैं। ऐसे क्षेत्र हैं जहां हम सुधार कर सकते हैं, हमेशा ऐसे क्षेत्र होते हैं जिन पर आप ध्यान केंद्रित कर सकते हैं और देख सकते हैं कि हम कैसे बेहतर हो सकते हैं। पाकिस्तान के खिलाफ अगला मैच जाहिर तौर पर हमारे लिए महत्वपूर्ण है। हालांकि दक्षिण अफ्रीका की लक्ष्य का पीछा करते समय दबाव झेलने की क्षमता पर बड़ा सवाल बना हुआ है क्योंकि उन्होंने अपनी प्रत्एक जीत पहले बल्लेबाजी करते हुए बड़ा स्कोर बनाकर दर्ज की है। डुमिनी का मानना है कि उनकी टीम तैयार होगी क्योंकि उनका मंत्र परिस्थितियों को अच्छी तरह से समझना है। डुमिनी ने कागिसो रबादा की मौजूदगी का हवाला देते हुए इस धारणा को खारिज कर दिया कि दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजी क्रम में अनुभव की कमी है। उन्होंने कहा, हमें सीखने के जो मौके मिल रहे हैं उसे लेकर मैं उत्साहित हूं। जितना हम अनुभवहीनता के बारे में बात करते हैं, रबादा काफी समय से खेल रहा है और वह अनुभव लेकर आता है। और उन्होंने निश्चित रूप से इस विश्व कप में आक्रामकता और सटीकता दिखाई है, जो शानदार है।

डुमिनी ने कहा, लोगों ने उसका समर्थन किया है, मार्को यानसेन युवा है, उसके पास जो नियंत्रण है वह रोमांचक है। वह नई गेंद को स्विंग करता है जिससे हम काफी उत्साहित हैं। क्विंटन डिकॉक मौजूदा विश्व कप के पांच मैचों में तीन शतक लगा चुके हैं लेकिन कोच डुमिनी को गर्व है कि प्रतियोगिता के बाद विश्व कप से संन्यास लेने वाले इस विकेटकीपर बल्लेबाज में टीम के लिए बड़ी पारियां खेलने की भूख है।

## डिकॉक को स्वच्छंद होकर खेलने देने चाहिए: मार्कराम



**मुंबई।** दक्षिण अफ्रीका के कार्यवाहक कप्तान ऐडन मार्कराम का मानना है कि जल्द संन्यास लेने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक स्वच्छंद होकर खेलने वाले व्यक्ति हैं और उन्हें ऐसा करने की स्वीकृति दी जानी जाहिए। बाएं हाथ के बल्लेबाज डिकॉड ने बांग्लादेश के खिलाफ मंगलवार को यहां 140 गेंद में 174 रन बनाए जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम पांच विकेट पर 382 रन बनाने में सफल रही। डिकॉक का पांच पारियों में यह तीसरा शतक है। उनकी पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने बांग्लादेश के खिलाफ 149 रन से जीत दर्ज की। डिकॉक के शतक के अलावा हेनरिक क्लासेन (49 गेंद में 90 रन) और मार्कराम (69 गेंद में 60 रन) ने अर्धशतक भी जड़े जिससे दक्षिण अफ्रीका अंतिम 10 ओवर में 144 रन बनाने में सफल रहा। मार्कराम ने मैच के बाद कहा, हम सभी जानते हैं कि क्विंटन एक स्वतंत्र विचारों वाला व्यक्ति है लेकिन वास्तव में उसके पास एक शानदार क्रिकेट दिमाग है। विश्व कप के बाद एकदिवसीय प्रारूप से संन्यास की घोषणा करने वाले डिकॉक 407 रन के साथ विराट कोहली (354) को पीछे छोड़ते हुए टूर्नामेंट में शीर्ष स्कोरर बन गए हैं। मार्कराम ने कहा, और फिर आप कभी भी उसके पर नहीं काटना चाहते। आप बस उसे उड़ने देना चाहते हैं। वह इसे उसी तरह से तैयार करता है जिस तरह से उसे इसकी आवश्यकता महसूस होती है और हम एक इकाई के रूप में उसका पूरी तरह से समर्थन करते हैं। डिकॉक की जमकर प्रशंसा करते हुए हुए मार्कराम ने कहा, वह परिस्थितियों का बहुत अच्छे से आकलन करत है और हमारे बल्लेबाजी के लिए उतरने से पहले ही हमें इसकी जानकारी दे देता है। इससे काफी फायदा होता है। नीदरलैंड के खिलाफ हार को छोड़ दिया जाए तो दक्षिण अफ्रीका का अब तक का अभियान शायद भारत और यहां तक कि न्यूजीलैंड जितना ही प्रभावशाली रहा है। टीम ने हालांकि अभी टूर्नामेंट की इन दो सबसे मजबूत टीम का सामना करना है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।
पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।